CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 14°C

नई दिल्ली, बुधवार 25 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 351 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 5 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


अब देश का पसंदीदा निवेश स्थल बना यूपी: योगी
पेज 2


शांत रहने से आपको साफ नजरिया मिलता है: गिल
खेल टाइम्स


शिक्षा का बजट घटाया, तो पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी
सम्पादकीय


तेल अवीव पर ईरानी मिसाइलों की बारिश
पेज 12

## देश में पहली बार इच्छामृत्यु: एम्स में हरीश राणा की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के हरीश राणा का मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। हरीश राणा ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की अनुमति मिली थी। 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद दिल्ली के एम्स में हरीश राणा का निधन हो गया।

हरीश राणा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल (आईआरसीएच) में भर्ती थे। उन्हें उपशामक देखभाल वार्ड में रखा गया था। वे पिछले एक सप्ताह से बिना खाना और पानी के जीवित थे। यह प्रक्रिया छह दिनों से चल रही थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एम्स ने डाक्टरों की एक कमेटी गठित की और उसे 14 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। बता दें कि, डाक्टर के अनुसार हरीश राणा के शरीर से पोषण देने वाली ट्यूब निकाली नहीं गई थी, बल्कि उस पर कैप लगा दिया गया था। इसी तरह पानी देने वाली ट्यूब को भी कैप लगाकर बंद कर दिया गया था। इस तरह से हरीश राणा को इच्छामृत्यु देने की प्रक्रिया आगे बढ़नी शुरू हुई थी। वहीं इससे पहले हरीश राणा के माता-पिता की ओर से उनके अंगदान का निर्णय लेने के बाद डाक्टरों ने उनकी जांच की। हरीश राणा की मृत्यु के बाद उनके अंगों से दूसरे लोगों को भी जीवन मिल सकेगा। बता दें कि हरीश राणा पिछले 13 साल से बिस्तर पर पड़े होकर जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे थे। साथ ही पूरी प्रक्रिया के बारे में निर्देश दिए थे। एम्स के डाक्टर पूरी प्रक्रिया को दर्द रहित और सामान्य बनाने पर काम कर रहे थे। इच्छामृत्यु की दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद हरीश राणा से मिलने की अनुमति बंद कर दी गई थी।



- **13 साल से कोमा में थे हरीश**
- **वे पिछले एक सप्ताह से बिना खाना और पानी के सांसें ले रहे थे**

## हिंसा और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए ईसीआई का मास्टर प्लान

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को 'अंतर-राज्यीय सीमा बैठक' आयोजित की। इसका उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों और विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में होने वाले उपचुनावों से पहले, समन्वय बढ़ाना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और फेयर चुनाव सुनिश्चित करना है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डा. एसएस संधू और डा. विवेक जोशी के साथ 5 चुनावी राज्यों और उनके 12 पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों, मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) के साथ- साथ प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की।

- **सीमाओं को सील करने और सघन जांच के आदेश**

## संक्षिप्त समाचार

### यूको बैंक के दो अधिकारियों सहित चार को पांच साल की सजा

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद की एक विशेष केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में यूको बैंक के अधिकारियों सहित चार व्यक्तियों को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा के साथ ही उन पर कुल 1.33 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने पहले मामले में गांधीनगर के चिलोडा शाखा के यूको बैंक के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक मेदम भगवती प्रसाद और तत्कालीन सहायक प्रबंधक भास्कर रमेशचंद्र सोनी के साथ साबरकांठा के हेवन फाइव एंटरप्राइज के प्रोपराइटर जयेंद्र सिंह दह्याजी मकवाना को बैंक धोखाधड़ी के मामले में पांच साल के सश्रम कारावास और कुल 1.33 करोड़ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

### आई एंड पैक रेड मामले में सुप्रीम कोर्ट का दखल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में आई-पैक के ऑफिस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने मंगलवार को ममता बनर्जी की बंगाल सरकार से पूछा कि अगर केंद्र में आपकी सरकार होती और कोई राज्य ऐसी कार्रवाई करता, तो आपका रुख क्या होता। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने पूछा कि क्या ड्यूटी पर मौजूद ईडी अधिकारी अपने अधिकार खो देते हैं। कोर्ट ने बताया कि ईडी के कुछ अधिकारियों ने निजी तौर पर भी याचिका दायर की है। राज्य की ओर से सीनीयर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि ईडी के पास अन्य कानूनी विकल्प हैं, इसलिए वह आटिकल 32 के तहत याचिका नहीं दे सकती।

### रेलवे ने टिकट कैंसिल करने के बदले नियम

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी हैं। रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन और बोर्डिंग प्वाइंट बदलने के नियमों में बदलाव किया है। रेलवे के नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई यात्री अपनी कन्फर्म टिकट को यात्रा से 72 घंटे पहले कैंसिल करता है, तो उसे लगभग पूरा पैसा वापस मिल जाएगा। इस दौरान केवल एक तय फ्लैट कैंसिलेशन चार्ज ही काटा जाएगा। जबकि बाकी राशि रिफंड कर दी जाएगी। इससे समय पर टिकट कैंसिल करने वालों को राहत मिलेगी। अगर टिकट 72 घंटे से लेकर 24 घंटे के बीच कैंसिल की जाती है, तो रेलवे किराए का 25 प्रतिशत हिस्सा काटेगा और बाकी पैसा लौटाएगा।

### एक साल में निपटाएं आतंकवाद विरोधी केस: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** आतंकवाद विरोधी मामलों में सख्ती दिखाते हुए सप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र समेत 17 राज्यों से कहा कि वे विशेष एनआईए अदालतों के माध्यम से यूएपीए यानी आतंकवाद विरोधी मामलों के मुकदमों को एक साल के अंदर निपटाने का प्रयास करें।

## ईसाई या इस्लाम अपनाने पर खत्म होगा एससी का दर्जा: सुप्रीम कोर्ट

### केवल हिंदू, बौद्ध व सिख को ही अनुसूचित जाति का मिलेगा दर्जा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है, तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा।

जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी संरक्षण का दावा नहीं कर सकता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले के खिलाफ लगाई गई चिंथाडा की याचिका पर सुनाया गया। धर्म परिवर्तन के बाद पादरी बने चिंथाडा आनंद ने याचिका लगाई थी कि उन्हें अक्काला रामिरेड्डी समेत कुछ लोगों से जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। 1985 के सूसाई बनाम भारत सरकार से जुड़े एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपनाने के बाद दोबारा हिंदू धर्म में लौटता है, तो उसे एससी दर्जा प्राप्त करने के लिए विश्वसनीय प्रमाण और समुदाय की स्वीकृति की जरूरत होगी। केवल लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने को सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के साथ धोखा करार दिया। यह मामला विशाखापट्टनम जिले के अनाकापल्ली का है, जहां मूल रूप से एससी (माला समुदाय) के चिंथाडा ने ईसाई धर्म अपना लिया और पादरी बन गया।

- **दोबारा हिंदू धर्म में लौटने पर एससी का दर्जा प्राप्त करने को विश्वसनीय प्रमाण और समुदाय की स्वीकृति की जरूरत होगी**



### महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार: शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन (पीसी) नहीं मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद सिस्टमिक भेदभाद के कारण महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन से वंचित किया गया। महिलाओं को परमानेंट कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था। पूरा मामला एसएससी के तहत नियुक्त महिला अफसरों की याचिकाओं से जुड़ा था, जिन्होंने पीसी देने की मांग की थी। एसएससी के तहत नियुक्त अफसर का कार्यकाल 10 साल का होता है, जिसे 4 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

## ईरान से जंग जारी रही, तो गंभीर नतीजे होंगे: पीएम मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में कहा कि अमेरिका-इजरायल की ईरान से जंग जारी रही, तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं।

ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष व्यवस्था करे। ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव होते हैं। जहां से शिकायतें आती हैं, वहां कार्रवाई कीजिए। संकट कितना भी बड़ा है, भारत की तेज ग्रोथ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है।



- **आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा**
- **हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा**

### पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री ने ट्रम्प से की बात, होर्मुज पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत और अमेरिका के बीच उच्च स्तर पर अहम बातचीत हुई है। पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से फोन पर बात कर क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की जरूरत पर दोनों नेताओं ने गंभीरता से विचार किया, क्योंकि यह वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। अमेरिकी राजदूत की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच हुई बातचीत में पश्चिम एशिया के हालात और समुद्री सुरक्षा पर फोकस रहा। दोनों नेताओं ने माना कि होर्मुज स्ट्रेट का खुला रहना जरूरी है ताकि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब इजरायल-ईरान तनाव के कारण क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ रही है।

## लोकसभा में ट्रांसजेंडर बिल पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकार और सुरक्षा से जुड़े कानून में संशोधन करने वाला बिल पास कर दिया है। इस बिल के जरिये ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सुरक्षा और उनके अधिकारों को और मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है।

अब इस कानून के तहत उनकी पहचान, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों की बेहतर रक्षा होगी। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों ने बिल को लेकर चर्चा की, लेकिन अंत में यह पारित हो गया। सरकार का कहना है कि यह कदम ट्रांसजेंडर लोगों को समाज में समान अवसर और सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में सरकार की नीतियों और ट्रांसजेंडर बिल को लेकर अपनी राय रखी।भारत पहले खुद को विश्व नेता और शांति स्थापित करने वाला देश बताता था, लेकिन आज के हालात चाहे रूस-यूक्रेन जंग हों या अन्य वैश्विक मुद्दे, को देखते हुए हमें इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

- **अधिकारों की रक्षा होगी और सुरक्षा कानून में होगा संशोधन**

## लैंड फॉर जॉब केस: लालू यादव को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लालू प्रसाद यादव की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें लालू प्रसाद यादव ने दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की गई थी।

जस्टिस रविंदर डुडेजा ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। दाखिल याचिका में कहा गया था कि सीबीआई ने यह केस बिना जरूरी संेशन के दर्ज किया गया, जो कानूनी रूप से अवैध है। मामले की सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद यादव की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि सीबीआई ने 18 मई 2022 को एफआईआर दर्ज की, जबकि उस समय लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री के रूप में अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन कर रहे थे। यादव का मामला यह था कि सीबीआई एफआईआर दर्ज करने से पहले उनके खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट (पीसी एक्ट) की धारा 17-ए के तहत जरूरी प्रासिक्यूशन मंजूरी लेने में नाकाम रही थी।



- **दिल्ली हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से किया इन्कार**

## कश्मीरी अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को उम्रकैद

**श्रीनगर।** कश्मीर की अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा जांच किए गए आतंकी वित्तपोषण और साजिश के मामले में सजा सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत अंद्राबी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उन पर कई लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। यूएपीए की धारा 18 के तहत अंद्राबी को आजीवन कारावास और 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने की स्थिति में उन्हें एक साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। आईपीसी की धारा 120बी के तहत आपराधिक साजिश के लिए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें यूएपीए की धारा 38 और 39 के तहत जुर्माने के साथ-साथ 10-10 साल की साधारण कैद की सजा भी सुनाई गई। अदालत ने उन्हें आईपीसी की धारा 153ए और 505 के तहत जुर्माने और अतिरिक्त सजा के साथ-साथ पांच-पांच साल की सजा भी सुनाई। आईपीसी की धारा 121ए के तहत, उसे आजीवन कारावास और जुर्माना लगाया गया और जुर्माना न भरने पर अतिरिक्त अवधि की सजा सुनाई गई। सह-आरोपी सोफी फहमीदा और नाहिदा नसरीन को अमानवीय दंड संहिता (यूएपीए) की धारा 18 के तहत 30 वर्ष के साधारण कारावास और 5 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई। उन्हें आईपीसी की धारा 120बी के तहत भी 30 वर्ष की सजा दी गई। दोनों को यूएपीए की धारा 38 और 39 के तहत जुर्माने के साथ 10-10 वर्ष की सजा सुनाई गई। उन्हें आईपीसी की धारा 153ए, 153बी और 505 के तहत चार-चार वर्ष की सजा भी सुनाई गई।



- **सोफी फहमीदा और नाहिदा नसरीन को 30 साल की जेल**

## गैस लेकर दो भारतीय जहाज 26 व 27 मार्च को पहुंचेंगे भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों ने मंगलवार को दिल्ली में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी। शिपिंग मंत्रालय के स्पेशल सेक्रेटरी राजेश सिन्हा ने कहा कि दो भारतीय एलपीजी जहाज- पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं।

राजेश सिन्हा ने बताया कि पाइन गैस करीब 45,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 27 मार्च को न्यू मैंगलोर पोर्ट पहुंचेगा, जबकि जग वसंत लगभग 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 26 मार्च को कांडला पहुंचने वाला है। इन जहाजों के निकलने के बाद अब फारस की खाड़ी में 20 भारतीय जहाज हैं, जिन पर 540 भारतीय नाविक सवार हैं। वहीं पेट्रोलियम मंत्रालय की ज्वाइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने कहा कि जंग के कारण एलपीजी की सप्लाई प्रभावित जरूर हुई है, लेकिन किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर पर गैस खत्म होने की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कुछ पैनिक बुकिंग देखी गई, लेकिन डिलीवरी सामान्य रही। सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भी पर्याप्त है। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर मिल रहे हैं और पीएनजी की सप्लाई भी 100 फीसदी बनी हुई है। पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। सरकार ने लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने और पैनिक बुकिंग से बचने की सलाह दी। सरकार ने बताया कि जहां भी पीएनजी पाइपलाइन मौजूद हैं, वहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को 5 दिनों के भीतर स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों, कम्युनिटी किचन और आंगनवाड़ी किचन में कनेक्शन देने का निर्देश दिया गया है।




- **दोनों भारतीय एलपीजी जहाज- पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके: केंद्र सरकार**

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश में 26 से फिर बदलेगा मौसम बूंदाबांदी के आसार

**लखनऊ।** पिछले सप्ताह आंधी, ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को प्रभावित करने के बाद मौसम का मिजाज 26 मार्च से एक बार फिर तल्ख होने के आसार है। मौसम विभाग ने 26 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है, जबकि पूर्वी भाग में मौसम सामान्यत: शुष्क रहेगा। हालांकि 27 मार्च को दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं वर्षा और गरज-चमक की संभावना है। 28 मार्च को पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार है, वहीं 29 मार्च को: पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा या बौछारें पड़ने का अनुमान है, जबकि पूर्वी हिस्से में मौसम शुष्क रहेगा। 30 मार्च को पश्चिमी और पूर्वी दोनों क्षेत्रों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार 27 मार्च को प्रदेश के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र का निधन

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व एमएलसी महेंद्र यादव का सोमवार देर रात गोरखपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। महेंद्र यादव का राजनीतिक जीवन लंबा और सक्रिय रहा। उन्होंने देवरिया में भाजपा के जिलाध्यक्ष के रूप में वर्ष 2011 से 2017 तक संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा वे सदर ब्लॉक प्रमुख के पद पर भी लंबे समय तक रहे और बाद में एमएलसी के रूप में कार्य किया। उनके निधन की खबर मिलते ही जिले सहित राजनी. तिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई।

# गैस की किल्लत व महंगाई से ठप हुए छोटे कारोबार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रसोई गैस की गहराते संकट और बढ़ती कीमतों ने छोटे कारोबारियों और प्रवासी मजदूरों की कमर तोड़ दी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि पूर्वांचल के जिलों से आए कई मजदूर और ठेला-खोमचा संच. ालक अपने व्यवसाय बंद कर गांव लौटने को मजबूर हैं।

आजमगढ़, बस्ती, देवरिया, मऊ, बलिया, जौनपुर और कुशीनगर जैसे जिलों से आए लोगों का कहना है कि गैस की अनियमित आपूर्ति और ब्लैक में दोगुने दाम पर सिलेंडर मिलने से रोजी-रोटी चलाना मुश्किल हो गया है। हजरतगंज में बन-मक्खन चाय की दुकान चलाने वाले राकेश मौर्य बताते हैं कि कमाई घट रही है और गैस पर खर्च बढ़ता जा रहा है। इंदि.




■ मजदूर हो रहे पलायन को मजबूर

रानगर में फास्ट फूड का ठेला लगाने वाले बस्ती निवासी अरविंद मिश्रा कहते हैं कि 10 दिन से सिलेंडर नहीं मिला, जिससे काम पूरी तरह बंद हो गया है। रोजाना 500 रुपये तक कमाने वाले अरविंद अब किराया तक नहीं चुका पा रहे हैं और गांव लौटने का फैसला कर चुके हैं। निशातगंज में चाट बेचने वाले देवरिया निवासी राहुल वर्मा का कहना है कि गैस ब्लैक में बहुत महंगी मिल रही है। मजबूरी में उन्होंने इंडक्शन चूल्हा खरीदा, लेकिन उससे काम की रफ्तार धीमी हो गई है और ग्राहक इंतजार नहीं करते। गोमतीनगर में बलिया के मनोज सिंह ने बताया कि गैस दोगुने दाम पर मिल रही है, ऐसे में दुकान चलाना असंभव हो गया है। चौक क्षेत्र में कबाब-पराठा बेचने वाले कुशीनगर के मोहम्मद आरिफ के अनुसार गैस खत्म होने पर उन्होंने लकड़ी से खाना बनाने की कोशिश की, लेकिन मकान मालिक ने इसकी अनुमति नहीं दी, जिससे उनकी आमदनी पूरी तरह प्रभावित हो गई। संकट का असर केवल ठेला-खोमचा चलाने वालों तक सीमित नहीं है। ट्रांसपोर्ट नगर, टॉकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया और चिनहट जैसे इलाकों में दिहाड़ी मजदूर भी भारी संकट में हैं। कई मजदूर बैग और बिस्तर के साथ शहर छोड़ते नजर आ रहे हैं।

### गैस के कारण जीवन यापन मुश्किल हो गया

सरोजिनी नगर और अमौसी की छोटी इकाइयों में काम करने वाले मजदूरों का कहना है कि काम होने के बावजूद महंगी गैस के कारण जीवन यापन मुश्किल हो गया है। चिनहट में पैकेजिंग यूनिट में काम करने वाले उन्नाव के मनोज कुमार कहते हैं कि गैस उपलब्ध भी हो, तो इतनी महंगी है कि खरीद पाना संभव नहीं। एक होटल में काम कर रहे बहराइच के शंकर सोनी एक हफ्ते से सिलेंडर भरवाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन डीलर स्टॉक न होने की बात कह रहे हैं। बर्लिंगटन स्थित 'गुप्ता चाट कॉर्नर' के संचालकों ने बताया कि उनका सिलेंडर खत्म होने वाला है और दुकान बंद होने की कगार पर है। वहीं हुसैनगंज में बाटी-चोखा बेचने वाले एक परिवार ने दुकान बंद कर गांव लौटने का फैसला कर लिया है। लखनऊ में एलपीजी संकट ने छोटे व्यापारियों और मजदूरों के सामने गंभीर आजीविका संकट खड़ा कर दिया है।

# यूपी में लोकसभा सीटें बढ़ने का बैठक में उठाएंगे मुद्दा: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** मोदी सरकार इस सत्र में महिला आरक्षण कानून में संशोधन विधेयक ला सकती है और इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा तेज है। अगर केंद्र सरकार इस बिल को लाती है, तो उत्तर प्रदेश में भी लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। वहीं इसे लेकर अब समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भी बयान सामने आ गया है।

सपा चीफ अखिलेश यादव से पूछा गया कि सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमार नेता इस बैठक में महिला आरक्षण बिल को लेकर भी बात करेंगे, जो हमारा पहले स्टैंड था वही रहेगा कि पार्टी वाइज रिजर्वेशन हो और पार्टी को रिजर्वेशन का अधिकार दो हम उसके पक्ष में हैं। वहीं मिडिल ईस्ट जंग पर अखिलेश यादव ने कहा कि वार से सभी को नुकसान हो रहा है, भारत के पास एक मौका था भारत ने मौके को गंवा दिया है। उन्होंने कहा कि एक बार बिना प्रोटोकॉल पीएम पाकिस्तान गए थे आज फिर वो समय आ गया है। समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने भी इस पहल का स्वागत किया, लेकिन कहा कि आरक्षण कैसे लागू किया जाएगा, इस पर स्पष्टता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में महिलाओं के लिए आरक्षण हो, लेकिन इसे कैसे लागू किया जाएगा, आरक्षण के मानदंड क्या होंगे, यह सब देखने की जरूरत है।

### 2029 लोस चुनाव से पहले बदल जाएगा यूपी का सियासी नक्शा!

**सिर्फ 80 सीटों पर नहीं होंगे चुनाव, बढ़ेंगे 40 सांसद?**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का सियासी नक्शा 2029 के लोकसभा चुनाव के पहले बदल सकता है। महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद परिसीमन के आसार जताए जा रहे हैं, तो अब यूपी में कितनी लोकसभा सीटें होने के अनुसमान है? लोकसभा चुनाव 2029 से पहले देश में निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या बढ़ सकती है। केंद्र सरकार आगामी 2029 के लोकसभा चुनाव से महिला आरक्षण कानून यानी नारी वंदन अधिनियम लागू करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार इस प्रक्रिया के तहत लोकसभा की कुल सीटों को मौजूदा 543 से बढ़ाकर लगभग 816 करने की योजना पर भी काम चल रहा है।

# कौन सा कानून है, जो गंगा में खाना खाने को मना करता है: ओवैसी

**नई दिल्ली, वार्ता**

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने गंगा में इफ्तार पार्टी करने वाले युवकों का मसला उठाया। इस दौरान ओवैसी ने कहा कि ऐसा कौन सा कानून है, जो गंगा नदी में लोगों को खाना खाने से मना करता है, ऐसा कोई भी कानून नहीं है, बनारस वाले मामले में लोगों को जबरन फंसाया गया है, इस मुद्दे को भी लोगों ने राजनीतिक मुद्दा बना दिया है, जबकि एक भी ऐसा वीडियो नहीं है, जिसमें दिख रहा हो कि वहां उन लड़कों ने मांस खाया है।

उन्होंने कहा कि साफ तौर पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। गंगा में नाले के पानी गिरते हैं, क्या वो सही है। गंगा मां हैं, तो उनका ध्यान क्यों नहीं रखा जाता है। साफ क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि यही वह देश है। जहां मुसलमानों को ईद मनाने के लिए



■ देश मनमानी से नहीं, संविधान से चलेगा

हाईकोर्ट जाना पड़ता है। दूसरी तरफ उन्हें खून की होली खेलने की धमकी दी जाती है। भाईजान का हिंदुस्तान' सत्र में असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ओवैसी ने कहा कि देश मनमानी से नहीं, संविधान से चलेगा। सरकार राष्ट्रीयता को हिंदुत्व से जोड़ रही है। भारत में मुसलमान कोई चांद से नहीं आया। इसी जमीन के हैं, यहीं पैदा हुए है। मुसलमान देशभक्त हैं और भारत सबका है। असदुद्दीन ओवैसी ने आगे कहा कि आज भारत क्या करेगा इसका फैसला ट्रंप ले रहे हैं।

## यूपी लोक भवन सभागार में निवेश मित्र 3.0 शुरू, 2017 से पहले कोई नहीं करता था निवेश

# अब देश का पसंदीदा निवेश स्थल बना यूपी

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में कोई भी निवेशक जब उत्तर प्रदेश आता था, तो यूपी में निवेश के नाम पर वह चुप हो जाता था। हमने संकल्प लिया और आज उत्तर प्रदेश भारत में निवेश का हब बन गया है। अब ये निवेश का केंद्र है और हम लगातार तरक्की कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मंगलवार को लोक भवन सभागार में निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ किया गया। यह उन्नत एआई-आधारित सिंगल विंडो पोर्टल निवेशकों को 40 से अधिक विभागों की 200 से ज्यादा सेवाएं एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा, जिससे उद्योग स्थापना की प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी तथा तेज हो जाएगी।



■ 85 निवेशकों को लेटर ऑफ कम्फर्ट, एलिजिबिलिटी प्रमाण पत्र, सब्सिडी और भूमि आवंटन पत्र सौंपे

कार्यक्रम में सीएम योगी ने सब्सिडी राशि का हस्तांतरण किया। उत्तर प्रदेश को देश के अंदर निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बनाने का सपना हमने 9 वर्ष पहले देखा था। आप सबकी उपस्थिति उस सपने को जमीनी हकीकत में बदल रही है। सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार पर जनता का विश्वास है और हमारी टीम यूपी ने उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए निरंतर परिश्रम किया है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछली सरकारों ने उत्तर प्रदेश वासियों और युवाओं के सपनों को तोड़ा था, लेकिन अब प्रदेश पूरे देश में उद्यमियों के लिए सबसे पसंदीदा निवेश स्थल बन चुका है। यह विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि डबल इंजन सरकार पर हुआ विश्वास हमारी टीम ने परिश्रम से सार्थक किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश को भारत का फूड बास्केट बताते हुए कहा कि बीच के कालखंड में किसान पलायन करने और आत्महत्या करने को मजबूर थे। स्थितियां बहुत खराब थीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में हमने कृषि क्षेत्र को मजबूत किया। भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का 11 प्रतिशत उत्तर प्रदेश के पास है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में हम 21 प्रतिशत का योगदान कर रहे हैं।

### यूपी को माफिया मुक्त प्रदेश बनाने पर जोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश ने बीते कुछ वर्षों में एयर कनेक्टिविटी, निवेश और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब प्रदेश में 'ढाई एयरपोर्ट' ही संचालित माने जाते थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। लोकभवन में आयोजित निवेश मित्र सम्मेलन में उन्होने बताया कि पहले केवल लखनऊ और वाराणसी के एयरपोर्ट पूरी तरह सक्रिय थे, जबकि गोरखपुर और आगरा में सीमित और अनियमित उड़ानें संचालित होती थीं। लेकिन वर्तमान में प्रदेश में 16 घरेलू और 4 अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द ही देश का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने जा रहा है, जिसका उद्घाटन 28 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# मिशन 2027 के लिए योगी कैबिनेट में फेरबदल की तैयारी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि इस विस्तार में प्रतिनिधित्व से वंचित जिलों के विधायकों को मौका दिया जाएगा, साथ ही कई नए चेहरे पहली बार मंत्री बन सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश इस बार मंत्रिमंडल विस्तार के केंद्र में रहेगा। भाजपा संगठन और सरकार की रणनीति उन जिलों को प्रतिनिधित्व देने की है, जहां अभी तक कोई मंत्री नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कैबिनेट में छह पद खाली हैं। बिजनौर, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, अमरो. हा, हापुड़, शामली और मुरादाबाद जैसे जिलों से कोई मंत्री नहीं हैं। वहीं मेरठ और गाजियाबाद जैसे

■ प.उप्र इस बार मंत्रिमंडल विस्तार के केंद्र में रहेगा

जिलों से पहले से दो-दो मंत्री हैं। उन्होंने बताया कि मिशन 2027 को साधने के लिए भाजपा संगठन और सरकार दोनों स्तर पर जातीय संत. ुलन पर खास ध्यान दिया जा रहा है। पिछड़ा, अति पिछड़ा और अनुसू. चत जाति वर्ग को साधने की रणनीति के तहत पहले ही भूपेंद्र चौधरी जैसे ओबीसी चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। अब मंत्रिमंडल विस्तार में भी इसी संत. ुलन को आगे बढ़ाया जाएगा। सूत्रों की मानें, तो मंत्रिमंडल में प्रदर्शन और विवादों के आधार पर कुछ मंत्रियों को हटाए जाने की भी अटकलें हैं। वहीं एक-दो राज्य मंत्रियों को पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। पश्चिमी यूपी के दो मंत्रियों को हटाए जाने की चर्चा भी जोरों पर है। सूत्रों के अनुसार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का मंत्रिमंडल में शामिल होना लगभग तय है। इससे जाट समाज को साधने का संदेश जाएगा। इसके अलावा मेरठ के एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज को मंत्री बनाकर ब्राह्मण वर्ग को साधने की तैयारी है। पश्चिमी यूपी में त्यागी समाज के प्रतिनिधित्व की कमी को देखते हुए मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी और एमएलसी अश्विनी त्यागी के नाम भी चर्चा में हैं। वहीं गुर्जर समाज को साधने के लिए पूर्व मंत्री अशोक कटारिया की वापसी की संभावना जताई जा रही है। बैठक में योगी, केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, पंकज चौधरी और संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह शामिल हुए थे। इसके अलावा आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार भी बैठक में शामिल हुए थे जिससे बैठक का महत्व और बढ़ गया है। इस बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार, संगठनात्मक फेरबदल और मिशन 2027 की रणनीति जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

# मोदी का राज्यसभा में दिया बयान भ्रम फैलाने वाला : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए गए बयान को भ्रम पैदा करने वाला करार देते हुए सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। खड़गे ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री की असंगत कूटनीतिक नीति से भारत की रणनी. तिक स्वायत्तता प्रभावित हुई है, जो दशकों से विद. ेश नीति की आधारशिला रही है। उन्होंने पूछा कि हालिया इजरायल दौरे के बाद उत्पन्न कूटनीतिक प्रभावों पर संसद और देश को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया। उन्होंने दूसरा मुद्दा उठाते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में करीब 37-40 भारतीय जहाज अब भी फंसे हुए हैं और इन पर लगभग 1100 नाविक सवार हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ईरान से बातचीत के बावजूद सुरक्षित रास्ता क्यों नहीं मिल पाया, जबकि चीन, रूस और जापान जैसे देशों को अनुमति मिल रही है। उन्होंने ऊर्जा आयात के विविधीकरण के सरकारी दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि 41 देशों से आयात हो रहा है, तो फिर देश में गैस और ईंधन की कमी, महंगाई और कालाबाजारी क्यों बढ़ रही है।

# प्रयागराज कोल्ड स्टोरेज हादसा: अब तक 17 लोग रेस्क्यू, 4 मौतें

**प्रयागराज, वार्ता**

संगम नगरी प्रयागराज के गंगा पार में फाफामऊ थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव में स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने से सोमवार को भीषण हादसा हो गया था। कोल्ड स्टोर जब गिरा तो उस समय अफरा-तफरी मच गई। हादसा इतना भीषण था कि जिसमें 17 लोगों को रेस्क्यू करके निकाला गया और 4 लोगों की मौत हो गई। सोमवार से मंगलवार सुबह तक रेस्क्यू लगातार चलता रहा है, जिसमें पूरी रात 3 टीमें एसडीआरएफ, वाराणसी की एक एनडीआरएफ सहित फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य की टीम और कई थाने की फोर्स रात भर रेस्क्यू करती रही।

फिलहाल अभी भी रेस्क्यू जारी है, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कल से लगातार अमोनिया गैस के रिसाव से सांस लेना मुश्किल हो गया है। बता दें, लगभग 12 जेसीबी और उतने ही मलबे उठाने वाली ट्रक और लगातार रेस्क्यू के बाद, अभी भी यहां पर काम में लगे कर्मचारियों का कहना है कि अभी भी एक दिन इस मलबे को हटाने में लग सकता है। वहीं रेस्क्यू

■ 12 जेसीबी हटा रहीं मलबा लगातार अमोनिया गैस का रिसाव जारी, फायर ब्रिगेड, कई थाने की फोर्स लगीं

ऑपरेशन में अब तक 17 लोगों को बचाकर अस्पताल भेजा गया है और 12 लोग घायल हैं। इस हादसे ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक यह कोल्ड स्टोरेज सपा के पूर्व विधायक अंसार अहमद का बताया जा रहा है।

शुरुआती जांच में बिल्डिंग के स्ट्रक्चर में भारी लापरवाही की बात सामने आ रही है। चश्मदीदों का कहना है कि बिल्डिंग एक तरफ से झुकने लगी और फिर अचानक उसकी छत भरभराकर गिर गई। इतना ही नहीं, कोल्ड स्टोरेज से अमोनिया गैस के रिसाव की भी होने लगा, जिसने रेस्क्यू ऑपरेशन को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि उनके पास लाइसेंस था, लेकिन अब इस बात की गहन जांच की जाएगी कि क्या मानकों की अनदेखी की गई थी। जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर खुद मौके पर मौजूद हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### वाराणसी में तेज धमाके से मकान गिरा, दो मरे, दो गंभीर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में मंडुआडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा इलाके में मंगलवार को एक मकान में तेज धमाके के साथ मकान गिर गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू कादयान, अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) आलोक वर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त (रोहनिया) समेत भारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया, जिससे मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। यह मकान लहरतारा इलाके में गिरिजा देवी का था। वे अपने दो बेटों अमन चौधरी (32), अवधेश चौधरी (30) और बेटी प्रीति (24) के साथ रहती थीं। गिरिजा देवी खाना बना रही थीं, तभी गैस तेजी से लीक होने लगा और जोरदार धमाका हो गया। हादसे में अवधेश चौधरी और प्रीति की मौके पर ही मौत हो गई।

### मैनाठेर दंगा मामला: 16 आरोपी दोषी करार, 27 मार्च को सजा का ऐलान

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के बहुचर्चित मैनाठेर दंगा मामले में करीब 15 वर्ष बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए 16 आरोपियों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने 14 दोषियों को तत्काल हिरासत में लेकर जेल भेजने के आदेश दिए, जबकि दो आरोपी सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहे। सजा का ऐलान अब 27 मार्च को किया जाएगा। अभियोजन अधिकारी के अनुसार वर्ष 2011 में मैनाठेर थाना क्षेत्र के डींगरपुर गांव में हुए दंगे के मामले की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-2) की अदालत में चल रही थी। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया।

# अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध में पाकिस्तान की भूमिका भारत के लिए कूटनीतिक झटका: जयराम

**नई दिल्ली, वार्ता**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि पाकिस्तान एक तरफ अमेरिका और इजरायल और दूसरी तरफ ईरान के बीच एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरा है जो भारत के लिए एक गंभीर झटका है।

रमेश ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की कई रिपोर्टों ने पाकिस्तान को अमे. रिका और इजरायल तथा दूसरी तरफ ईरान के बीच इस्तेमाल किए जा रहे मध्यस्थों में से एक के रूप में पहचाना है। यदि ये रिपोर्ट सच हैं, तो वे भारत के लिए एक गंभीर झटका और तिरस्कार का प्रतिनिधित्व करती हैं और यह सब स्वयं को घोषित करने वाले 'विश्वगुरु' के कारण है। रमेश ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की 'निस्संदेह सैन्य सफलताओं' के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले एक साल में कूटनीतिक रूप से नई दिल्ली को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि दुखद वास्तविकता



यह है कि उसके बाद पाकिस्तान का कूटनीतिक जुड़ाव और विमर्श प्रबंधन मोदी सरकार की तुलना में काफी बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद, जो कभी गंभीर राजनीतिक, आर्थिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा था, अब फिर से प्रासंगिक हो गया है। कांग्रेस नेता ने पाकिस्तान के नेतृत्व और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच विकसित होते संबंधों की ओर भी इशारा किया और आरोप लगाया कि इसने इस्लामाबाद की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने दावा किया कि ट्रंप ने पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को 'गर्मजोशी से और बार-बार गले लगाया' था और कई मौकों पर असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में मेजबानी की, जिसमें उन्होंने एक ष्अभूतपूर्व दोपहर के भोजनष का भी उल्लेख किया। रमेश ने कहा कि ष्पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान ने राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी घेरे के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए रमेश ने उनकी हालिया कूटनीतिक पहुंच की आलोचना की, विशेष रूप से ईरान पर अमेरिका-इजरायल के कथित हवाई हमलों से ठीक पहले की गई इजरायल यात्रा को लेकर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि मोदी की इजरायल की अनुचित यात्रा, जो ईरान पर अमेरिका-इजरायल के अकारण हवाई हमले शुरू होने से ठीक दो दिन पहले समाप्त हुई, हमारे राजनीतिक इतिहास में एक बेहद विनाशकारी विकल्प के रूप में दर्ज की जाएगी। उन्होंने तर्क दिया कि इस यात्रा ने इस क्षेत्र में एक तटस्थ मध्यस्थ के रूप में कार्य करने की भारत की क्षमता को कमजोर कर दिया है। उन्होंने सरकार की विदेश नीति के प्रति अपने दृष्टिकोण की आलोचना तेज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की गले मिलने वाली कूटनीति की पोल बुरी तरह खुल गई है।

# ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ताओं ने ट्रांसजेंडर विधेयक के खिलाफ राहुल गांधी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** देशभर से ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को संसद में नेता विपक्ष लोकसभा राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रियंका गांधी समेत पार्टी के वरिष्ठ सांसद और नेता भी मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने सरकार के प्रस्तावित ट्रांसजेंडर पर्सन्स बिल का विरोध करते हुए कहा कि यह विधेयक उनकी आत्म-पहचान के अधिकार को कमजोर करता है, जिसे उच्चतम न्यायालय ने मान्यता दी है। उनका कहना था कि इस बिल के लागू होने से लाखों ट्रांसजेंडर खासकर पारंपरिक समुदायों से जुड़े लोगों, की कानूनी पहचान और संरक्षण खतरे में पड़ सकते हैं। कार्यकर्ताओं ने बिल के कुछ प्रावधानों को अमानवीय और दंडात्मक बताते हुए अनिवार्य मेडिकल जांच, पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना दंडात्मक प्रावधानों और मौजूदा अधिकारों में कटौती पर भी चिंता जताई। राहुल गांधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और गरिमा के साथ खड़ी है और इस विधेयक का संसद में विरोध करेगी। राहुल गांधी ने इसे खुला हमला करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति (संशोधन) विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर एक खुला हमला है। उन्होंने कहा ट्रांसजेंडर लोगों से अपनी पहचान स्वयं निर्धारित करने का अधिकार छीनता है, जो उच्चतम न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है। यह देशभर के विभिन्न समुदायों की सांस्कृतिक पहचान को खत्म करता है।

# चाकू मारकर दो की हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम और भजनपुरा थानांतर्गत दो युवकों की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी स दोनों मामलो मे पुलिस मामले की जांच मे जुटी है। पहला मामला वेलकम थाना क्षेत्र का है जिसमे अकील अहमद (39) की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी स वह अपने परिवार के साथ जाफराबाद की गली न-16, मे अपने परिवार के साथ रहते थे।

बीते रविवार की रात करीब 9 बजे वह अपनी मां से 700 रूपये लेकर गए थे और जाते समय अपनी मां से बोला था कि अपने दोस्तों के पास जा रहा हूं, जिसके बाद सोमवार सुबह अकील के छोटे भाई दानिस के फोन पर पुलिस की कॉल आई उन्होंने बताया तुम्हारे भाई भाई की मौत हो गयी है, दानिश ने बताया जाफराबाद रोड पर स्थित आईना फूड्स के पीछे वाली गली मे उनको चाकू मारे गए थे, जिस वजह से उनकी मौत हो गयी स पुलिस ने बताया फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए है, वेलकम पुलिस स्टेशन में एफआईआर संख्या 109/26 के तहत धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। अपराध में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने और गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें तैनात की गई हैं

दूसरा मामला 23-24 मार्च की दरमियानी रात का है जिसमे भजनपुरा थाना क्षेत्र मे चाकू मारकर मोहम्मद आसिफ (19) की बेरहमी से हत्या कर दी गयी, इसको उत्तरी घोंडा के सुभाष मौहल्ला स्थित कृष्णा मंदिर के पास चाकू मारे गए थे जब इसके परिजन इसको लेकर जगप्रवेश चंद अस्पताल पहुंचे तो वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया, जिसके बाद समय से इलाज न करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने अस्पताल मे हंगामा किया। पुलिस के अनुसार 23-24 की रात को भजनपुरा थाना पुलिस को चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली थी पुलिस टीम के घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि घायल को उसके परिवारवाले पहले ही जेपीसी अस्पताल ले जा चुके थे।पीड़ित की पहचान मोहम्मद आसिफ (18 वर्ष), पुत्र नूर मोहम्मद, निवासी सुभाष मोहल्ला, भजनपुरा के रूप में हुई, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है। भजनपुरा थाने में एफआईआर संख्या 129/26 के तहत धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।अपराध में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने और गिरफ्तार करने के लिए टीमें तैनात कर दी गई हैं।

## बुकिंग के15 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कई इलाकों में समय पर बुकिंग करने के बावजूद उपभोक्ताओं तक सिलिंडर नहीं पहुंच रहा है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अधिकतर इलाकों में सुबह से ही एजेंसियों के बाहर भीड़ देखी जा रही है। उपभोक्ताओं के अनुसार, बुकिंग के समय बताई जा रही डिलीवरी की तारीख पर सिलिंडर नहीं मिलता है। राजघाट और आरके पुरम की गैस एजेंसियों के साथ अधिकतर एजेंसियों के संचालकों का कहना है कि राजधानी में सिलिंडर की कमी नहीं है। ज्यादातर उपभोक्ताओं को समय पर सिलिंडर दिया जा रहा है। कुछ मामलों में ट्रांसपोर्ट या तकनीकी कारणों से देरी हो सकती है। संचालकों का कहना है कि सप्लाई सामान्य है। अनावश्यक रूप से इसे बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि असली समस्या डिलीवरी व्यवस्था में है। कई बार डिलीवरी कर्मी फोन करके आने की बात कहते हैं, लेकिन बाद में सिलिंडर नहीं पहुंचता। एलपीजी गैस की कमी ने छोटे कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। राजधानी के कई इलाकों में ढाबे, छोटे होटल और रेहड़ी-पटरी के खाने-पीने के स्टॉल अब या तो बंद हो चुके हैं या बंद होने की कगार पर हैं। मुनिरका, आरकेपुरम, कृष्णा नगर, बुराड़ी, कनॉट प्लेस, कश्मीरी गेट, पहाड़गंज समेत की इलाकों में यह संकट साफ तौर पर नजर आ रहा है।

# दिल्ली ने अपने विकास की यात्रा में 'ग्रीन बजट' प्रस्तुत किया : रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली का वर्ष 2026-27 के लिए बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पहली बार है दिल्ली अपने विकास की यात्रा में 'ग्रीन बजट' प्रस्तुत कर रही है। इस बजट की हर नीति में पर्यावरण, हर योजना में प्रकृति, और हर निर्णय में भविष्य की पीढ़ियों की चिंता समाहित है इसलिए पूरे बजट का 21 प्रतिशत हिस्सा ग्रीन बजट के लिए आवंटित किया गया है। वहीं पर्यावरण की देखभाल के अलावा निवेश, नवाचार और रोजगार को भी ध्यान में रखा गया है। इसके तहत सरकार एक नई वेयर हाउसिंग पॉलिसी लेकर आ रही है, जिसके लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान आवंटित है। इस पहल से दिल्ली एक एफिशिएंट और मॉडर्न लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित होगी, जिससे व्यापार को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। लघु एवं मध्यम उद्यम की प्रतिस्पर्धा और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) के निर्माण के लिए 48 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित है। सरकार दिल्ली में एक सशक्त सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग तथा रिसर्च और डेवलपमेंट इकोसिस्टम स्थापित करने के लिए दिल्ली सेमीकंडक्टर पॉलिसी लेकर आएगी, जो इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के अनुरूप होगी। केंद्र सरकार के सहयोग से, दिल्ली में पहली बार आरएएमपी (एमएसएमई के प्रदर्शन को बढ़ाना और उसमें तेजी लाना) योजना लागू की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत, 32,000 एमएसएमई को ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी, और 15,000 व्यवसाय को जेम और ओएनडीसी जैसे डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ा जाएगा। सरकार दिल्ली ड्रोन पॉलिसी भी लाने जा रही है, जिसके माध्यम से दिल्ली को एडवांस तकनीक, रिसर्च और हाइटेक मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा को मोहनलाल पहुंचे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** मलयालम अभिनेता मोहनलाल व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय पहुंचे हैं।उन्होंने अपनी छवि, नाम, आवाज, वीडियो और अन्य व्यक्तिगत सामग्री के बिना अनुमति के व्यावसायिक या अन्य उपयोग पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स सहित कई पक्षों को प्रतिवादी बनाया गया है। मोहनलाल ने आशंका जताई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (।प्) और सोशल मीडिया के दौर में उनकी पहचान का दुरुपयोग बढ़ रहा है, जिससे उनकी प्रतिष्ठा और कमाई दोनों प्रभावित हो सकती हैं।

# एमसीडी ने किया मेगा वॉकाथॉन का आयोजन

**मेगा वॉकाथॉन से 'डस्ट फ्री दिल्ली' अभियान को मिला बल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के दक्षिणी क्षेत्र द्वारा आज 'डस्ट फ्री दिल्ली' अभियान को मजबूत करने के उद्देश्य से एक मेगा वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और शहर की वायु गुणवत्ता सुधार के प्रति लोगों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। इस वॉकाथॉन का नेतृत्व एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने किया। इस अवसर पर वसंत विहार की पार्षद श्रीमती हिमानी जैन तथा क्षेत्र के उपायुक्त श्री राकेश कुमार भी उपस्थित रहे। वॉकाथॉन सुबह 7:00 बजे डीडीए पार्क, वसंत विहार, से शुरू होकर एमसीडी नर्सरी तक लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय कर समाप्त हुई।

कार्यक्रम में संगीत और रचनात्मक जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय लोगों को जोड़ा गया और धूल नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण में सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया

वॉकाथॉन में नागरिकों को संबोधित करते हुए आयुक्त खिरवार ने शहर में धूल नियंत्रण के लिए निरंतर और सक्रिय प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने भविष्य के लिए दो मुख्य पहलुओं पर आधारित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। एमसीडी ने सफाई कर्मचारियों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए दक्षिणी क्षेत्र के स्वच्छता सैनिकों को इकोविंग्स एनजीओ के सहयोग से सुरक्षा मास्क वितरित किए। कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों से जुड़े सड़क हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने के निर्देश दिए। साथ ही उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए सेनेटरी सुपरिंटेंडेंट्स और सेनेटरी इंस्पेक्टर्स को ट्रैकसूट भी दिए गए।कार्यक्रम का समापन उपायुक्त राकेश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने आयुक्त, क्षेत्रीय पार्षद और वसंत विहार के नागरिकों का आभार व्यक्त किया।



दिल्ली नगर निगम के दक्षिणी क्षेत्र में 'डस्ट फ्री दिल्ली' अभियान को मजबूत करने के उद्देश्य से मेगा वॉकाथॉन का नेतृत्व करतें एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार व अन्य।

## एक नजर

### वित्त वर्ष 24-25 में जीवन बीमा कंपनियों ने किया 6.30 लाख करोड़ का भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत का जीवन बीमा क्षेत्र देश में वित्तीय सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है। आईआरडीएआई की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों ने इस अवधि में कुल 6.30 लाख करोड़ रुपये के लाभ का भुगतान किया, जो भारतीय परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने में उनकी अहम भूमिका को दर्शाता है। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (आईएसी-लाइफ) के चेयरपर्सन कमलेश राव ने कहा कि जीवन बीमा एक 'वित्तीय सुरक्षा कवच' की तरह काम करता है, जो जरूरत के समय त्वरित सहायता और दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि कुल भुगतान का 92 फीसदी हिस्सा 'लिविंग बेनिफिट्स' के रूप में दिया गया, जिससे स्पष्ट है कि बीमा केवल जोखिम कवर नहीं, बल्कि बचत और निवेश का भी माध्यम है।

### स्ट्रोक से लड़ने को शुरू की राष्ट्रीय योजना




**नई दिल्ली।** फिक्की ने वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गनाइजेशन और इंडियन मेडिकल पार्लियामेंटेरियंस फोरम के सहयोग से नई दिल्ली में तीसरे राष्ट्रीय स्ट्रोक समिट का आयोजन किया। 2022 और 2025 में आयोजित पिछले सफल सत्रों के आधार पर, यह समिट अब भारत में स्ट्रोक के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण बहु-हितधारक मंच के रूप में विकसित हो चुका है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा थे, जिन्होंने वर्चुअल माध्यम से सभा को संबोधित किया। विश्व स्तर पर स्ट्रोक अब भी मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण बना हुआ है, लेकिन राष्ट्रीय रजिस्ट्री डेटा एक चिंताजनक तस्वीर पेश करता हैख्भारत में स्ट्रोक के हर सात में से एक मरीज की उम्र 45 वर्ष से कम है।

### हरीश राणा का निधन, इच्छा मृत्यु को सुप्रीम कोर्ट से मिली थी इजाजत

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के हरीश राणा का दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे बीते 13 साल से कोमा में थे। देश के सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों उन्हें इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। हरीश राणा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल (आईआरसीएच) में भर्ती थे। उन्हें उपशामक देखभाल वार्ड में रखा गया था। अस्पताल में एक हफ्ते से उनकी गहन निगरानी जारी थी। एक दिन पहले डॉक्टरों ने बताया था। उन्हें कुछ दिन और निगरानी में रखा जा सकता है। वे पिछले एक सप्ताह से बिना खाना और पानी के जीवित थे। यह प्रक्रिया छह दिनों से चल रही थी। इस दौरान उनके माता-पिता किसी चमत्कार का इंतजार कर रहे थे। हरीश की मां अस्पताल के गलियारे में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रही थीं। बेटे के निधन से पहले मां ने भावुक होकर अपनी बात कही थी। उन्होंने कहा था कि मेरा बेटा सांस ले रहा है। उसकी धड़कन अभी भी चल रही है। मां ने यह भी कहा कि वह मुझे छोड़कर जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इच्छामृत्यु की इजाजत मिलने के बाद यह प्रक्रिया शुरू हुई थी। हरीश राणा 13 साल से कोमा में थे।

### बजट में स्वास्थ्य व परिवहन को प्राथमिकता दी गई: डॉ. पंकज कुमार सिंह

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत व्यापक और जनकल्याणकारी बजट के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के लिए 13,034 करोड़ रूपये और परिवहन विभाग के लिए 12,613 करोड़ रूपये का प्रावधान सरकार की इस दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि दिल्ली में सभी के लिए सुलभ, किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं तथा एक टिकाऊ, कुशल और भविष्य उन्मुख परिवहन व्यवस्था विकसित की जाए।मंत्री ने कहा कि यह बजट "उपचार अधिकार है, उपकार नहीं" के सिद्धांत पर आधारित है।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर जीटीबी मे कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जीटीबी चेस्ट क्लिनिक द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जीटीबी अस्पताल, दिलशाद गार्डन स्थित लाइब्रेरी कॉन्फ्रेंस हॉल में मेगा टीबी स्क्रीनिंग कैम्प एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में टीबी की शीघ्र पहचान एवं समय पर उपचार को बढ़ावा देना था।



कैम्प के दौरान एआई-सक्षम हैंड-हेल्ड पोर्टेबल डिजिटल चेस्ट एक्स-रे मशीन के माध्यम से संदिग्ध टीबी रोगियों की सक्रिय स्क्रीनिंग की गई तथा स्थल पर ही बलगम जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं लंबाई की जांच भी की गई। इस दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपक राणा द्वारा स्क्रीनिंग कैम्प में मरीजों को चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। रोगियों को पोषण परामर्श एवं पोषण सहायता भी उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम के दौरान निक्षय मित्रों का सम्मान, टीबी चौंपियनों को ट्रॉफी वितरण तथा गरिमामयी अतिथियों द्वारा टीबी रोगियों को फूड किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेंट स्टीफेंस एनजीओ, सुंदर नगरी द्वारा जागरूकता एवं पोषण सहायता से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई तथा डॉ. रचना पंत के नेतृत्व में आयुर्वेद विभाग की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का आयोजन जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. जितेन्द्र शर्मा के पर्यवेक्षण में किया गया। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन चेस्ट क्लिनिक सुप. रवाइजर रविन्दर शर्मा द्वारा सुव्यवस्थित रूप से किया गया, जिसमें साधना, अशोक गुप्ता, कुसुम एवं अन्य स्टाफ का सक्रिय सहयोग रहा।


कार्यक्रम में एसडीएम गोकल. पुरी श्रीमती पूनम, पार्षद वीर सिंह पवार, पार्षद रीना महेश्वरी,सीडीएमओ उत्तर-पूर्व जिला डॉ. संदीप गौतम, एसीडीएमओ डॉ. अंजना, डॉ. प्रवीण कुमार (एएमएस), जीटीबी अस्पताल, पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. पुनीता हयांकी, डॉ. नगर, सहित टीबी सुपरवाइजर्स, स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वयंसेवक एवं आमजन उपस्थित रहे।

# हवा की जांच का आंकड़ा झूठा डीटीसी बसों ने भी की अनदेखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) की ओर से पेश सीएजी रिपोर्ट से पता चलता है कि दिल्ली में हजारों गाड़ियां बिना सही प्रदूषण जांच के दौड़ रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2018-21 के बीच केवल 46 से 63 प्रतिशत वाहनों का ही एमिशन टेस्ट हुआ। कई जगह बिना जांच के ही पीयूसी सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए। सबसे चौंकाने वाली बात तो यह रही कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसें भी नियमों का पालन नहीं कर रहीं। रिपोर्ट में बताया गया कि कई पीयूसी केंद्रों पर टेस्टिंग सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है। लाखों डीजल और पेट्रोल/सीएनजी वाहनों को बिना सही टेस्ट के प्रमाणपत्र दे दिए गए। इससे पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। दिल्ली में 953 पीयूसी सेंटर हैं, लेकिन उनका वितरण असमान है। इनमें 31 फीसदी तो सिर्फ खास गाड़ियों (जैसे बस, ट्रक) के लिए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, 2018-21 के दौरान 22.14 लाख डीजल गाड़ियों में से सिर्फ 24 फीसदी का टेस्ट हुआ, जबकि 65.36 लाख पेट्रोल/सीएनजी गाड़ियों में भी सिर्फ 1.08 लाख का ही सही टेस्ट हुआ है। 10.61 लाख बीएस-प्ट गाड़ियों में से 5,661 गाड़ियों को बिना टेस्ट पास कर दिया गया। कुछ सेंटर पर एक मिनट में कई गाड़ियों का टेस्ट यानी फर्जी टेस्टिंग हुआ है।



किरोड़ीमल कॉलेज में 'विभाजन विभीषिका की कहानियां' पुस्तक के विमोचन अवसर पर प्राचार्य प्रो. दिनेश खट्टर के साथ मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सच्चिदानंद जोशी (सदस्य सचिव, आईजीएनसीए) उपस्थित रहे।

# किरोड़ीमल कॉलेज में हुआ 'विभाजन विभीषिका की कहानियां' पुस्तक पर परिचर्चा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के किरोड़ीमल कॉलेज में 'विभाजन विभीषिका की कहानियां' पुस्तक पर एक अत्यंत विचारोत्तेजक एवं संवे. दनशील परिचर्चा का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम किरोड़ीमल कॉलेज एवं सेंटर फॉर इंडिपेंडेंस एंड पार्टीशन स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. दिनेश खट्टर के साथ मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सच्चिदानंद जोशी (सदस्य सचिव, आईजीएनसीए) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनूप लाठर (अध्यक्ष, कल्चर काउंसिल) नी की।इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि प्रो. रवि प्रकाश टेकचंदानी (अध्यक्ष, सीआईपीएस) एवं प्रो. रविंदर कुमार (निदेशक, सीआईपीएस) मंचासीन रहे। कॉलेज के विवेकानंद ऑडिटोरियम में 23 मार्च को सांय काल में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने अपने संबोधन में विभाजन की स्मृतियों के क्षीण होते जाने पर चिंता व्यक्त की। डॉ. जोशी ने कहा कि आज पचहत्तर साल बाद वह पीढ़ी खत्म हो रही है जिसने विभाजन को प्रत्यक्ष रूप से देखा था, उनकी याददाश्त कमजोर हो रही है लेकिन उनके जख्म हरे हैं, घाव हरे हैं। नए समय में उन्होंने अपने को समय के अनुसार ढाल लिया है लेकिन जब भी आप उनकी किसी बुजुर्ग पीढ़ी से बात करते हैं तो उनकी आँखों में तुरंत आंसू आ जाते हैं।अध्यक्षीय वक्तव्य के दौरान डीयू कल्चर काउंसिल के अध्यक्ष अनूप लाठर ने कहा कि हमें दुख नहीं याद करना चाहिए, लेकिन उसका कारण और परिणाम जरूर याद रखना चाहिए। आज हम विभाजन विभीषिका की बात करते हैं ताकि हमारी नयी पीढ़ी सचेत रहे और उसके साथ ऐसा दोबारा ना हो। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिनेश खट्टर के स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया।

सीआईपीएस के निदेशक प्रो. रविंदर कुमार ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में बताया कि विभाजन के 75 वर्ष बाद भी विभाजन को झेलने वाले लोगों की पीड़ा और दुख पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं।

# 85 लाख की रॉबरी मामले में भगोड़ा एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने शास्त्री पार्क के 85 लाख रूपये की रॉबरी के मामले में वांछित को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक अवैध पिस्टल,जिंदा कारतूस और खाली कारतूस के खोल और एक स्कूटी बरामद की है।इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चलाई जो इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी थी। आरोपी दिल्ली में कई रॉबरी के मामलों में शामिल रहा है

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि 23.मार्च को रात लगभग 10:00 बजे, स्पेशल स्टाफ मध्य जिला को एक गुप्त सूचना मिली कि शास्त्री पार्क थाने के लगभग 85 लाख रूपये की रॉबरी के मामले में वांछित अजय / कालिया (34) जो आमतौर पर अपने पास पिस्टल रखता है। वह आधी रात के आसपास रोज गार्डन सर्विस रोड, रिंग रोड के पास अपने साथियों से मिलने आएगा और संभवत: कोई बड़ी वारदात को अंजाम देगा।

इस गुप्त सूचना के मिलते ही एसीपी ऑपरेशंस की देखरेख में इंस्पेक्टर रोहित कुमार (स्पेशल स्टाफ), इंस्पेक्टर रघुवीर के नेतृत्व में टीम उक्त स्थान पर पहुँची। इसी बीच राजघाट रेड लाइट की तरफ से स्कूटी पर एक व्यक्ति आता हुआ दिखा। मुखबिर ने इशारा किया कि वह अजय / कालिया है। इस पर टीम ने उस व्यक्ति को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने भागने की को. शिश की। उसी समय, एएसआई प्रमोद ने कार से उसका रास्ता रोक दिया। रास्ता बंद देखकर, उस व्यक्ति ने अपनी स्कूटी सड़क के किनारे गिरा दी और एक पिस्टल निकालकर पुलिस टीम पर लगातार चार राउंड फायर किए। इसमें एक गोली इंस्पेक्टर रोहित कुमार द्वारा पहनी गई बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी।आत्मरक्षा में तेजी से कार्रवाई करते हुए, इंस्पेक्टर रोहित कुमार और हेड कांस्टेबल विकास ने आरोपी के बाएँ पैर में गोली लगी थी। घायल आरोपी अजय को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## फैशन वीक में बिखेरा जलवा

**नोएडा।** दो दशकों के सफर, लाखों वॉर्डरोब का हिस्सा बनने और अनगिनत स्टाइल पलों को रचने के बाद, मैक्स फैशन ने अपनी 20वीं सालगिरह को एक यादगार उत्सव में बदल दिया। भारत के सबसे प्रतिष्ठित रनवे, 'लैक्मे फैशन वीक' पर मैक्स ने महज एक शो नहीं, बल्कि एक शानदार फैशन पार्टी पेश की। सिद्धांत एक बार फिर रनवे पर लौटे, लेकिन इस बार उनका अंदाज बदला हुआ था। वह ब्रैंड के मूल ऐस्थेटिक में पूरी तरह रंगे नजर आए। कल्कि कोचलिन श्शोस्टॉपरश के रूप में श्कोर सेगमेंटश के लिए रनवे पर उतरीं। अपने साथ एक अनोखी पहचान और शांत आत्मविश्वास लेकर आईं कल्कि ने, अपनी ग्रेसफुल उपस्थिति और विशिष्ट शैली से पूरे रनवे को अपने वश में कर लिया।

# ड्रेन ट्रैप 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना को जल्द ही ताजा सांसें मिलने वाली है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में प्रगति रिपोर्ट दाखिल कर दिया है। इसमें बताया गया है कि यमुना में गंदा पानी जाने से रोकने के लिए 43 में से 17 ड्रेन पूरी तरह ट्रैप किए जा चुके हैं। एक ड्रेन 31 मार्च और बाकी 22 ड्रेन 30 जून तक ट्रैप कर दिए जाएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, कुछ ड्रेन अलग-अलग एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में हैं। इसके लिए समन्वय किया जा रहा है। डीजेबी ने बताया कि जहां पुराने सीवर से कनेक्शन संभव नहीं है, वहां छोटे और पोर्टेबल एसटीपी लगाए जाएंगे। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, महरौली, छतरपुर, साकेत, दक्षिणपुरी और सैदुल्लाजब नाला जैसे इलाकों में नए सीवर नेटवर्क और छोटे ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की योजना है।

इन इलाकों में अभी सीवर की सुविधा नहीं है, इसलिए पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। डीजेबी का कहना है कि चार हिस्सों वाला प्लान ड्रेन ट्रैपिंग, नया सीवर नेटवर्क, छोटे ट्रीटमेंट प्लांट और जरूरी अनुमतियां तेजी से लागू किए जा रहे हैं। सभी काम भूमिगत होंगे और इनमें पेड़ों को नुकसान नहीं पहुंचेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सांसद के प्रयासों से मोदीनगर व बागपत के बीच बनेगा हिंडन पर पुल

**सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने जनता की इस मांग को शासन के समक्ष मजबूती से रखा और निरंतर पैरवी की। उनके अथक प्रयासों से इस कार्य को हरी झंडी मिली है**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से लोकप्रिय सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान के प्रयासों बड़ा परिणाम सामने आया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद गाजियाबाद के अंतर्गत 57-मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में हिण्डन नदी पर सेतु, पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्यों के लिए 21.40 करोड़ रुपये की परियोजना को वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रथम आवंटन में 749.12 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति की गई है।

मतौर-डोलचा सीमा पर हिण्डन नदी पर इस सेतु पुल के बन जाने से क्षेत्र के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में हो रही दशकों पुरानी समस्या से निजात मिलेगी। सांसद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इसकी मांग की थी। क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस पुल की मांग कर रही थी।

सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने जनता की इस मांग को शासन के समक्ष मजबूती से रखा और निरंतर पैरवी की। उनके अथक प्रयासों से इस कार्य को हरी झंडी मिली है।

इस अवसर पर डॉ. सांगवान ने कहा कि बागपत संसदीय क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेतु न केवल दो क्षेत्रों को जोड़ेगा बल्कि स्थानीय युवाओं, किसानों और व्यापारियों के लिए प्रगति के नए मार्ग भी खोलेगा। इसके बनने से मोदीनगर से बागपत के बीच आवागमन बेहद आसान होगा।

विकास की इस बड़ी उपलब्धि पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और आमजन में भारी उत्साह है। शासन ने इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रथम आवंटन हेतु 749.12 लाख रुपए की स्वीकृति दी है, परियोजना की कुल लागत 21.40 करोड़ रुपए है।

# मुरादनगर में 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** क्षेत्र में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 24 मार्च 2026 को एक विशेष अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार, दिनांक 24.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे थाना मुरादनगर के थानाध्यक्ष के नेतृत्व में 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली माउंट कार्मल स्कूल से शुरू होकर काइट कॉलेज तक निकाली गयी। रैली में छात्र-छात्राएं, पुलिसकर्मी और स्थानीय लोगो ने भाग लिया , जो नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश देंते हुए। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करें। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है और युवा पीढ़ी को सही दिशा दी जा सकती है।

### साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में

# बिना जांच सैकड़ों उद्योगों की बिजली कटौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र साइट-4, साहिबाबाद में उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा बिना वास्तविक स्थल निरीक्षण के सैकड़ों औद्योगिक इकाइयों की विद्युत आपूर्ति अचानक बंद करवा दी गई। यह कार्रवाई पूरी तरह एकतरफा, अव्यवस्थित एवं उत्पीड़नपूर्ण है। साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र की अनेक इकाइयों ने समय के साथ अपना नेचर ऑफ बिजनेस बदल लिया है तथा पूर्व में संचालित प्रदूषणकारी गतिविधियों को बंद कर वर्तमान में नॉन-पॉल्यूटिंग कार्य कर रही हैं। इसके बावजूद बिना किसी प्रकार की जांच अथवा सत्यापन के सामूहिक रूप से बिजली काट देना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही एवं विभागीय मनमानी को दर्शाता है। वर्तमान समय में उद्योग पहले ही एलपीजी गैस संकट जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में इस प्रकार की कार्रवाई से उद्योगों के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है तथा हजारों श्रमिकों के रोजगार पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जिन इकाइयों द्वारा प्रदूषण मानकों का पालन किया जा रहा है अथवा जो नॉन-पॉल्यूटिंग हैं, उनकी विद्युत आपूर्ति तत्काल बहाल की जाए।

# उत्तरांचल को हराकर उत्तर प्रदेश बना वॉलीबॉल चैंपियन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित चेयरमैन खेल महोत्सव दो दिवसीय इंटर स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप का समापन हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश ने उत्तरांचल को 25-23 20 -25 25 ;22 से हराकर खिताब अपने नाम किया मुख्य अतिथि एशिया गोल्ड मेडलिस्ट हॉकी टीम की कप्तान सुरजीत कौर वर्ल्ड कप विजेता टीम की कोच मुन्नी चौधरी व खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमेन एम एस त्यागी द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष रामाआसरे शर्मा कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कृष्ण वीर निवाड़ी नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी जिला पंचायत सदस्य बबली गुर्जर अर्जुन ढिढाला आशीष त्यागी प्रधानाचार्य डॉक्टर अरूण त्यागी आदि गणमान्य लोगों की गरिमामय उपस्थिति में प्रतियोगिता का समापन हुआ।

# क्रांतिकारियों के बलिदान से ही देश आजाद हुआ: अनिल आर्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में शहीद भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव के 95 वें बलिदान दिवस पर आर्य समाज संदेश विहार दिल्ली में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें दिल्ली व आसपास से सैकड़ों आर्य समाजियों ने पहुँच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मा आचार्य ज्ञान जी ने यज्ञ के साथ किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में क्रान्तिकारियों का महत्व पूर्ण योगदान रहा और महर्षि दयानन्द से प्रेरणा लेकर हजारों नौजवान स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। अंग्रेज सरकार आर्य समाजियों से भय खाती थी। निगम पार्षद अजय रवि हंस ने कहा कि आर्य समाज से जो जुड़ जाता है वह बुराइयों से छूट जाता है। समारोह अध्यक्ष सुरेश आर्य ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता का इतिहास बताने की आवश्यकता है जिससे वह आजादी की कीमत पहचान सकें।आर्य समाज के प्रधान दुर्गेश आर्य ने कहा कि आर्य समाज सदैव देश भक्तों के बलिदान को याद करता है। सुप्रसिद्ध गायक नरेंद्र आर्य सुमन, प्रवीण आर्या पिंकी, प्रवीण आर्य गाजियाबाद एवं नरेश खन्ना आदि के द्वारा गाये देश भक्ति गीतों पर लोग झूम उठे। आचार्य गवेन्द्र शास्त्री ने कहा कि आर्य समाज युवा शक्ति को प्रेरित करने का प्रयास करता रहता है। परिषद के राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र भाई ने सभी का अभिनंदन किया। आर्य नेता रवि चढ़ा, वेद प्रकाश आर्य, संजीव महाजन, अशोक गुप्ता, अंजू जावा, देवेन्द्र भगत, धर्म पाल आर्य, वरुण आर्य आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. फहीम सैफी को प्रदेश सेवा रत्न सम्मान से किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** शहर के प्रमुख समाजसेवी संगठन आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी डॉ फहीम सैफी को आगरा में संकल्प मानव सेवा संस्था द्वारा प्रदेश सेवा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। सम्मान के लिए डॉ फहीम सैफी का चयन उनके सर्व समाज हित में किये गये विभिन्न सामाजिक सेवाओ के आधार पर किया गया। आगरा में होने वाले इस सम्मान से मुरादनगर की साहित्यिक और सामाजिक पहचान को एक नई ऊंचाई पर ले जाने वाला ऐतिहासिक क्षण भी बना।

इस अवसर पर डॉ फहीम सैफी ने कहा कि यह सम्मान डॉ राजपाल तोमर के साथ साथ उन तमाम लोगों को समर्पित करता हूं जो शहर की सर्व समाज सेवा एवं सभी समुदायों के लिए आपसी प्यार मुहब्बत की रोशनी को निरन्तर प्रज्वलित कर रहे हैं।

# शहीदी दिवस पर एक यात्रा वीर बलिदानियों के नाम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहीद भगतसिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु जी के शहीदी दिवस पर एक यात्रा वीर बलिदानियों के नाम का आयोजन किया गया। यात्रा का आयोजन मोदीनगर सीकरी पेट्रोल पंप से राज चोपड़ा तक किया गया। जिसमें महामंडलेश्वर हितेश्वर नाथ व किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी, जिला सहसंयोजक हिन्दू जागरण मंच पंकज कंसल, सुबोध कुमार, राज वर्मा, नीरज शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। यात्रा में ब्रा भगवान की अतुल्य अद्भुत विराजमान रहे।

# शहीद भगतसिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु जी को दी श्रृद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) द्वारा शहीद- ए- आजम भगतसिंह जी शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु जी के 96वें शहीदी दिवस पर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने श्रृद्धांजलि देते हुए कहा भारत माता को अंग्रेजों के दास्ता से मुक्त कराने के लिए शहीद-ए-आजम भगतसिंह के पास विस्तृत रुप रेखा थी कि किस प्रकार देश को आजाद कराकर देश के करोड़ों भारतीयों को एक सूत्र में परोकर भारत का परचम विश्व में लहरायें, भगतसिंह और उनके साथियों के क्रांतिकारी कदमों से अंग्रेज सरकार थर्रा उठी थी आज भी हम शहीद-ए-आजम की समाज को एक रखने वाली सामाजिक विचारधारा को धरातल पर उतारकर मजबूत भारत का निर्माण कर सकते हैं।

श्रृद्धांजलि देते हुए सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी (उत्तर प्रदेश, बिहार) अनिल सिन्हा ने कहा कि भारत को आजाद कराने वाले नायकों, क्रान्तिकारियों शहीद- ए- आजम भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, चन्द्रशेखर आजाद, सुभाषचन्द्र बोस जैसे लोगों के विचारों को अपनाकर और समाज में उनका प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरुक कर जब हम, एक भारत, सुन्दर भारत और शक्तिशाली भारत का निर्माण करेंगे, तो यही हमारी इन शहीदों के प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि होगी। श्रृद्धाजलि देने वालों में मुख्य रूप से राजेंद्र यादव अनिल सिन्हा सत्येंद्र यादव दीपक वर्मा दीपक पाल हरीश शर्मा नसरुद्दीन मलिक, विकास, अनुपम अग्रवाल, रिंकू, अनिल दुबे, मुखर्जी, सुनील दत्त संजय अक्षय, रोहित आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 500 के नकली नोट के साथ पुलिस ने दबोचा वांछित आरोपी

**गाजियाबाद।** थाना भोजपुर पुलिस ने 500 के नकली नोटों के साथ वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 11 मार्च को भी भोजपुर पुलिस टीम ने 500 के 8 नोटों के साथ आरोपी शोएब निवासी कस्बा फरीदनगर को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। विवेचना के दौरान सादिक नामक युवक का भी नाम सामने आया था जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे थे। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे सादिक पुत्र अखिल निवासी व्यापारियन कस्बा को 500 के एक नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में सादिक ने बताया है कि उसने अनस नामक व्यक्ति से1500 में 500 500 के 9 नकली नोट लिए थे। जिसमें से उसने आठ नोट शोएब को दे दिए थे और बाकी बचा एक नोट अपने पास रख लिया था जिसे वह बाजार में चलने का प्रयास कर रहा था।

# धोखधड़ी कर प्लॉट कब्जाने के वांछित आरोपी को पकड़कर कर जेल भेजा

**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने फर्जी तरीके से पर कब्जा करने के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में वादी फुरकान द्वारा गत 26 दिसंबर को मामला दर्ज किया गया था। फुरकान ने तहरीर में बताया था कि ग्राम पावी निवासी अकबरी पत्नी इरफान और इरफान को नामजद कराया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वांछित चल रहे इरफान पुत्र इसाक अली निवासी पावी सादकपुर हाल निवासी गांव शेखपुर हापुड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक इरफान ने पूछताछ में बताया है कि उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर षडयंत्र के तहत वादी फुरकान के ट्रोनिका सिटी खसरा-522 रकबा-230 वर्ग गज के प्लॉट को फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा कर लिया था। पुलिस आरोपी के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी कर रही है।

# हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ संघर्ष समिति का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गृह कर पीड़ित संघर्ष समिति के नेतृत्व में हाउस टैक्स में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी के विरोध में बड़ा कदम उठाया गया। समिति के प्रतिनिधियों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से सौंपा। आज प्रभारी मंत्री असीम अरुण गाजियाबाद में थे समिति ने विकास भवन जाकर धर्मेश तोमर विधायक पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल जिला अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट मुख्य विकास अधिकारी की मौजूदगी में प्रभारी मंत्री असीम अरुण को भी सीएम को संबोधित ज्ञापन सौपा।



ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि 3 कार्य दिवस के भीतर बढ़ाए गए हाउस टैक्स को वापस लेने हेतु शासनादेश जारी किया जाए, ताकि आम नागरिकों और व्यापारियों का शोषण रोका जा सके। मुख्यरूप से तिलकराज अरोड़ा, बालकृष्ण गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता नंदी, प्रीतम लाल, ओम दत्त गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अजय जैन, मास्टर वीरेश सिंह, पंडित अशोक भारतीय, अमित गोयल, विनीत चौधरी, धीरेंद्र यादव बिल्लू, पुनीत शर्मा, राकेश गुप्ता, महेश गौतम, वीपी सिंह, केके मिश्रा, अजय शर्मा, अश्वनी त्यागी, विनय गुप्ता, विनीत चौधरी,राज. कुमार सिंह राणा, आशु पंडित,संजय शर्मा, आरके गर्ग, आरके आर्य,गौरव बंसल, पंकज तंवर, राधेश्याम गर्ग , संजय शर्मा युवा अध्यक्ष, दीपेंद्र गुप्ता, संजय शर्मा मीडिया प्रभारी, मनोज अग्रवाल, अंकुर गर्ग सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य सम्मिलित रहे।

# एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने मोहननगर में वृक्षारोपण कर लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस (स्नातक परिसर) की एन.एस.एस इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन मोहन नगर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इसमें एन.एस.एस इकाई के स्वयंसेवकों एवं संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के 100 से अधिक छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।




आईटीएस की प्राचार्या डॉ. नैंसी शर्मा (स्नातक परिसर) ने पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है। इससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधों का रोपण अत्यंत आवश्यक है। पेड़-पौधों से हमें छाया, फल-फूल और ऑक्सीजन प्राप्त होती है, जो जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के संचालक डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। आज के समय में वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता है। जितनी अधिक हरियाली विकसित होगी, उतना ही स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनेगा। इस कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक एवं कर्मचारीगण, जिनमें डॉ. विदुषी सिंह, प्रो. आदिल खान, विकास त्यागी, डॉ. संदीप गर्ग, प्रो. विकास कुमार, डॉ. नीरज कुमार जैन, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, प्रो. प्रशांत त्यागी सहित बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.)**
**जनपद गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्री जसवीस सिंह यादव पी.सी.एस. जे**
**(सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10)**
**मूल वाद संख्या 1607/2025**
**(कम्प्यूटर सं.- 381/2026)**

1- श्रीमती कंचन गुप्ता पत्नी श्री अनिल गुप्ता, उम्र करीब 36 वर्ष। 2- सुभाष कुमार पुत्र श्री गणेश प्रसाद, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासीगण मकान स. 77 खसरा स. 21, रानी बाग कॉलोनी, फेस-2, ग्राम सादुल्लाबाद, लोनी, तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद व हाल पता-बी-6, गली न.-1, प्लाट न.-42, शास्त्री पार्क पूर्वी दिल्ली-110053.

...वादीगण

**बनाम**

श्रीमती बबली देवी पत्नी श्री पवन सैन, उम्र करीब 51 वर्ष निवासी हाल पता-215, ग्राम अगरौला, पोस्ट ऑफिस, थाना ट्रोनिका सिटी, जिला गाजियाबाद व रानीबाग कॉलोनी, फेस-2, नियर ग्राम सादुल्लाबाद, थाना अकुर विहार, जिला गाजियाबाद।

..... प्रतिवादी

श्रीमती कंचन गुप्ता आदि ने श्रीमती बबली देवी पत्नी श्री पवन सैन, आपके विरूद्ध उक्त वाद संस्थित किया है। वास्ते घोषणात्मक डिक्री हेतु आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 10.04.2026 को दिन में प्रातः 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। जिसमें असफल रहने पर वाद आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 19.03.2026 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी.डि.) गाजियाबाद।**

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.)**
**जनपद गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्री जसवीस सिंह यादव पी.सी.एस. जे**
**(सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10)**
**मूल वाद संख्या 255/2026**
**(कम्प्यूटर सं.- 530/2026)**

कु. समृद्धि जलोटा आयु लगभग 12 वर्ष (अवयस्क) पुत्री स्व. श्री वरूण जलोटा निवासी मकान नम्बर 13 साहुकारा, चौक बाजार के पास पीलीभीत उत्तर प्रदेश हाल पता 1906, टी-8 परास टिरिया, सैक्टर-137 नौएडा द्वारा नैसर्गिक संरक्षक माता स्वय मेघा जलोटा पूर्व पत्नी स्व श्री वरूण जलोटा पुत्री श्री अनिल कुमार अग्रवाल निवासी मकान नं. 13 साहुकारा, चौक बाजार के पास पीलीभीत उत्तर प्रदेश हाल पता 1906, टी-8 पारस टीरिया, सैक्टर-137 नौएडा।

... वादनी

**बनाम**

श्रीमती आदर्श जलोटा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जलोटा निवासी 9007, मैपल-बी, पैरामाउण्ट सिम्फनी, क्रोसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद।

.....प्रतिवादी

कु. समृद्धि जलोटा द्वारा संरक्षक माता स्वय मेघा जलोटा ने श्रीमती आदर्श जलोटा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जलोटा, आपके विरूद्ध उक्त वाद संस्थित किया है। वास्ते स्थायी व्यादेश व घोषणात्मक डिक्री हेतु आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29.04.2026 को दिन में प्रातः 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। जिसमें असफल रहने पर वाद/ आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 18.03.2026 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी.डि.) गाजियाबाद।**

# वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पेश किया 103700 करोड़ का बजट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ का बजट पेश किया है। बजट में विकास कार्यों के अलावा प्रदूषण और महिलाओं, युवाओं पर भी विशेष फोकस रखा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 9 की 1.30 लाख बेटियों को मुफ्त साइकिलें उपलब्ध कराने का एलान किया है। इस योजना के लिए 90 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं 10वीं के मेधावी छात्रों को लैपटॉप देने की घोषणा की गई है।

सीएम रेखा गुप्ता ने बजट में छात्र-छात्राओं को लेकर भी बड़े एलान किए हैं। सीएम ने 10वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देने की घोषणा की है। इसके लिए बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

दिल्ली सरकार ट्रांसजेंडरों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के दायरे में लाने के लिए 202 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। दिल्ली सरकार नए 750 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 1,500 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि पूर्व आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा अधूरे छोड़े गए सात आईसीयू अस्पतालों को 150 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 12,645 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार मानसून के दौरान जलभराव को रोकने के लिए अथक प्रयास कर रही है। सिंचाई विभाग को 610 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दिल्ली सरकार के बजट में दिल्ली जल बोर्ड को 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दिल्ली के बजट में विद्युत विभाग के लिए 3,942 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वित्त वर्ष 2027 का बजट पेश करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने अग्निशमन विभाग के लिए 674 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।दिल्ली में सड़क सुधार के लिए एमसीडी को 1,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

## कई आपराधिक मामलो में भगोड़ा को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने डकैती सहित कई आपराधिक मामलो में वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था और अंतरिम जमानत मिलने के बाद फरार हो गया था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि 2024 में, आरोपी रिंकू / राजिंदर ने अपने साथियों के साथ मिलकर डीबीजे रोड इलाके में 25 लाख रुपये की डकैती की थी। बाद में, सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इसी बीच दिसंबर 2025 के महीने में, रिंकू को सात दिनों के लिए अंतरिम जमानत मिली थी। लेकिन उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और फरार हो गया। कोर्ट द्वारा उसके खिलाफ एक गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था, क्योंकि उसने जानबूझकर गिरफ्तारी और कानून की उचित प्रक्रिया से बचने की कोशिश की थी।

# बजट को हवा-हवाई फर्जी कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार की ओर से पेश किए गए एक लाख करोड़ से अधिक के बजट और पिछले बजट के खर्च पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ''आप'' दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की फर्जीवाड़ा सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी हवा- हवाई एक फर्जी बजट पेश किया है। पिछले साल भी एक लाख करोड़ का बजट पेश किया, लेकिन सरकार खर्च हुए पैसे का हिसाब नहीं दे रही।

इस सरकार ने हजारों लोगों को नौकरी से निकाला, पेंशन बंद कर दी, राशन कार्ड काट दिए। सरकार पर कोई अतिरिक्त बोझ पड़ा नहीं, फिर ये एक लाख करोड़ गए कहां? ''आप'' सरकार में एक करोड़ का काम 55 लाख में होता था, आज वही काम 95 लाख में हो रहा। मार्जिन के बचे 40-45 लाख रुपए अफसरों और मंत्रियों में बांटा जा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की फर्जीवाड़ा सरकार ने आज बिना किसी जवाबदेही और बिना विपक्ष की मौजूदगी के अपने ढोल नगाड़े बजाते हुए एक हवा हवाई बजट सदन में रखा। यह देखकर बहुत दुख हुआ कि एक घर में नौ लोगों की जलकर मृत्यु हो गई और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता खीर बांट रही थीं।

जब भी रेखा गुप्ता उस घर में जाएंगी, जहां नौ लोगों की मृत्यु हुई है, तो पता नहीं वे उन लोगों से कैसे नजर मिलाएंगी। उन्होंने विधानसभा के अंदर पीड़ित परिवारों को श्रद्धांजलि दिए बिना ही यह काम किया। एक लाख करोड़ रुपए का बजट कैसे खर्च हुआ, यह दिल्ली की जनता और विपक्ष के लोगों के मन में एक बड़ा सवाल है, मगर इसका जवाब देने वाला कोई नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि विधानसभा के अंदर विपक्ष ने प्रश्न लगाए गए, तो उनके गोलमोल जवाब दिए गए। आरटीआई लगाई जाती है तो उसका जवाब नहीं दिया जाता।

दिल्ली वालों के मन में सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक तरफ अरविंद केजरीवाल 75 हजार करोड़ रुपए का बजट पास करते थे, तो दिल्ली में 542 मोहल्ला क्लीनिक बन गए थे। मुफ्त बिजली और 20 हजार लीटर मुफ्त पानी दिया जा रहा था। जगह जगह अंत. रराष्ट्रीय स्तर के वर्ल्ड क्लास स्कूल और अस्पताल खोले जा रहे थे, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा पर भेजा जा रहा था।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दूसरी तरफ मौजूदा भाजपा सरकार ने तीर्थ यात्रा व मोहल्ला क्लीनिक बंद कर दी, हजारों लोगों की पेंशन रोक दी और आठ लाख राशन कार्ड काट दिए। बस मार्शलों, डीटीसी कंडक्टरों और अस्पतालों से डाटा एंट्री ऑपरेटरों को नौकरी से निकाल दिया गया।

इस दौरान विधायक संजीव झा ने कहा कि आज दूसरी बार दिल्ली की मुख्यमंत्री ने दिल्ली विधान सभा में अपना बजट पेश किया है। हालांकि हम सभी विधायकों ने आज के इस बजट का विरोध किया और हम सब सदन से बाहर थे। क्योंकि पिछले एक साल से दिल्ली विधानसभा को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है।

दिल्ली में हो रहे लूट व भ्रष्टाचार और जनता के मुद्दों को विधानसभा में उठाने रोका जा रहा है। ''आप'' विधायकों पर विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज) लगाने की धमकी दी जाती है और आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है।

# रंजिश के चलते की चाकू मारकर हत्या, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा नेसदर बाजार में हुए हत्या का मामला सुलझाकर दो जेसीएल को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से खून से सने कपड़े , जूते और अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की है।आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते लड़के पर धारदार चाकू से हमला किया था जिससे उसकी मौत हो गई थी।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि 22 मार्च को एक जेसीएल यू अपने साथी जेसीएल ए और एक अन्य सहयोगी एस के साथ,स्कूटी पर सवार होकर सदर बाजार स्थित गली गढैया इलाके में पहुंचे। इस दौरान पुरानी रंजिश के चलते, उन्होंने "एक 16 वर्षीय लड़के पर एक धारदार चाकू से हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई। इस जघन्य अपराध को अंजाम देने के बाद, आरोपी मौके से फरार हो गए थे।इसके बाद मृतक की मां की शिकायत पर सदर बाजार थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय गहलावत के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर कानून के साथ संघर्षरत दो किशोरों को पकड़ लिया, जिनकी पहचान यूं और ष्ए के रूप में हुई है। ये दोनों एक हत्या के मामले में शामिल पाए गए थे।



दिल्ली सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बजट पेश करती मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

# इलेक्ट्रिक बसों व मेट्रो के विस्तार पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौजूदा वित्तीय वर्ष में ई-बसों की संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले दो गुनी हो गई है। कोविड काल के बाद पहली बार निजी वाहनों की संख्या में गिरावट दिखी है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुता. बिक, अप्रैल 2025 में 2,150 ई-बसों की तुलना में मार्च 2026 इनकी संख्या 4,338 हो गई है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1,600 नई बसें जोड़ी जानी हैं। निजी वाहनों में सालाना 0.63 फीसदी की गिरावट दिख रही है। दिल्ली सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, राजधानी में परिवहन क्षेत्र को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और सुलभ बनाने के लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है।

सर्वेक्षण के अनुसार, परिवहन बेड़े में वर्ष 2026-27 तक 1,600 नई बसें जोड़ी जानी हैं। इनमें 50 मेट्रो फीडर बसें भी शामिल होंगी। 2,800 नई इलेक्ट्रिक बसों की मांग रखी गई है। इसमें 1,380 बसें डीटीसी, 1,420 बसें परिवहन विभाग के लिए प्रस्तावित हैं। 3,330 अतिरिक्त ईवी बसों का प्रस्ताव भी पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत भेजा गया है। रिपोर्ट के तहत 2024-25 में कुल पंजीकृत निजी वाहनों की संख्या घटकर 81,18,294 रह गई। पिछले वर्ष की तुलना में 51,905 वाहनों की कमी दर्शाती है। वर्ष 2014-15 में जहां दिल्ली में कुल वाहन 88.27 लाख थे। वहीं 2020-21 तक यह संख्या बढ़कर 1.22 करोड़ के पार पहुंच गई थी। 2021-22 से में 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल, 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों पर लगाई गई पाबंदी से 64.25 लाख से अधिक वाहन डी-रजिस्टर हो चुके हैं। इस नीति का सबसे अधिक असर 2021-22 में दिखा, जब एक साल में करीब 43 लाख वाहनों की कमी दर्ज हुई।

# डीसीपी ऑफिस से चंद कदमों की दुरी पर सर्राफा बाप-बेटे को लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिला डीसीपी आफिस से चंद कदमों की दूरी पर जीटी रोड वेलकम इलाके में स्कूटी और स्कार्पियो सवार बदमाशों ने सरेराह सोना कारोबारी पिता-पुत्र से एक किलो सोना, स्कूटी और चेन लूट ली। सोने की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। भोपुरा बार्डर के पास पुलिस ने स्कार्पियो गाड़ी को रोककर बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाश स्कार्पियो छोड़ सोना लेकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बरामद गाड़ी की नंबर प्लेट फर्जी निकली। रामनगर निवासी अनेश बंसल और उनका बेटा प्रथम बंसल कूचा महाजनी में श्री बालाजी ओर्नामेंट के नाम से सोने चांदी का कारोबार करते हैं। सोमवार रात करीब नौ बजे दोनों पिता पुत्र स्कूटी से लगभग एक किलो सोना लेकर घर लौट रहे थे। सोने की डिलीवरी उन्हें गुड़गांव निवासी एक अन्य व्यापारी को करनी थी। दोनों जैसे ही जीटी रोड पर सीलमपुर थानाक्षेत्र के वेलकम पहुंचे स्कूटी सवार दो युवकों ने उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी और उनसे झगड़ा करने लगे।

इसीबीच एक काले रंग की स्कार्पियो आकर रुकी और हथियारबंद बदमाशों ने उनसे सोने से भरा बैग लूटने का प्रयास किया। इस दौरान प्रथम बदमाशों से भिड़ गया और बाइक के हेलमेट से ही उनपर वार करने लगा। बदमाशों ने उनकी सोने की चेन और मोबाइल भी लूट लिया इस दौरान बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और स्कूटी से



गिरा दिया। इसके बाद सोना और उनकी स्कूटी लेकर फरार हो गए। बदमाश इतने बेखौफ थे कि उन्होंने डीसीपी आफिस से चंद कदमों की दूरी पर वारदात को अंजाम दिया। अक्सर चेकिंग के दौरान वाहनचाल. कों को रोकने वाली सीलमपुर थाने की पुलिस भी कुछ नहीं कर सकी। डीसीपी उत्तर पूर्वी दिल्ली आशीष मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस को अलर्ट कर दिया गया और स्कार्पियो और स्कूटी का नंबर फ्लैश किया गया। इस दौरान गाजियाबाद की ओर भाग रहे बदमाशों की कार को भोपुरा बार्डर पर रोक लिया जिसके बाद बदमाश कार छोड़कर वहां से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पर्यटन मास्टर प्लान, फिल्म पॉलिसी से रोजगार को मिलेंगे नये आयाम : कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, समाज में संवे. दनशीलता बढ़ाने और दिल्ली का स्वरूप बदलने वाला बजट बताते हुए,मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट दिल्ली के हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर करने के साथ पशुओं की तकलीफ को भी कम करने वाला संवेदनशील बजट है। कपिल मिश्रा ने कहा कि यह बजट यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प आत्मनिर्भर भारत और विकसित दिल्ली की दिशा में है, साथ ही दिल्ली को एक वैश्विक सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग का बजट पिछले वर्ष के 121 करोड़ से तीन गुना से अधिक बढ़ाकर 412 करोड़ रुपये करने और कला, संस्कृति एवं भाषा के लिए 173 करोड़ रुपये का प्रावधान दिल्ली की सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त करेगा।

ब्रांडिंग दिल्ली योजना के तहत पर्यटन मास्टर प्लान, नई पर्यटन नीति और डिजिटल कंटेंट विकास के लिए 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है। दिल्ली में पहली बार इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है, इससे दिल्ली को ग्लोबल कल्चरल मैप पर नई पहचान मिलेगी। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि एक भावना, एक पहचान और एक प्रेरणा है। दिल्ली के 13 प्रमुख प्रवेश द्वारों पर भव्य स्वागत द्वार बनाने से दिल्ली नये अवतार में नजर आएगी। इन पर 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही केंद्र सरकार के सहयोग से टाउन हॉल को ग्लोबल हेरिटेज सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। भव्य "दिल्ली सदन" का निर्माण भी होगा।गोसेवा के लिए 10 नई गौशालाएं बनेंगी, जिसके लिए 14 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। साथ ही 62.6 करोड़ की लागत से वेटरेनरी हॉस्पिटल का निर्माण और आधुनिकीकरण किया जाएगा।

## बजट दिल्ली को एक नये क्षितिज पर लेकर जायेगा : सचदेवा

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत 2026-27 के सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय बजट का स्वागत करते हुए कहा है की पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत के साथ प्रधानमंत्री के समग्र विकास की नीति से प्रेरित इस बजट में समाज के हर वर्ग के लिए सौगात है। एक लाख 3हजार करोड़ का यह रिकार्ड बजट दिल्ली के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है, जिसमें स्वंय सरकार का राजस्व लगभग 74% बजट खर्च की पूर्ति करेगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की भाजपा की सरकार का यह बजट विकसित दिल्ली शहर का बजट है जिसका 31% से अधिक यानि 32,360 करोड़ रूपया शिक्षा सेवाओं के रखरखाव को समर्पित है।



दिल्ली पुलिस मुख्यालय में स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन।

## दिल्ली पुलिस मुख्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस कल्याण इकाई ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के वैशाली स्थित अवी अस्पताल के सहयोग से विशेष पुलिस आयुक्त/कल्याण अतुल कटियार, की देखरेख में स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पुलिस मुख्यालय, जय सिंह रोड, में आयोजित किया गया। कुल 266 पुलिसकर्मियों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

इस पहल का उद्देश्य निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना और व्यापक चिकित्सा जांच के माध्यम से पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना था।शिविर के दौरान, 2 सामान्य चिकित्सकों, 1 फिजियोथेरेपिस्ट और 1 आहार विशेषज्ञ सहित चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम ने विस्तृत स्वास्थ्य मूल्यांकन किया। लिवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी), किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी), विटामिन बी12, विटामिन डी3, फाइब्रो स्कैन, एचबीए1सी और टीएसएच सहित विभिन्न नैदानिक परीक्षण भी किए गए।

# ग्रीन बजट से इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरण व महिला सशक्तिकरण को मिलेगी मजबूती: सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली विधानसभा में पेश हुए 2026-27 के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह दिल्ली के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा पेश बजट की भूरी-भूरी प्रशंसा की, जिसमें लगभग 1,03,700 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।मंत्री सिरसा ने कहा, "देखिए यह बजट दिल्ली के लिए बहुत ऐतिहासिक है। जब हमने पिछले साल ध्1 लाख करोड़ का बजट पेश किया था, तब रेखा गुप्ता से सवाल पूछे जा रहे थे, पैसा कहां से आएगा, कैसे आएगा और कहां खर्च होगा। लेकिन रेखा गुप्ता के अनुभव ने यह साबित कर दिया कि रु. 1 लाख करोड़ का बजट सफलतापूर्वक लागू किया गया।"उन्होंने बताया कि इस वर्ष रु 1.03 लाख करोड़ का बजट दिल्ली के विकास को नई गति देगा और शहर के बुनियादी ढांचे को और मजबूत बनाएगा।

पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए मंत्री ने कहा, "इसके साथ-साथ दिल्ली का यह ग्रीन बजट है। दिल्ली के जो भी प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं, जिस तरह का भी प्रोजेक्ट हो, चाहे वो ई वेस्ट का प्रोजेक्ट हो, चाहे वो रोड ट्रांसपोर्ट का प्रोजेक्ट हो, चाहे वो इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रोजेक्ट हो, चाहे वो मेट्रो का प्रोजेक्ट हो, इन सबके अंदर भी पहली कोशिश की गई है कि उसको पौधारोपण के साथ जोड़ के के एनवायरमेंट फ्रेंडली कैसे बन सकता है?" बजट में कुल 21% हिस्सा ग्रीन पहलों के लिए आवंटित किया गया है, जो प्रदूषण नियंत्रण और सस्टेनेबल विकास को बढ़ावा देगा।

## महिला सशक्तिकरण पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 2026-27 के बजट में महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिखा। इसी क्रम में महिला हाट आउटलेट स्थापित कर महिलाओं के कौशल को बाजार से जोड़ने का सेतु बनाया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। प्रत्येक जिले में ष्मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रष स्थापित किए जाएंगे। आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और सामुदायिक भागीदारी के साथ यह पहल दिल्ली के भविष्य को सुदृढ़ करेगी। इसके लिए 33 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन प्रस्तावित है। दिल्ली सरकार ने अपने बजट में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की विशेष निधि आवंटित की गई है। सरकार शहर के अंधेरे स्थानों की पहचान करेगी।

# ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से 20 ग्राम स्मैक, 04 ग्राम को. कीन और एक बाइक बरामद की है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि सुल्तानपुरी थाने के इलाके में गश्त के दौरान गुप्त सूचनाएं विकसित करते समय, टीम को एक विश्वसनीय इनपुट मिला कि एक व्यक्ति सुल्तानपुरी स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स के पास ड्रग्स की सप्लाई करने के लिए आने वाला है। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए,एसीपी ऑपरेशंस वीरेंद्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर राजपाल के नेतृत्व में टीम ने चिन्हित स्थान पर जाल बिछाया।कुछ समय बाद, बाइक पर सवार एक व्यक्ति को उस स्थान की ओर आते हुए देखा गया। पुलिस की मौजूदगी देखते ही, उसने यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया।संदेह होने पर, टीम ने उसे पकड़ लिया।पुलिस द्वारा आरोपी की पहचान ओम प्रकाश (26) के रूप में हुई है।उसकी व्यक्तिगत तलाशी के दौरान, एक संदिग्ध पदार्थ बरामद हुआ। फील्ड टेस्टिंग किट से जांच करने पर, इस पदार्थ के स्मैक और कोकीन होने की पुष्टि हुई।

# 2026-27 के बजट को विकासोन्मुखी व जनकल्याणकारी बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली के ग्रीन बजट के लिए धन्यवाद देते हुए इसे जनहितक. ारी बजट बताया है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली की बीजेपी सरकार निरंतर आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए ठोस प्रयास कर रही है और विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 को धरातल पर उतार रही है।सूद ने यह भी कहा की मुख्यमंत्री रेखा ने आज 2026-27 का ग्रीन बजट पेश किया है। यह जनहितकारी बजट दिल्ली के लोगों के कल्याण के साथ साथ उनके सपनों को साकार करने वाला बजट भी है। उन्होंने आगे कहा की दिल्ली का बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि यह बिजली, सड़क, परिवहन जैसे आर्थिक क्षेत्रों और शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण जैसे सामाजिक क्षेत्रों की दिशा और दशा तय करता है। वर्ष 2024-25 में आप सरकार के दौरान जहां बजट मात्र रु. 76,000 करोड़ था, वहीं 2025-26 में यह बढ़कर रु. 1,00,000 करोड़ हुआ और अब 2026-27 में ध्1,03,700 करोड़ का है। जो यह दर्शता है की दिल्ली सरकार विकास के कार्य निरन्तर कर रही है।

शिक्षा मंत्री ने आगे कहा की किसी भी राज्य के विकास में कैपेक्स यानी कैपिटल एक्सपेंसस (पूंजीगत व्यय) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 2024-25 में जहां यह ध्15,089 करोड़ था, वहीं 2025-26 में बढ़कर ध्28,115 करोड़ हुआ और 2026-27 में रु. 30,800 करोड़ तक पहुंच गया हैख्रजो मजबूत बुनियादी ढांचे और दीर्घकालिक विकास का संकेत है।इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि दिल्ली की आर्थिक विकास दर 2025-26 में 8.53% तक पहुंच गई, जो 7.4% के राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

इसके विपरीत, 2024-25 में यह 6.21% थी, जो राष्ट्रीय औसत 6.5% से कम थी। इसी प्रकार, प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज कीउ गई है। 2024-25 में जहां औसत मासिक आय ध्23,676 थी, वह 7. 09% की वृद्धि के साथ 2025-26 में ध्25,453 हो गई जो नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार का स्पष्ट प्रमाण है। हालांकि, GDP growth] per capita income और cape◦ जैसे आर्थिक संकेतक तभी सार्थक होते हैं, जब उनका सीधा लाभ आम नागरिक तक पहुंचे। सूद ने कहा कि सरकार का 2026-27 का बजट इसी सोच को प्रतिबिंबित करता है। यह जनभावनाओं और जनअपेक्षाओं से जुड़ा हुआ बजट है। सूद ने शिक्षा के क्षेत्र में इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान करने पर कहा की इस वर्ष के बजट में शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण सामा. जिक क्षेत्र के लिए ध्19,148 करोड़ का सर्वाधिक प्रावधान (जो कुल बजट का 18.64% है) सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। कक्षा 9 की 1,30 हजार बालिकाओं के लिए मुफ्त साइकिल योजना दिल्ली की सरकार की एक सराहनीय पहल है, जो बालिका शिक्षा को नई दिशा देगी। इस मद पर 90 करोड़ रुपए का व्यय होगा। प्रत्येक सरकारी स्कूल में मेडिकल रूम की स्थापना, छात्रों के लिए "एक्सपोजर विजिट्स" और शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग हेतु ध्10 करोड़ का प्रावधानख्र ये सभी कदम भविष्य उन्मुख हैं। सूद ने यह भी कहा की इस बजट में नए भवनों के निर्माण के लिए 200 करोड़ तथा स्कूलों के विस्तार के लिए 275 करोड रुपए भी आबंटित किए गए हैं। इसके साथ ही स्पोर्ट्स हॉस्टल, खेल मैदान और स्विमिंग पूल के निर्माण के लिए 50 करोड रुपए आबंटित किए गए हैं।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के लिए इस बजट में 700 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से सरकार दिल्ली के युवाओं को जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रिएटर बनाना चाहती हैं। सरकार स्टार्टअप और इकुवेशन पॉलिसी के माध्यम से इनोवेशन इकोसिस्टम भी तैयार करने जा रही है। सूद ने इस बजट की विशेषता बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली बार बजट में प्राइवेट प्ले स्कूल पॉलिसी और प्राइवेट स्पोर्ट्स अकैडमी पॉलिसी बनाने का भी प्रावधान किया है। उन्होंने कहा की इसके साथ ही इस बजट में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में रु. 150 करोड़ के आवंटन से 8,777 स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए जाएंगे, जो सरकारी स्कूलों के छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ेंगे। आने वाले समय में 21000 स्मार्ट कक्षाओं तक इसका विस्तार किया जाएगा। नरेला में एजुकेशन हब के विकास को गति दी जाएगी और मुंडका में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना से दिल्ली को एक उभरते हुए स्पोर्ट्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# बाबूगढ़ में मिशन शक्ति का असर, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी से महिलाओं में बढ़ा भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेस-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत मंगलवार को थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। चामंड मंदिर, कस्बा बाबूगढ़ छावनी में आयोजित कीर्तन कार्यक्रम तथा ग्राम अटूटा में जनचौपाल के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं और बालिक. ाओं को सुरक्षा, सहायता और सरक. ारी योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान एसआई आयशा, एसआई मनीषा, एलएचसी 408 रजनीबाला, एलसी 604 दीपा और एलएचजी साधना ने



महिलाओं को विभिन्न आपातकाल. ीन और सहायता हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने 1090, 181, 102, 108, 112, 1098, 1076 और 9412223343 जैसे प्रमुख नंबरों के उपयोग की जानकारी दी, साथ ही साइबर अपराध से बचाव के लिए 1930 और 9520864950 साइबर हेल्पलाइन नंबर की उपयोगिता भी समझाई। पुलिस टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर ठगी, बाल अपराध या आपात स्थिति में बिना झिझक इन नंबरों पर संपर्क कर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही थाना परिसर में स्थापित महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र की भूमिका के बारे में भी जानकारी देते हुए भरोसा दिलाया गया कि महिलाओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाता है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इनमें कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रमुख रहे। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया और आवश्यक प्रक्रिया भी समझाई। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने पुलिस की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की जानकारी गांव-गांव तक पहुं. चने से महिलाओं में जागरूकता बढ़ेगी और वे जरूरत पड़ने पर मदद लेने में संकोच नहीं करेंगी।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर शादी रचाने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने, उससे शादी करने और दुष्कर्म करने के गंभीर आरोपों में वांछित नामजद अभियुक्त को थाना हापुड़ नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार थाना हापुड़ नगर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 130/2026 में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के अलावा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(1) तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(अ) के तहत मुक. दमा दर्ज है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने नाबालिग को



बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उससे शादी कर ली और उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रिन्स पुत्र राम चन्दर उर्फ चन्दरू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से ग्राम लत्तीपुर, थाना बेहपुर, जनपद भागलपुर (बिहार) का निवासी है। वर्तमान में वह दिल्ली के ज्वालापुरी थाना क्षेत्र स्थित आर ब्लॉक-5 में रह रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# हापुड़ में अवैध हथियारों पर शिकंजा, तमंचा-कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को ब्रेनबेव्स स्कूल अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान दबोचा। बरामदगी के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी के अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबराने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में वह हथियार से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लोक. ेश कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से चूना भट्टी, भूपेन्द्रपुरी गली नंबर 6, थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद का निवासी है। वर्तमान में वह खाई मोहल्ला, कोठी गेट, थाना हापुड़ नगर क्षेत्र में रह रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के संबंध में थाना हापुड़ नगर में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## चेकिंग में फंसे नाबालिग वाहन चोर, पुलिस ने बरामद की तीन चोरी की स्प्लेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को हिरासत में लिया, जिनके कब्जे और निशानद. ेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की गईं। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में वाहन चोरों के बीच हड़कंप मच गया है।

थाना प्रभारी के अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच के दौरान तीन किशोर पुलिस को देखकर घबराए हुए नजर आए। पूछताछ में वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिस पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने वाहन चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी की तीन स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गईं। थाना प्रभारी का कहना है कि पकड़े गए बाल अपचारी क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरी गिरोह से जुड़े हो सकते हैं और उनसे अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। बरामदगी के बाद चोरी के शिकार वाहन मालिकों को सूचना दी जा रही है, जिससे उनके वाहनों को सुपुर्द किया जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध विधिक प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# न्यायालय के आदेश की अवहेलना पड़ी भारी, जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला बदर घोषित किए जाने के बावजूद न्यायालय के आद. ेशों की अनदेखी कर जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले एक शातिर अभियुक्त को थाना हापुड़ नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को रामपुर रोड क्षेत्र से दबोचा। गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी को पूर्व में आपराधिक गतिविधियों के चलते जिला बदर किया गया था और उसे निर्धारित अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था। इसके बावजूद वह आदेशों की अवहेलना करते हुए शहर में घूमता पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने



मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जुबैर उर्फ डोला पुत्र शहजाद उर्फ शहजादा निवासी मजीदपुरा, थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी का आपरा. धिक इतिहास लंबा रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2024 में दंगा, मारपीट, धमकी और शांति भंग से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा वर्ष 2022 में हत्या के प्रयास (धारा 307) समेत अन्य गंभीर धाराओं में भी मामला दर्ज हो चुका है। वर्ष 2019 में मारपीट और गाली-गलौज से संबंधित प्रकरण में भी उसका नाम सामने आया था। इसके साथ ही आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत अवैध हथियार रखने के दो अलग-अलग मामले भी दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करना गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाती है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# पीलीभीत में 29 मार्च से होगी शूटिंग प्रतियोगिता तैयारियां शुरू

'kkg VkbEl C;jks

ihyhHkhrA जिला रायफल क्लब के तत्वाधान में पुलिस लाइन शूटिंग रेंज में तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता 29 मार्च से होगी। यह जानकारी सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि 29 मार्च से शुरू होकर 31 मार्च को प्रतियोगिता का समापन और पुरस्कार वितरण होगा जिसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है. उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता. 22 बोर,. 32 बोर,. 12 बोर जबकि अन्डर 12 वर्ष के बच्चों के लिए एयरगन प्रतियोगिता होगी. प्रतियोगिता को छह कैटारगिरी में बांटा गया है जिसमें प्रथम माननीय व राजपत्रित अधिकारी, दूसरी खुली स्पर्धा तीसरी स्टेट व नेशनल वग, चौथी सीनियर सिटीजन, पांचवी बालक / बालिकायें / महिला, जबकि छठी गेस्ट प्रतियोगिता होगी। आधार कार्ड की फोटी कॉपी इन्ट्री फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। एक प्रतिभागी प्रतियोगिता की एक ही कैटागिरी में प्रतिभाग कर सकता है तथा कारतूस प्रतियोगिता में उपयोग करने के बाद खाली कारतूसों को वापस करना अनिवार्य है तथा प्रतियोगिता से सम्बन्धित निर्गत शर्तों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक इवेन्ट में प्रतिभाग करने के लिए 500 रूपये इन्ट्री फीस रखी गई है। छात्र/छात्राओं / महिलाओं के लिए 100 रूपये जबकि रायफल क्लब सदस्य के लिए 200 रूपये इन्ट्री फीस रखी गई है।

## हथियार लेकर घूमना पड़ा भारी, पुलिस ने तीन युवक हथियार सहित दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में अपराध पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे चे. कंग अभियान के दौरान थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों को मीनाक्षी रोड से पकड़ा, जिनके कब्जे से तीन अवैध चाकू बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

थाना प्रभारी के अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के दौरान तीन युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते मिले। शक होने पर पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली, जिसमें उनके पास से तीन अवैध चाकू बरामद हुए। आरोपी चाकू रखने से संबंधित कोई वैध कारण या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुनील पुत्र चंदर सिंह निवासी ग्राम पीरनगर सूदना थाना हापुड़ देहात, प्रियान्शु पुत्र भारत तथा अंकुश पुत्र मुकेश निवासी मोहल्ला बाल्मीकि, निकट सिकंदरगेट टंकी थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ थाना हापुड़ नगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### तेज रफ्तार का कहररू सालासर कंपनी के सामने एक्सीडेंट में युवक ने तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/पिलखुवा।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र का खेड़ा रोड एक बार फिर खून से लाल हो गया। सोमवार देर रात तेज रफ्तार और लाप. रवाही ने एक और परिवार की खुशियां छीन लीं। सालासर कंपनी के सामने अज्ञात वाहन की भीषण टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

मृतक की पहचान हरवीर पुत्र गजेपाल सिंह निवासी हिडालपुर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब 10 बजे हरवीर अपनी बाइक से खेड़ा रोड से गुजर रहे थे, तभी अचानक पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और उसे संभलने तक का मौका नहीं मिला। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि हादसा करने वाले वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपी चालक को चिन्हित कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि खेड़ा रोड पर तेज रफ्तार वाहनों का आतंक बना रहता है, लेकिन न तो गति नियंत्रण के ठोस इंतजाम हैं और न ही पर्याप्त पुलिस निगरानी। आए दिन हो रहे हादसों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

ihyhHkhrA गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण समारोह हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला पुलिस उपाधीक्षक नताशा गोयल, विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी एवं संरक्षिका सोनिया गोस्वामी ने ज्ञान की देवी माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद छात्रों ने मार्च पास्ट प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर कक्षा छह से ग्यारहवीं तक के छात्र एवं छात्राओं ने 'हमारा देश हमारा अभिमान ' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया! छात्रों ने प्राचीन भारतीय युद्ध कौशल 'मलखम्ब' और 'पाईका अखाड़ा' का भी प्रदर्शन किया। दीक्षांत समारोह की ड्रेस पहनकर जब छोटे छोटे बच्चे रैम्प वॉक कर रहे थे तो उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। कक्षा छह में श्रेया सिंह, अलीज़ा नूर हर्षिका सिंह,वैष्णवी मिश्रा,अनामिका सिंह, मो.कैफ अंसारी प्रथम, द्वितीय , तृतीय कक्षा सात में अयान उल हक़ शम्शी,कनिष्क सिंह,मिनहाज़ हुसैन अंसारी,पाखी लोधी,मेहुल गंगवार वैष्णवी कश्यप प्रथम, द्वितीय, तृतीय कक्षा आठ में सारिका शर्मा, कंगना शर्मा,आराध्या ओझा, ज़ायबा फातिमा, तज़मीन फातिमा पूजा सिंह प्रथम, द्वितीय , तृतीय कक्षा नौ कॉमर्स निबाह फातिमा अलिश्बा शम्शी, अनमता शम्मी कक्षा नौ विज्ञान में रहबर अली खान अंश गंगवार, वंशिका भारती , कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान दिया राजपूत,जीत वर्मा ,प्रज्ञा गंगवार ग्यारहवीं कॉमर्स में अरीबा बी,वैष्णवी ,जन्नत प्रीत ग्यारहवीं आर्ट वैशाली शर्मा ,सिद्धी सिंह देशवार,कृशिका शर्मा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। तत्पश्चात वार्षिक खेलकूद के अन्तर्गत बालक तथा बालिकाओं की चार सौ मीटर रेस, बालिकाओं की रस्साकसी, बालक तथा बालिकाओं की रिले रेस, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इनमें विक्टर प्रथम, लेजेंड्स द्वितीय एलीट्स तृतीय स्थान पर रहे।

# बेनहर गुरुकुल के रंजीत स्टेडियम में सीनियर क्रिकेट लीग मैच में बेनहर टाइटंस का रहा दबदबा

'kkg VkbEl C;jks

ihyhHkhrA सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच का शुभारम्भ बेन-हर गुरुकुल के रंजीत स्टेडियम में 3 टीमों (बेन-हर हरक्यूलिस,बेन-हर टाइटंस एवं गुरुकुल वारियर्स) के बीच हुआ, जिसका उद्घघाटन प्रबंधक डॉ परविंदर सिंह सैहमी द्वारा किया गया। उद्घाटन के समय बेन-हर संस्थापिका श्रीमती रंजीत कौर सैहमी, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर, एकेडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित, एक्टिविटी इंचार्ज गुरु सेवक सिंह एवं रोशनी बग्गा मौजूद रहे।

पहला मैच बेन-हर हरक्यूलिस एवं बेन-हर टाइटंस के बीच खेला गया। बेन-हर



हरक्यूलिस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट पर 48 रन का स्कोर खड़ा किया,जिसमें जशनदीप सिंह ने सर्वाधिक 16 रन बनाये। इसी के जवाब में बेन-हर टाइटंस ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 3.2 ओवर में ही मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम किया।12 गेंदों पर 28 रनों की शानदार पारी के लिए विराट सक्सेना को मैन ऑफ़ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

दूसरा लीग मैच बेन-हर हरक्यूलिस और गुरुकुल वारियर्स के बीच खेला गया। जिसमें गुरुकुल वारियर्स ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 80/2 का लक्ष्य दिया, जिसमें 17 गेंदों में 46 रन बनाने पर विनय यादव को मैन ऑफ़ द मैच घोषित किया गया तथा लीग का दूसरा मैच 19 रन से जीत कर यह मैच अपने नाम किया। बेन-हर हरक्यूलिस की टीम को 61/2 पर ही संतुष्ट होना पढ़ा।

तीसरा लीग मैच बेन-हर टाइटंस व गुरुकुल वारियर्स के बीच खेला गया। बेन-हर टाइटंस ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग का फैसला किया जिसमें विराट सक्सेना( 39)व अर्पित तेवटिआ(34) के योगदान द्वारा गुरुकुल वॉरियर्स को103/5 का लक्ष्य मिला जिसका पीछा करते हुए गुरुकुल वारियर्स ने 53 रन बनाये, जिसमें प्रभजोत ने 12 रन का योगदान दिया। मैन ऑफ़ द मैच अर्पित तेवटिआ रहे। बच्चों के माता पिता ने कहा कि विद्यालय केवल एक खिलाड़ी को तैयार नहीं कर रहा, बल्कि एक अनुशासित और जुझारू व्यक्तित्व का निर्माण भी कर रहा है।

विद्यालय के प्रबंधक डॉ. परविंदर सिंह सैहमी ने कहा कि बच्चों का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसके लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

बेन- हर की संस्थापिका रंजीत कौर सैहमी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा "मैदान पर आपकी मेहनत और खेल के प्रति आपका जुनून आपको एक दिन बहुत ऊंचाइयों तक ले जाएगा। क्रिकेट की दुनिया में आप अपना और देश का नाम रोशन करें, ईश्वर से यही कामना है।" खेल अध्यापक त्रिलोक चंद्रा ने खेल में अंपायर की भूमिका निभाई। मैच के सुचारू संचालन में अविरल सैनी, शुभम शर्मा,देव सिंह,अमन सिंह, रमनदीप सिंह,राजेंद्र मौर्य एवं विक्की श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बरखेड़ा में गूंजा भक्ति का स्वर

'kkg VkbEl loknnkrk

cj[kMkA क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्ति के माहौल के बीच हिंदू महासभा ने अपने संगठन के विस्तार की दिशा में सक्रिय कदम बढ़ा दिए हैं। इसी क्रम में ग्राम विक्रमपुर निवासी गंगा प्रकाश मौर्य को नगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपलक्ष्य में एक भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। नवरात्रि के पावन अवसर पर विक्रमपुर स्थित प्राचीन ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में हिंदू महासभा के तत्वावधान में विशाल हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूरे मंदिर परिसर में गूंजते भक्ति गीत, मंत्रोच्चार और जयकारों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया।

कार्यक्रम में हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा सहित जिले के कई पदाधिकारी और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने और युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने आगे बताया कि हिंदू महासभा द्वारा जिले के प्रत्येक गांव में इसी प्रकार के हनुमान चालीसा पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष गंगा प्रकाश मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन उनके लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों का प्रतीक है।

इनमें नगर संरक्षक पंडित रामपाल उपाध्याय, नगर महामंत्री यज्ञस्वरूप गंग. वार, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष रामपाल मौर्य, प्रदीप भटनागर, नरेंद्र श्रीवास्तव, हरीश मौर्य, इंद्रपाल गंगवार, करन शर्मा, टाकन लाल मौर्य, प्रमोद कुमार मौर्य, राजबीर पाल, अनमोल श्रीवास्तव, शिवम् मौर्य (नगर मीडिया प्रभारी), रंजीत श्रीवास्तव, नगर कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र मौर्य, नेकपाल राणा एवं गुड्डू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

साथ ही, इस आयोजन में हिंदू महासभा बीसलपुर नगर इकाई की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। बीसलपुर के नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष अनूप शर्मा तथा युवा नगर महामंत्री प्रतीक ठाकरे विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस आयोजन को संगठन की मजबूती और धार्मिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, श्रद्धा और सौहार्द का वातावरण बना रहा, जिससे यह कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

### पूरनपुर 129 विधान सभा में सामाजवादी पार्टी की नई कार्यकारणी हुई गठित

i|jui|jA मंगलम बेंकट हाल में विधान सभा 129 पूरनपुर के अध्यक्ष संजय यादव द्वारा अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, पूर्व विधायक अरशद खां, वरिष्ठ सपा नेता राज. कुमार राजू व पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव की उपस्थिति में सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। पूरनपुर ब्लॉक अध्यक्ष नजमुल हसन खां, निशान अहमद परवेज खान, जिया उल मुस्तफा, सतीश चंद्र वर्मा, डॉ. सलीम अहमद, श्रीप्रकाश गौतम एडवोकेट, के. नारायण मिश्रा एडवोकेट, संतोष कुशवाहा, फाजिल खान, संदीप शर्मा, अमित कुमार शर्मा, छत्रपाल पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूटी रैली से 'मिशन शक्ति' का संदेश

**महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में जिले की महिला पुलिस इकाई ने मंगलवार को एक भव्य स्कूटी रैली निकालकर मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अभियान को आगे बढ़ाया। इस रैली का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर की। इस मौके पर यातायात पुलिस उपायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, महिला सुरक्षा की प्रभारी डीसीपी अनुकृति शर्मा, एसीपी-2 नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह और एसीपी महिला सुरक्षा दीक्षा सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान स्वयं सिद्धा मोबाइल यूनिट, एंटी रोमियो स्क्वाड, पीआरवी वाहन और पिंक बूथ की झांकियां भी निकाली गईं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनीं।

रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां पुलिसकर्मियों ने आम लोगों से संवाद कर उन्हें जागरूक किया। स्कूटी रैली के दौरान विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी गई।

**इन हेल्प लाइन नंबर का करे यूज:** पुलिसकर्मियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं तुरंत मदद के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं। इनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इन नंबरों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर लोगों को इनके इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया।

**सुरक्षा के कई कार्यक्रम:** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गौतमबुद्धनगर पुलिस लगातार महिला और बाल सुरक्षा को लेकर कई अभियान चला रही है। इनमें मिशन शक्ति अभियान, महिला सुरक्षा अभियान, बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, स्कूल और कॉलेजों में आउटरीच प्रोग्राम, एंटी रोमियो स्क्वाड की कार्रवाई और साइबर सुरक्षा अभियान शामिल हैं। इन अभियानों के जरिए लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित माहौल देने की कोशिश की जा रही है।

# दो नए पुलिस दफ्तर और आवास बनेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिसिंग को और बेहतर बनाने के लिए, जल्द ही दो नए पुलिस दफ्तर और एक आवास का निर्माण किया जाएगा। यह निर्माण कार्य सूरजपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में किया जाएगा। इसके लिए करीब 4 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है।जानकारी के अनुसार यहां डीसीपी क्राइम का नया दफ्तर बनाया जाएगा। इसके साथ ही डीसीपी सेंट्रल के लिए आवास और कैंप ऑफिस भी तैयार किया जाएगा। इन दोनों प्रोजेक्ट के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उत्तर प्रदेश जल निगम को निर्माण और डिजाइन इकाई की ओर से टेंडर जारी कर दिया गया है। इच्छुक एजेंसियों से 22 अप्रैल तक आवेदन मांगे गए हैं। जल निगम से मिली जानकारी के मुताबिक डीसीपी क्राइम के दफ्तर के निर्माण पर लगभग एक करोड़ 67 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं, डीसीपी सेंट्रल के आवास और कैंप ऑफिस के निर्माण पर एक करोड़ 67 लाख 89 हजार रुपये की लागत आएगी। दोनों निर्माण कार्य एक ही परिसर यानी सूरजपुर पुलिस मुख्यालय में किए जाएंगे, जिससे अधिकारियों के कामकाज में आसानी होगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन नए दफ्तरों के बनने से पुलिस व्यवस्था और मजबूत होगी। डीसीपी क्राइम के लिए अलग दफ्तर होने से अपराध से जुड़े मामलों की निगरानी और जांच में तेजी आएगी।

वहीं, डीसीपी सेंट्रल के लिए आवास और कैंप ऑफिस बनने से उन्हें क्षेत्र में बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिलेगी।जल निगम को जिम्मेदारी मिलीशासन के निर्देश पर उत्तर प्रदेश जल निगम को इन निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। जल निगम इस पूरे प्रोजेक्ट की निगरानी करेगा और तय समय के भीतर काम पूरा कराने की जिम्मेदारी निभाएगा। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इसे करीब 5 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यानी अगर काम समय पर शुरू हो जाता है, तो इसी साल के भीतर दोनों दफ्तर और आवास तैयार हो सकते हैं।

**लोगों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी:** पुलिस विभाग का मानना है कि बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिलने से पुलिस अधिकारियों के काम में तेजी आएगी और जनता को भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी। यह कदम शहर में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। सूरजपुर पुलिस मुख्यालय में बनने वाले ये नए दफ्तर और आवास पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होंगे।

## चोरी में शामिल महिला आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पति के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने चोरी किए गए 10,800 रुपये भी बरामद किए हैं। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़ी गई महिला की पहचान अंगूर जान उर्फ सोनी निवासी बदायूं हाल पता हाजीपुर नोएडा के रूप में हुई। पुलिस टीम ने सोमवार की रात आरोपी को रेलवे लाइन पुल के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि वर्ष 2025 में वैद्यजी फार्म कस्बा सूरजपुर में चोरी की घटना के समय वह अपने पति के साथ मौके पर मौजूद थी। इस घटना में उसके और पति के हिस्से में 50 हजार रुपये आए थे। पुलिस ने इस घटना में मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद से आरोपी महिला फरार चल रही थी।

# जिले के 14 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के कई बड़े स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से मंगलवार को हड़कंप मच गया। फादर एग्नेल स्कूल, कोठारी इंटरनेशनल स्कूल और रामाज्ञा स्कूल समेत कुल 14 स्कूलों को धमकी भरे संदेश भेजे गए। जांच में यह सूचना अफवाह निकली, लेकिन कई घंटों तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। डीसीपी नोएडा साद मियां खान ने बताया कि मंगलवार सुबह सवा नौ बजे के जिले के कुछ स्कूलों को ई-मेल के जरिए बम होने की धमकी मिली। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। टीमों ने स्कूल परिसर और आसपास के इलाकों की गहन जांच की। कई घंटों तक चले सर्च ऑपरेशन में कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली और इसे अफवाह बताया। पुलिस अधिकारियों ने




बताया कि शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि धमकी भरे मैसेज फर्जी हो सकते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर टीम को भी जांच में लगाया गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह संदेश किसने और कहां से भेजे।

**काफी देर तक सहमे रहे अभिभावक:** बम की सूचना जब मिल उस समय कुछ ही बच्चे स्कूल पहुंचे थे। एहतियात के तौर पर कई स्कूलों ने बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा और कुछ ने छुट्टी कर दी। वहीं, अभिभावकों को भी मैसेज भेजकर स्थिति की जानकारी दी। संदेश मिलते ही अभिभावकों में चिंता बढ़ गई और कई लोग तुरंत स्कूल पहुंच गए। कुछ जगहों पर स्कूल के बाहर अभिभावकों की भीड़ भी लग गई। काफी देर तक अभिभावक सहमे रहे। घटना के कारण बच्चों और अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल स्टाफ भी काफी परेशान रहा।

**पहले भी मिल चुकी धमकी:** यह पहली बार नहीं है, जब नोएडा के स्कूलों को इस तरह की धमकी मिली है। पिछले तीन साल में करीब पांच बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। हर बार जांच में यह सूचना फर्जी या अफवाह ही निकली है। हालांकि, कुछ समय के लिए लोगों में डर और अफरातफरी का माहौल जरूर बन जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की झूठी धमकियां समाज में डर फैलाने के उद्देश्य से दी जाती हैं। इससे न केवल लोगों की दिनचर्या प्रभावित होती है, बल्कि पुलिस और प्रशासन का समय और संसाधन भी व्यर्थ होता है। इसलिए ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई जरूरी है।

**बच्चों को किया जा रहा जागरूक:** कई स्कूलों ने अपने परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड तैनात किए हैं और आने-जाने वालों की जांच बढ़ा दी है। साथ ही बच्चों को भी जागरूक किया जा रहा है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत जानकारी दें। यह घटना भले ही अफवाह निकली, लेकिन इसने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता की जरूरत को सामने ला दिया है। प्रशासन और स्कूल दोनों ही भविष्य में ऐसे मामलों से निपटने के लिए और बेहतर तैयारी करने की बात कह रहे हैं, ताकि बच्चों और अभिभावकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### महंगे हुए एसी, फ्रिज और कूलर प्लास्टिक की कीमतों ने बढ़ाई लागत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** गर्मी ने दस्तक दे दी है, लेकिन इस बार इससे राहत देने वाले उपकरण लोगों की जेब पर भारी पड़ सकते हैं। बीते साल के मुकाबले इस साल एसी और फ्रिज की कीमतें करीब पांच से 12 प्रतिशत, जबकि कूलर के दामों में आठ से दस प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कारण, वैश्विक उथल पुथल है, जिस कारण प्लास्टिक के दाम बढ़ने से इन उपकरणों की लागतों में भी इजाफा हुआ है। इसका सीधा असर ग्राहकों पर पड़ रहा है। प्लास्टिक से जुष्ड़े कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक उथल पुथल के बीच कच्चे माल की आपूर्ति प्रभावित होने से पीवीसी के उत्पाद बनाने की लागत बढ़ी है। ऐसे में प्लास्टिक के पाइप से लेकर दरवाजे, मेज, कुर्सियां व अन्य उत्पाद भी महंगे हो गए हैं। इसके अलावा पेंट कारोबार भी प्रभावित हुआ है।

सेक्टर-18, 50, 5, 31, 12-22, 8, 10 के बाजारों के इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारियों का कहना है कि एसी और कूलर जैसे उत्पादों में प्लास्टिक का अधिक उपयोग होता है। बीते कुछ महीनों में प्लास्टिक कच्चे माल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जिससे कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम बढ़ा दिए हैं। व्यापारियों के अनुसार, यह स्थिति यहीं तक सीमित नहीं है। आगामी महीनों में गर्मी बढ़ते ही इन उत्पादों के दाम और तेजी से बढ़ेंगे।

**नहीं मिल रहा स्टॉक, जो आ रहा वह पहले से ही महंगा:** व्यापारी सुशील कुमार जैन के मुताबिक, युद्ध के चलते घरेलू बाजार में स्टॉक की कमी आई है। ऑर्डर लगे हैं, लेकिन स्टॉक नहीं मिल रहा है। जो थोड़ा बहुत मिल भी रहा है, वह पहले से ही महंगा है। इसके चलते अब एसी फ्रिज, इनवर्टर, कूलर, सीलिंग फैन समेत दूसरे उपकरण महंगे हुए हैं।

### गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी को आजीवन कारावास

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा दी गई है। कोतवाली थाना प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के नीलोनी गांव के रहने वाले राहुल का वर्ष 2021 में सुबोध से लेन-देन को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें सुबोध ने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी थी। गोली वहां से गुजर रहे जेवर निवासी प्रवेश को लगी थी। प्रवेश की इस घटना में मौत हो गई थी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने 4 अगस्त 2021 को चार्जशीट दाखिल कर दी थी। कोतवाली पुलिस ने अपनी तथ्यात्मक पैरवी के आधार पर न्यायालय के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत किए। अब एडीजे पंचम न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा दी है। आजीवन कारावास के साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

### पुराने व्यावसायिक वाहनों का एकमुश्त रोड टैक्स देना होगा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिले के पुराने व्यावसायिक वाहन मालिकों को भी अब एक मुश्त रोड टैक्स जमा करना होगा। इनमे दस हजार वे वाहन मालिक भी शामिल हो सकते हैं, जिन पर करोड़ों रुपये टैक्स बकाया है। इन वाहन मालिकों को पहले बकाया कर चुकाना होगा और इसके बाद एक मुश्त रोड टैक्स की सुविधा में शामिल होंगे।शासन ने 30 जनवरी से सभी श्रेणी के व्यावसायिक वाहनों के लिए एकमुश्त कर प्रणाली लागू की है। इसमें नए के साथ पुराने वाहनों को भी इस दायरे में शामिल किया गया है। पहले त्रैमासिक और वार्षिक कर जमा करने की व्यवस्था थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। यह व्यवस्था बार-बार परिवहन विभाग के कार्यालय जाने और टैक्स जमा करने की झंझट को खत्म करने के लिए लाई गई है, जिससे वाहन मालिकों को जीवन भर के लिए टैक्स से राहत मिलेगी।परिवहन विभाग के अनुसार इससे न सिर्फ बार-बार टैक्स भरने की टेंशन खत्म होगी, बल्कि समय पर टैक्स न भरने पर लगने वाले जुर्माने से भी राहत मिलेगी। हालांकि पुराने वाहन मालिकों ने इसे अतिरिक्त भार बताया है। ट्रांसपोर्ट यूनियन के अनुसार पहले किस्तों में कर जमा करना आसान था। अब एकमुश्त बड़ी राशि की व्यवस्था करना चुनौती बन गया है। कर जमा किए बिना फिटनेस और प्रदूषण प्रमाणपत्र जारी नहीं होंगे। अगर वाहन नियम पूरे किए बिना सड़क पर उतरता है तो जुर्माना और जब्ती की कार्रवाई हो सकती है।परिवहन विभाग के अनुसार इस संबंध में वाहन मालिकों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की थी, लेकिन वह खारिज हो गई है। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि नए और पुराने, दोनों तरह के वाहन मालिकों को एक मुश्त रोड टैक्स जमा करना होगा। यह सुविधा बिल्कुल निजी वाहनों के लिए एक बार में जमा किए जाने वाले रोड टैक्स की तरह ही है।

# बच्ची बेचने के आरोप में दो और गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख क्षेत्र में बच्ची को गोद दिलाने के नाम पर अवैध वसूली के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक अस्पताल की नर्स और उसका प्रेमी शामिल हैं। इस मामले में अब तक कुल पांच गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और संबंधित अस्पताल को सीज कर दिया गया है।

एसीपी सेंट्रल नोएडा पवन कुमार ने बताया कि 21 मार्च 2026 को चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) थाने को सूचना मिली थी। इसमें बताया गया कि बिसरख क्षेत्र के एक निजी अस्पताल का कर्मचारी बच्ची को गोद दिलाने के लिए 2.60 लाख रुपये की मांग कर रहा था। सूचना मिलने के बाद एएचटी और बिसरख पुलिस ने संयुक्त जांच शुरू की। जांच में मामले की पुष्टि होने के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई की। मंगलवार को बिसरख पुलिस ने अरुण कुमार (25), निवासी गांव बिसरख और अस्पताल की नर्स पुष्पा रानी (26), निवासी गांव औरंगाबाद, मथुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, ये दोनों आरोपी मध्यस्थ के रूप में काम कर रहे थे और उन्होंने बच्ची बेचने की पूरी योजना बनाई थी। इससे पहले रविवार को इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है, ताकि इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों और अवैध गतिविधियों की अवधि का पता चल सके।

## दीवार गिराने के विवाद में लाठी-डंडे चले

**यमुना सिटी।** एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव में दीवार गिराने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों के करीब 15-20 लोग आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे चले। इस झगड़े में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थाना प्रभारी ने बताया कि वाजिदपुर गांव की गली नंबर-31 में रहने वाले चरण सिंह और मनोज के बीच काफी समय से दीवार बनाने को लेकर विवाद चल रहा था।

कुछ दिन पहले मनोज के पक्ष के लोगों ने वहां दीवार बना दी थी। बीते रविवार शाम को चरण सिंह के पक्ष के लोगों ने उस दीवार को गिरा दिया। दीवार गिराने की बात सामने आने के बाद मनोज पक्ष के लोग एकत्र हो गए और विरोध करने लगे।

# किराये के विवाद में खाली अस्पताल में आग लगाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने किराये को लेकर हुए विवाद में खाली अस्पताल में आग लगाने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

मुख्य आरोपी हापुड़ निवासी अनिरुद्ध चौधरी को सोमवार को गिरफ्तार किया जा चुका है। अंकुश और विनय सिंह आरोपी अनिरुद्ध चौधरी के चचेरे भाई हैं। गांव गुरजा डेरिन निवासी हरि सिंह का कहना है कि उसकी चार दुकानों को हापुड़ निवासी अनिरुद्ध चौधरी नामक व्यक्ति ने करीब चार वर्ष पहले अस्पताल संचालन के लिए किराये पर लिया था। दुकान का किराया 44 हजार रुपये प्रतिमाह था। वहीं बिजली बिल का भुगतान अलग से करना था। आरोपी की ओर से श्री बालाजी हॉस्पिटल के नाम से इसका संचालन किया जा रहा था। मगर बीते एक वर्ष से आरोपी किरायेदार ने न तो किराया दिया और न ही चार वर्षों का बिजली बिल चुकाया था। इसका बिल लगभग 4.70 लाख रुपये है। पिछले नवंबर से आरोपी से किराये को लेकर ज्यादा विवाद होने लगा था। इसके बाद दुकान में चलने वाले अस्पताल को खाली करा लिया था।

13 जनवरी 2026 को दुकानों को खाली करने के लिए कहने पर आरोपी ने 4.70 लाख रुपये का चेक दिया और मार्च के बाद जमा करने को कहा था। इसी बीच आरोपी अपने अधिकांश सामान और मशीनें दुकानों से निकालकर ले गया, जबकि कुछ सामान वहीं रह गया। तय समय पर बकाया भुगतान न होने पर 27 फरवरी को दुकानों का बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बाद 5 मार्च को जब उसने किराया मांगा तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। 10 मार्च की रात करीब 2:30 बजे दुकानों में अचानक आग लग गई थी। जांच अधिकारी सुभाष चंद का कहना है कि मामले में मुख्य आरोपी अनिरुद्ध चौधरी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं आरोपी के चचेरे भाई हापुड़ निवासी अंकुश और विनय सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने चचेरे भाईयों की मदद से दुकान में आग लगाई थी।

# नोएडा एयरपोर्ट लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर पर प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत समस्त लाइजनिंग अधिकारी, प्रभारी अधिकारी, इंचार्ज अधिकारी तथा जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विभागवार कार्यक्षेत्र निर्धारित किए गए तथा अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने दायित्वों का



निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम से संबंधित प्रत्येक व्यवस्था निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए।

बैठक के दौरान कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, मार्ग प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, पेयजल, बैरिकेडिंग, साइनेज, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, सीसीटीवी मॉनिटरिंग तथा कंट्रोल रूम संचालन सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जाए तथा यदि किसी स्तर पर कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

इस बैठक में एसीओ ग्रेटर नोएडा वंदना त्रिपाठी, एसीओ यमुना विकास प्राधिकरण राजेश कुमार, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, अपर जिला अधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका एवं जिला प्रशासन, प्राधिकरण, पुलिस विभाग के संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सुबह कतारे में लगे तो दोपहर तक सिलेंडर मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले की अधिकांश एजेंसियों पर गैस की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही। कुछ को छोड़, शेष एजेंसियों पर सिलेंडर के लिए भीड़ लगी हुई है। लोग सुबह से कतार में लग रहे, तब जाकर दोपहर दो से तीन बजे तक सिलेंडर मिल रहा।सेक्टर-4 में हर रोज की तरह मंगलवार को भी गैस सिलेंडर के लिए लोगों की लंबी कतार लगी। लाइन काफी लंबी होने की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। राजू नाम के उपभोक्ता ने दावा किया कि सोमवार देर रात को ही गैस सिलेंडर के लिए कतार में लगे, जब जाकर दोपहर दो बजे गैस सिलेंडर मिला।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से गैस के लिए कतार में लग रहे थे। नंबर आने तक सिलेंडर ही खत्म हो जाते थे। तीन दिनों से गैस सिलेंडर नहीं होने की वजह से काफी परेशानी हो रही थी। वहीं, संदीप डागुर ने बताया कि समोसे और चाउमीन आदि बनाने का कार्य करते हैं।

सिलेंडर की कमी से उनका काम पूरी तरह बंद होने की कगार पर है। बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहा और कई बार किसी और को दे दिया जाता है। इसी कारण वह सुबह चार बजे से ही लाइन में खड़े हैं, दोपहर को सिलेंडर मिल सका। उपभोक्ता बृजेश कुमार ने बताया कि सिलेंडर के चक्कर में उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है। सोमवार को छुट्टी के कारण उनकी दिहाड़ी नहीं बनी और मंगलवार को भी लाइन में लगने के कारण काम पर नहीं जा सके।

# वृद्धा से सोने की चूड़ी उतरवाकर फरार हुई महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-34 स्थित बाजार में खरीदारी करने गई वृद्धा से एक महिला और किशोर गहने उतरवाकर ले गए। महिला को नोटों की गड्डी दिखाकर मदद मांगने के नाम पर जाल में फंसाया। पीड़िता ने सेक्टर-24 थाने में केस दर्ज कराया है।सेक्टर-52 में रहने वाली मिथलेश कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह 20 मार्च को भतीजी बहू और उसकी बहन संग सेक्टर-34 के बाजार में खरीदारी करने गई थीं। भतीजी बहू और उनकी बहन खरीदारी में लग गए। मिथलेश के आगे निकल जाने पर उसे एक महिला और 12 साल का किशोर मिला।

आरोपी ने बुजुर्ग महिला को बताया कि उसके साथ जो बच्चा है, उसके हाथों में नोटों की गड्डी है। उन्होंने ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर करने के नाम पर मदद मांगी। इसकी एवज में नगद रुपये देने की बात कही। महिला ने मिथलेश के चेहरे पर कुछ पदार्थ छिड़क दिया। इससे मिथलेश बेहोशी की हालत में जाने लगीं। महिला और किशोर ने मिलकर मिथलेश को सम्मोहित कर लिया। इसके बाद हाथ से सोने की चार चूड़ियां उतरवा लीं। दोनों के जाने पर मिथलेश को धोखाधड़ी का पता चला। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला पुलिसकर्मी को कार ने टक्कर मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार महिला पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल महिला के पति ने सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया है।थाने में दी शिकायत में बरौला के महावीर कॉलोनी निवासी प्रभाष सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी कोमल उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में सिपाही हैं। वर्तमान में वह गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में कार्यरत हैं।

बीते 20 मार्च को ड्यूटी समाप्त कर वह घर आ रही थीं। सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन से पहले इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही अज्ञात कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। रात एक बजकर 42 मिनट पर हादसा हुआ। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। टक्कर लगने से महिला पुलिसकर्मी स्कूटी से छिटककर काफी दूर जाकर गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्कूटी के भी परखच्चे उड़ गए। कोमल की कॉलर बोन टूटी है। सिर के अंदर खून के थक्के बन गए हैं। चिकित्सकों ने उसके सिर का ऑपरेशन किया है। वह अभी भी चिकित्सकों की निगरानी में अस्पताल में है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी चालक और वाहन की पहचान करने में जुटी है।

# डिप्टी सीएम ने बोन मैरो सेंटर का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा केयर हेल्थिसिटी अस्पताल में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उत्तर भारत के सबसे बड़े बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी की ओर से बॉलीवुड की फिल्म धुरंधर-2 पर निशाना साधे जाने पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि साहित्यकारों ने फिल्म बनाई है। अगर निशाना साधा जा रहा है तो यह तुच्छ मानसिकता को दर्शाता है।

डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री 28 मार्च को उद्घाटन करने जा रहे हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आने से जनपद के हजारों



लोगों को नौकरी मिलेगी। समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमले बोलते हुए कहा कि कुछ भी कर लें, उनका कुछ भी होने वाला नहीं है। सबको याद है कि गुंडों और माफिया का राज रहता था। चार कार्यकाल जनता ने देखे हैं। नोएडा वालों को समाजवादी पार्टी अच्छे से याद होगी। उद्घाटन के मौके पर बृजेश पाठक ने फिल्म 'धुरंधर' को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जो फिल्में भारतीय संस्कार और संस्कृति को दिखाती हैं, उनका सभी को स्वागत करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ तुच्छ मानसिकता के लोग भारत के संस्कारों को रोक नहीं सकते।

इस दौरान उन्होंने जेवर एयरपोर्ट को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे और यह एशिया का सबसे बड़ा हवाईअड्डा होगा। शारदा ग्रुप के चेयरमैन पीसी गुप्ता ने कहा कि उत्तर भारत के सबसे बड़े बीएमटी सेंटर की शुरुआत के साथ संस्थान भविष्य के हेल्थकेयर सिस्टम की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा गंभीर मरीजों के लिए जीवन रक्षक इलाज को सुलभ बनाएगी और बेहतर चिकित्सा सेवाओं के नए मानक स्थापित करेगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण जीवनभर काम आने वाली जिम्मेदारी: डीएम

## जिलाधिकारी ने युवाओं से किया आपदा के समय फर्स्ट रेस्पॉन्डर बनने का आहवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नागरिक सुरक्षा नियंत्रक एवं जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देकर स्वयंसेवा से समाज में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सीख को अपने गांव-शहर में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का आहवान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण एक जीवनभर काम आने वाली जिम्मेदारी और संकल्प की शुरुआत है। आज तैयार हो रहे ये युवा किसी भी आपदा के समय फर्स्ट रेस्पॉन्डर बनेंगे। उन्होंने आहवान किया कि प्रशिक्षित युवा अपने आसपास के लोगों को भी जोड़ें, उन्हें जागरूक करें और एक ऐसा नेटवर्क तैयार करें, जो किसी भी संकट में तुरंत सक्रिय हो सके।



बाबू कामता प्रसाद जैन महाविद्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के लिए चयनित युवाओं को आपदा के समय त्वरित, संगठित और प्रभावी नागरिक प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को यह समझाया गया है कि आपदा आने पर घबराहट नहीं बल्कि समझदारी, संगठन और प्राथमिक उपचार की जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव बन सकती है। अब यही युवा संकट के समय अपने आसपास के लोगों के मददगार बनेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर नागरिक सुरक्षा बागपत के उप नियंत्रक एवं डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार यादव ने स्वयंसेवकों को सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों के दायित्वों की जानकारी दी भूमिका, उद्देश्य और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस केवल एक संगठन नहीं बल्कि नागरिकों की वह सुरक्षा व्यवस्था है जो आपदा, युद्ध, प्राकृतिक संकट या किसी भी आकस्मिक घटना के समय आम लोगों की रक्षा और सहायता के लिए सक्रिय होती है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को जागरूक बनाना, उन्हें आपदा के समय सही निर्णय लेने में सक्षम बनाना और राहत व बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करना है। उन्होंने कहा कि यदि समाज के युवा प्रशिक्षित हों तो किसी भी संकट की स्थिति में राहत कार्य तेजी से और प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण में एनडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों सहित अन्य अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि आपदा केवल प्राकृतिक घटनाएं ही नहीं होतीं बल्कि मानवीय त्रुटियों, दुर्घटनाओं या तकनीकी किलताओं से भी उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए नागरिकों को पहले से तैयार रहना चाहिए। राज्य युवा पुरस्कार विजेता माय भारत स्वयंसेवक अमन कुमार ने प्रशिक्षुओं से स्वयंसेवा क्षेत्र के अनुभव विस्तार से साझा किए। स्वास्थ्य विभाग से डा.विभाष राजपूत ने फर्स्ट ऐड से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान आपदा के विभिन्न प्रकारों और उनसे निपटने के तरीकों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप, बाढ़, आग, भवन ध्वस्त होना, सड़क दुर्घटना और अन्य आपदाएं अचानक आ सकती हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि व्यक्ति घबराए नहीं बल्कि स्थिति को समझते हुए सही कदम उठाए।

# प्रत्येक घर में एक फर्स्ट एड किट होना अनिवार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत सरकार की एडवाइजरी के अनुसार प्रत्येक घर में एक फर्स्ट एड किट होना अनिवार्य है। इस किट में पट्टी, एंटीसेप्टिक दवा, कैंची, दस्ताने, दर्द निवारक दवा, गॉज, बैंडेज, थर्मामीटर और आवश्यक दवाइयां होनी चाहिए। यह छोटी-सी तैयारी आपदा या दुर्घटना के समय बहुत बड़ी मदद साबित हो सकती है। आपदा विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि किसी भी आपदा के समय सबसे बड़ी गलती घबराहट होती है। कई बार लोग बिना सोचे-समझे ऐसे कदम उठा लेते हैं जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। इसलिए आपदा के समय शांत रहना, आसपास के लोगों की मदद करना और प्रशासन के निर्देशों का पालन करना सबसे जरूरी होता है। स्वयंसेवकों को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई ताकि आपदा के समय तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। प्रशिक्षण के दौरान यह भी समझाया गया कि आपदा से बचाव केवल सरकारी एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हर नागरिक की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि समाज के लोग जागरूक और प्रशिक्षित हों तो किसी भी संकट की स्थिति में नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसलिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज में सुरक्षा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। रेस्क्यू तकनीक, घायल व्यक्ति को सुरक्षित निकालना, प्राथमिक उपचार देना और आपदा के समय भीड़ को नियंत्रित करने जैसे अभ्यास शामिल रहे। स्वयंसेवकों ने इन अभ्यासों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपदा प्रबंधन से जुड़े कौशल सीखे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में सेवा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। जब कोई युवा सिविल डिफेंस स्वयंसेवक बनता है तो वह केवल अपने लिए नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए जिम्मेदार बन जाता है। संकट की घड़ी में वही युवा सबसे पहले आगे बढ़कर लोगों की मदद करता है।

# आपदा से बचाव के उपायों के बारे में लोगों करें जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** परीक्षा का आयोजन कर स्वयंसेवकों की समझ को भी परखा गया जिसमें उत्तीर्ण होने पर ही प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे समाज में जाकर लोगों को आपदा से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करें। यदि हर नागरिक थोड़ी-सी सावधानी और जानकारी रखे तो कई बड़ी दुर्घटनाओं और आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम आयोजन में आपदा विशेषज्ञ अश्विनी कुमार, माय भारत स्वयंसेवक अमन कुमार, प्रशिक्षक पुनिष कुमार, अग्निशमन विभाग से सोनू सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी स्वयंसेवकों को विभिन्न व्यावहारिक अभ्यास कराए।




# कक्षा 6 में छात्र का चयन होने पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**रटौल।** पांची गांव के एक कक्षा 5 का छात्र का जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 में चयन होने पर हर्ष का माहौल है। स्कूल के डारेक्टर नें उसे सम्मानित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

पांची निवासी मन्नान पुत्र निसार पांची के गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में कक्षा पांच का छात्र रहा है। उसने जवाहर नवोदय की कक्षा 6 में चयन के लिए परीक्षा दी थी जिसमें उसका चयन हो गया है जिसके बाद स्कूल पहुंचे पर छात्र को डारेक्टर गुलजार अहमद ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौकें पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि छात्र हमेशा होनहार रहा है जिससे उसने परीक्षा पास की है और अपने माता पिता के साथ साथ स्कूल का नाम भी रोशन किया है। वही प्रिंसिपल फरहीन गुलजार नें कहा कि मेहनत से हम कोई भी मुकाम हासिल कर सकते है। उन्होंने अन्य बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक लक्ष्य निर्धारित कर ले एक दिन मेहनत से वह लक्ष्य आप प्राप्त कर लेगे। इस मौकें पर रूखसाना बेगम, खुशी, वर्षा, पूनम, फारूख, निसार, देवी, सलमा, पंकज आदि मौजूद रहे।



क नजर

## मेडिसिटी हॉस्पिटल में ऑर्थोपेडिक स्पाइन सर्जरी ओपीडी की शुरुआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने मंगलवार को बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में अपनी ऑर्थोपेडिक स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग के ऑर्थोपेडिक स्पाइन सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट एवं यूनिट हेड-डा. जितेश मंघवानी, की उपस्थिति में किया गया। डा.जितेश मंघवानी प्रत्येक शनिवार सुबह 9 बजे से 11 बजे तक बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग के ऑर्थोपेडिक स्पाइन सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट एवं यूनिट हेड-डा.जितेश मंघवानी ने कहा, लगातार पीठ या गर्दन में दर्द, हाथों या पैरों में झनझनाहट या सुन्नता, कमजोरी या चलने में कठिनाई अक्सर स्पाइन से जुड़ी समस्याओं के शुरुआती संकेत हो सकते हैं और इन्हें कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, यदि आराम करने के बावजूद दर्द बना रहता है या सुन्नता या कमजोरी के साथ होता है, तो सही जांच और उपचार के लिए समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेना बेहद जरूरी है। आज के समय में उपचार काफी एडवांस हो चुका है, जिसमें फिजियोथेरेपी, लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन और पेन मैनेजमेंट शामिल हैं, जबकि सर्जरी केवल आवश्यक होने पर ही की जाती है। सर्जरी की जरूरत 5प्रतिशत से भी कम मामलों में होती है और मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीकों के जरिए अब मरीजों को तेजी से रिकवरी, कम दर्द और बेहतर लॉन्ग-टर्म रिजल्ट मिल रहे हैं। डा.जितेश, ने आगे कहा आज के समय में बैक और नेक पेन, स्लिप्ड डिस्क, स्पाइनल डिफॉर्मिटी और स्पाइन इंजरी जैसी समस्याएं लाइफस्टाइल में बदलाव, बढ़ती उम्र और समय पर इलाज न मिलने के कारण युवाओं और बुजुर्गों दोनों में तेजी से बढ़ रही हैं। अगर इनका समय पर इलाज न किया जाए, तो यह मूवमेंट और जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं। बड़ौत में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत से अब मरीजों को स्पेशलाइज्ड स्पाइन केयर के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शाल. ीमार बाग अत्याधुनिक तकनीक और सहयोग के माध्यम से पेशेंट सेंट्रिक सेवाओं को और मजबूत करने के अपने संकल्प को लगातार आगे बढ़ा रहा है। बड़ौत में इन नई ओपीडी सेवाओं के जरिए अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को उनके घर के करीब समय पर, विशेषज्ञ और व्यापक स्पाइन केयर उपलब्ध कराना है, जिससे बेहतर इलाज और जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

# किसानों को अनदेखा कर रही है भाजपा और आरएलडी:अजय राय







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बागपत दौरे के दौरान सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सरकार बनाएगी। इस दौरान उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल पर किसानों के मुद्दों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

संजय निषाद के मंच से भावुक होने के मामले पर अजय राय ने इसे नाटक करार दिया। उन्होंने कहा कि यदि निषाद को कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था से इतनी परेशानी है, तो उन्हें अपने समाज के साथ आना चाहिए। राय ने संजय निषाद से मंत्रीमंडल से इस्तीफा देकर अपने समाज के मुद्दों को उठाने की अपील की। किसानों के मुद्दे पर अजय राय ने कहा कि भाजपा और RLD दोनों ही किसानों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि वे किसानों के बड़े नेता थे, लेकिन अब RLD अपने रास्ते से भटक गई है और किसानों की आवाज नहीं उठा रही है।

पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर अजय राय ने भविष्यवाणी की कि भाजपा को वहां एक भी सीट नहीं मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल में केवल तनाव पैदा करना चाहती है। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर टिप्पणी करते हुए अजय राय ने कहा कि भाजपा ने देश को बर्बाद किया है और अमेरिका के सामने घुटने टेक दिए हैं।

# मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को पकड़ा, दूसरे की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डोला गांव में एक मजदूर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

यह घटना सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव की है। पीड़ित फिरोज अपने परिवार का पालन-पोषण मजदूरी करके करता है। वह दुकान पर सामान लेने जा रहा था, तभी गांव के दो व्यक्तियों ने उसके साथ बदसलूकी की और फिर मारपीट की। मारपीट के बाद फिरोज को जमीन पर घसीटा गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट करने वाले एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। दूसरे आरोपी की तलाश में टीमें जुटी हुई हैं। पीड़ित फिरोज ने पुलिस से शिकायत करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की गहन छानबीन कर रही है।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र में उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में 24 मार्च 2026 को बेसिक शिक्षा विभाग ने एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सदस्यों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और शिक्षा के क्षेत्र में समन्वय को मजबूत करना था।



कार्यशाला का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सचिन रानी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों को निपुण भारत मिशन, बालिका शिक्षा, डीबीटी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, ऑपरेशन कायाकल्प और स्कूल से बाहर के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने जैसे सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सचिन रानी ने ग्राम विकास योजनाओं में शिक्षा को प्राथमिकता देने का भी आहवान किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन सुधीर वशिष्ठ ने किया। प्रदीप कुमार और अंजू अरोड़ा ने विभाग की विभिन्न योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के समापन पर ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सदस्यों, प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को उनके योगदान के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एआरपी सोमेश चौधरी, सुमित कुमार के साथ निर्मला देवी, मुक्तेश्वर शर्मा, श्याम सिंह, दीपा, रूपेश चौधरी, पूनम, पारूल, शशांक शर्मा सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक महाविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 90 दिनों का सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।



समारोह में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चौधरी बिरेंद्रपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने, स्वावलंबी एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ देते हुए बधाई दी तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष श्यौदान सिंह, मास्टर कृष्णपाल सिंह, पूर्व प्राचार्य डा. अरुण सोलंकी, उपप्राचार्य डा.मदन पाल, नेक संयोजक प्रो.श्याम किशोर, प्रो.मुनेश, डा.गीता रानी, डा.नीलम राणा, प्रशिक्षक डा.रितु बालियान, डा.रेनु चौधरी, डा. अनुपम तिवारी, डा.तारकेश्वर नाथ तिवारी, डा.मालती, डा.रीना पवार, डा.सरिता, डा.शिवपाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी छात्राओं ने वही परिधान पहने थे, जिन्हें उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान स्वयं अपने हाथों से तैयार किया था, जो आकर्षण का केंद्र बना।

## 22 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित, कलेक्ट्रेट में ग्राम प्रधान हुए सम्मानित



**बागपत।** विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर बागपत जिले में टीबी के खिलाफ बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई। जिले की 22 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित समारोह में बागपत सांसद डा.राजकुमार सांगवान और छपरौली विधायक डा.अजय कुमार ने इन पंचायतों के ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। टीबी मुक्त हेतु चयनित ग्राम पंचायतों में सैदपुर, अंगदपुर और नंगलारवा ग्राम पंचायतों को स्वर्ण श्रेणी में रखा गया है। गौरीपुर, खपराना और डौलचा को रजत श्रेणी मिली है। वहीं शेरपुर, डगरपुर, गढ़ी कला, पूरनपुर नवादा, फुलेरा, संतोषपुर, क्यामपुर, अहमदपुर गठीना, शाहपुरा, शाहजहांपुर कैड़वा, शहाजानपुर, पुठेड़ा, घटौली, अमरपुर और मुकुंदपुर औगटी को कांस्य श्रेणी में शामिल किया गया है।

# भाजपा ने किया डा.जितेन्द्र मलिक को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने चिकित्सा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे बाल रोग विशेषज्ञ डा.जितेन्द्र मलिक को उत्तर प्रदेश सरकार की सूचना डायरी-2026 देकर सम्मानित किया। यह सम्मान डा.मलिक के चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने के लिए दिया गया है।

इस अवसर पर पवन शर्मा ने कहा कि डा.मलिक का चिकित्सा क्षेत्र में योगदान सराहनीय है। कहा कि डा. मलिक ने अपने चिकित्सा कौशल और समर्पण से समाज की सेवा की है, जिसके लिए वे सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने कहा समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करती रहती है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने डा.मलिक को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बामनौली गांव में किया गया कांग्रेस किसान स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बामनोली गांव में कांग्रेस किसान स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

बामनोली गांव के ऐतिहासिक जवाहर इंटर कॉलेज में कांग्रेस की किसान स्वाभिमान महापंचायत में पहुंचे किसानों ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा किसान स्वाभिमान महापंचायत में पहुंचे कांग्रेस के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के साथ घोर अन्याय कर रही है। गरीबों के साथ खिलवाड़ करने का काम भी भाजपा सरकार कर रही है अब समय आ गया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम कर रही है। किसानों मजदूरों व्यापारियों के हितों की कांग्रेसी रक्षा कर सकती है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर वर्ग किसान कांग्रेस से जुड़ने का काम कर रहा है। दिन प्रतिदिन कांग्रेस की सदस्यता लेकर भारी संख्या में किसान कांग्रेस से जुड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने किसानों से आहवान किया कि सभी किसान कांग्रेस का साथ देकर कांग्रेस को आगे बढ़ने का काम करें और भाजपा सरकार उखाड़ फेंकने का काम करें तभी जाकर किसानों का भला हो सकता है। आज देश बर्बादी के कगार पर आ गया है किसाने की कोई सुध लेने वाला नहीं है। सभी कांग्रेसियों ने जमकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने कांग्रेस का साथ देने राहुल गांधी सोनिया गांधी के साथ मिलकर काम करने के लिए आवाहन किया।



कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश महासचिव नवाब अहमद हमीद, पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष चौ. रामकुमार सिंह, शहर अध्यक्ष रामहरि पवार, मीडिया प्रभारी ओंकार शर्मा, देवेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा, अशोक शर्मा, बृजमोहन शर्मा, परवेज चौधरी, इरशाद चौधरी, शौकेंद्र तोमर, आवेश मलिक आदि मौजूद रहे।

# शरारती तत्वों ने अम्बेडकर की प्रतिमा का किया सर तन से जुदा

## भगवानपुर में हुई घटना के बाद फैला आक्रोश, समाज के लोगों ने किया हंगामा व नारेबाजी

- पूर्व विधायक संगीत सोम द्वारा 30 मार्च को होना था प्रतिमा का अनावरण
- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान व ठा. संगीत सोम पहुंचे मौके पर



बाबा साहेब की क्षतिग्रस्त प्रतीमा।



घटना के बाद मौके पर पहुंचे संगीत सोम व सीमा प्रधान।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर में सोमवार की देर रात भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की नवनिर्मित प्रतिमा को असामा. जिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया। प्रतिमा के सर को धड़ से अलग कर दिया गया और सिर को भी असमाजिक तत्वों द्वारा गायब कर दिया गया। बताया जाता है कि भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम द्वारा आगामी 30 मार्च को मूर्ति का अनावरण होना था लेकिन सोमवार की देर रात मूर्ति को खंडित कर दिया गया जब मंगलवार की सुबह सवेरे ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तो भारी संख्या में समाज के लोग इकट्ठा हो गए और जमकर हंगामा और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। सूचना पर इंचौली थाना प्रभारी एसपी बजरंग प्रसाद, सीओ सुधीर व एसपी देहात अभिजीत कुमार, लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह भारी पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन ग्रामीणों ने तत्काल नई प्रतिमा लगवाने व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर धरना खत्म करने से मना कर दिया। वहीं हंगामे की सूचना पर पूर्व विधायक संगीत सोम व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान भी भगवानपुर गांव पहुंच गए। इस दौरान संगीत सोम ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठ गए उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों को जल्द से जल्द दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और नई प्रतिमा लगवाने का निर्देश दिया। तब जाकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन खत्म किया।

वहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान ने ग्रामीणों से बात की और प्रशासन से मांग की कि ऐसा घिनौना कार्य करने वाले चाहे किसी भी समाज के हो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए जिससे किसी भी महापुरुष के साथ ऐसा बर्ताव ना किया जा सके। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करना बहुत ही निंदनीय है और असामाजिक कृत्य है ये बाबा साहब के विचारों को रोकने की साजिश है ये प्रदेश ओर देश बाबा साहब के समानता और विचारधारा से ही आगे बढ़ेगा।

### 30 मार्च को ही होगा बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण: संगीत सोम

धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों के बीच पहुंचे ठा. संगीत सोम ने मीडिया कर्मियों से बात करने हुए कहा कि बाबा साहब किसी एक जाति बिरादरी के नहीं थे। उन्होंने संविधान लिखा था। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के साथ ऐसा कुकृत्य किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से भी सख्त कार्रवाई करने और नई प्रतिमा लगवाने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि आगामी 30 मार्च को ही बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण होना था पर 30 मार्च को ही उनके द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

## विधायक अतुल प्रधान ने विधानसभा तक पहुंचाया भगवानपुर प्रकरण



सरधना विधानसभा क्षेत्र सरधना के गांव भगवानपुर में सविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त की घटना का मामला विधानसभा तक पहुंच गया। सरधना विधायक अतुल प्रधान ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलकर घटना की जांच के लिए ज्ञापन सौंपा और आगामी सत्र में घटना को सदन की कार्यवाही में शामिल करने की मांग की। अतुल प्रधान ने कहा कि पूर्व में रार्धना, भरोटा सहित कई जगहों पर इस तरह की निंदनीय घटना घटित हुई हैं सभी की जांच हो और भविष्य के लिये अंकुश लगे। इसके बाद विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने इस मामले में जांच कराने का आश्वासन दिया।

# सूद लेना व देना हराम: मौलाना खुर्शीद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बातनौर में सोमवार से दो दिवसीय इजलास ए आम का आगाज हो गया। मदरसा इस्लामिया अरबिया कासिम उल उलूम में आयोजित जलसे में प्रथम दिन दारूल उलूम से आए शेखुल हदीस मौलाना खुर्शीद ने लोगों को सूद, शराब, मोबाइल, गाना-बाजा आदि के बारे में नसीहत की। इजलास ए आम की शुरुआत मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों ने नाअत पाक सुनाकर की। निजामत कारी ताहिर ने व सदारत मौलाना मुस्तफा ने कीं। बतौर महमाने खुसूसी दारूल उलूम से आए शेखुल हदीस मौलाना खुर्शीद ने शिरकत की। देर रात्रि दस बजे के बाद उन्होंने तकरीर की। अपने आधे घंटे से ज्यादा तकरीर में मौलाना खुर्शीद ने सूद पर मौजूद लोगों को जागरूक किया। मौलाना ने बताया कि सूद लेना भी हराम और देना भी हराम, यहां तक कि लेन-देन के दौरान मौजूद गवाह और लिखने वाला भी इस गुनाह में बराबर का शरीक है। कहा कि सूद उम्मत में आज-कल आम हो गया है। उन्होंने जागरूक करते हुए लोगों से सूद से बचने की सलाह दी। आगे उन्होंने कहा कि गाना-बाजाना मुस्लिमों के घर में फैशन बन गया है। कोई खुशी होती है तो डीजे बजाकर जश्न मनाया जाता है, हुड़दंग करते हैं, नाचते हैं, गाते हैं, यह करकर हम रसूल के मिशन का जनाजा निकाल रहे हैं। जबकि रसूल मोहम्मद ने गाना-बजाना हराम करार दिया और इसको खत्म करना जिंदगी का मकसद बना लिया था, लेकिन हम क्या कर रहे हैं? हम संगीत से मुहब्बत कर रहे हैं। यहां तक कि शादी-वलीमा हो या ईद का दिन, हम डीजे पर खुशी मना रहे हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान पति सजाऊद्दीन मलिक, शहंशाह जफर, अली मसूद, शहबूब कस्सार, मो. रफी कस्सार, आसिफ सलमानी, भूरा मलिक, एहसान मलिक, महरबान मलिक, सरताज सलमानी, आरिज, शानुद्दीन, नईम मलिक, महताब सलमानी, नसीमुद्दीन, हशीन सलमानी, आस मो. कसार मौजूद रहें।

# मोर फ्लाई प्ले एकेडमी का परीक्षा परिणाम घोषित, यूकेजी की छात्रा आकृति चौहान बनीं स्कूल टॉपर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के खरदौनी गांव में स्थित मोर फ्लाई प्ले एकेडमी में मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अभिषेक चौहान व प्रिंसिपल चंचल तोमर ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। परीक्षा परिणाम में यूकेजी की छात्रा आकृति चौहान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल टॉप किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताई और छात्रा को सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षिका रितु, आरजू, रिया, योगेंद्र, विनीता आदि ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए आगे भी मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# युवा अधिवक्ता का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** युवा अधिवक्ता अक्षत शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत पार्षद नगर पालिका मवाना बनने पर भव्य स्वागत समारोह बड़ा महादेव मंदिर कमेटी द्वारा बड़ा महादेव मंदिर पर आयोजित किया गया। सभी सम्मानित सदस्यों ने अक्षत शर्मा को माला पहनाकर सम्मानित किया और अपना आशीर्वाद दिया। अक्षत शर्मा ने मंदिर के बाहर साफ सफाई , पीने के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराने का संकल्प लिया जिसमे महादेव मंदिर के पुजारी गजानंद जोशी, सर्वेंद्र चौधरी कमेटी अध्यक्ष, मुकेश अग्रवाल महामंत्री, संजीव रस्तोगी बबली तीर्थ, प्रमोद, राहुल जाटव, सोनू दुबलिश, अर्पित पांडेय, ठाकुर शनि प्रताप, मुकुल चौहान आदि मौजूद रहे।

# राशन न देने की शिकायत पर घर में घुसकर हमला

- पुलिस ने आरोपी डीलर को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी राशन डीलर दबंगई ना दिखाएं लेकिन कहीं ना कहीं योगी आदित्यनाथ के आदेशों को राशन डीलर हवा में उड़ा रहे हैं और गरीब आदमियों का राशन डकार उन पर ही दबंगई दिखाते हैं। ऐसा ही मामला मंगलवार को जानी ब्लॉक के सालेनगर में राशन डीलर व उसके साथियों ने राशन न देने की शिकायत करने पर शिकायत करता के घर पर हमला कर पिता पुत्र को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी राशन डीलर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

सालेनगर गांव में अनवर अहमद राशन डीलर है। आज गांव का ही अल्ताफ पुत्र महताब राशन डीलर के पास राशन लेने पहुंचा। आरोप है कि राशन डीलर ने उसे राशन देने से मना कर दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। राशन को लेकर हुई कहासुनी को गांव के लोगों ने समझा बुझाकर शांत कर दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद राशन डीलर अपने साथियों के साथ महताब के घर पहुंचा और पिता पुत्र की जमकर धुनाई कर दोनों को घायल कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस ने आरोपी डीलर को मौके से हिरासत में ले लिया और जमकर क्लास ली। पुलिस ने आरोपी राशन डीलर के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया है।

# सरगम आर्ट कल्चरल ने किया ईद मिलन समारोह का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरगम आर्ट कल्चरल सोसायटी एवं सरगम आर्ट ग्रुप द्वारा अपार चैंबर मे ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे कांग्रेस महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी रहे। भाजपा पार्षद सुमित शर्मा, जीशान उर्फ पन्नू, इरशाद अहमद, अदनान शेख, हाश्मेआलम कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने ईद के पकवानों का स्वाद लिया और गीत संगीत संध्या का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एहसान इलाही, नदीम राज, बबलू राजा, इकबाल कुरैशी, तनवीर अंसारी, हाजी सरफराज कुरैशी, रूपराम राजपूत, अफजल सैफी, चुलबुल पांडे, नईम अब्बासी, नावेद खान, इलियास शेख, पप्पू दीन, मुकेश शर्मा, लोकेश गुप्ता, रिटायर्ड इंस्पेक्टर मोहम्मद अब्दुल्ला, अनीस कुरैशी, शाहनवाज अंसारी, दिलशाद मंसूरी, जावेद अंसारी आदि मौजूद रहे। प्रोग्राम का आयोजन आसिफ अनवर वारसी द्वारा किया गया।

# ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कुराली में मिशन शक्ति की टीम ने छात्राओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति केंद्र अब सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है और इसी की वजह से अब उत्तर प्रदेश में छेड़छाड़ जैसी घटनाएं छात्राओं के साथ कम हो रही हैं। इसी के चलते मंगलवार को ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कुराली में संबंधित लघु फिल्म दिखाई गई जिसमें छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र के बारे में अवगत कराया। मिशन शक्ति टीम की प्रभारी श्वेता यादव और सुजीत कुमार ने छात्राओं बताया कि कहीं भी आसपास में होने वाली घटना पर तुरंत 1090 मिलाएं, साइबर खतरे के बारे में बचाव के तरीके बताएं इसकी शिकायत कैसे करें और छेड़खानी आदि पर किस तरह से बचाव किया जाए इसके बारे में विस्तार से बताया गया। हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 चाइल्ड हेल्पलाइन और 1098 की जानकारी दी गई और मौके पर छात्राओं को पंपलेट भी दी गई। वहीं मिशन शक्ति टीम की प्रभारी ने बताया कि कभी भी कोई भी इस तरह की घटनाएं आपके साथ अगर घटित होती है तो तुरंत इन नंबरों पर सूचित करें जिसे अपना बचाव हो सके और अपने आसपास के रहने वाले छात्राओं को भी इसके बारे में बताएं।

# गांव पांचली में जगदीश्वरानंद की पुण्यतिथि मनाई

## ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर रहे मुख्य अतिथि, आश्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को बागपत रोड स्थित क्रांतिकारी गांव पांचली में महात्मा जगदीश्वरानंद आरोग्य आश्रम पुण्यतिथि श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के जिम्मेदार नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे समाजी को भाविनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के साथ हुआ जिसमें बड़े-बड़े दुर्धरा से आए श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख शांति की कामना की।

इसके साथ सभी लोगों उपस्थित लोगों ने स्वामी जी की समाधि पर कुछ अर्पित करें उन्हें नमन किया और उनके बताएं रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का औपचारिक व मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर व भाजपा के वरिष्ठ नेता भोपाल सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर इस अवसर पर उन्होंने महात्मा जगदीश्वरानंद जी के समाज सेवा योगदान को स्मरण करते हुए कि प्रकृति चिकित्सा आश्रम में बड़े-बड़े रोगों का इलाज हुआ है इसे हमेशा जीवन में अपनाना चाहिए और यह सब कुछ हमारे आश्रम के महान महात्मा जगदीश्वरानंद महान संतों का जीवन में हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है जो हमेशा उनकी कमी कर लेगी उन्होंने लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की और कहा कि ऐसे महात्मा व्यक्ति की आदर्श पर चलने के लिए सभी को कहा कार्यक्रम के दौरान संगीत के साथ भजन प्रवचन भी सुनाया गया जिसमें कुलदीप आर्य ने मधुर अपने भजनों सेवातावरण को श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच लिया और सभी का ध्यान भजन पर चला गया। कार्यक्रम में हरवीर सुमन, सुनील भड़ाना, अभिषेक चौधरी, पुष्पेंद्र सिंह आर्य, अमन सिंह वर्मा, तेजपाल सिंह, एन बंसल, राहुल देव प्रमुख, विवेक बंसल, विश्व बंधु, केपी सिंह, संतोष नारंग, सुमित प्रधान, घाट पुर्व प्रधान प्रवीण पावटी, सुनील, बालक राम, मनोज प्रधान बब्लू प्रधान, कुलदीप सिंह, इंद्रपाल वीर, महेंद्र सिंह, जगबीर सिंह, संजय, सतबीर सिंह, संजय आर्य, भाजपा नेता आयुष चपराना समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत फलावदा में नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** बुधवार सुबह प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिसूचना द्वारा विवेक सैनी, नरेन्द्र कुमार व अश्वनी विश्नोई के नाम निर्दिष्ट सदस्य के रूप में नामित होने के बाद नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन अशोक कुमार सैनी द्वारा शपथ ग्रहण करायी गयी। शपथ ग्रहण से पूर्व अशोक कुमार सैनी व ईओ सचिन पंवार द्वारा नामित सदस्यों को फूलमाला व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। चेयरमैन ने अपने वक्तव्य में नामित सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। इसके उपरांत नगर पंचायत के सभासदों व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा नामित सदस्यों को फूल माला पहनाकर शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर नगर पंचाय के सभासदगण, नगर व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, व्यापार संघ के पदाधिकारीगण, निकाय के कर्मचारीगण व नगर के अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# वोल के पहले T20 शतक से ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज का किया 3-0 से क्लीन स्वीप

**सेंट विन्सेंट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को डीएलएस मेथड से वेस्टइंडीज को 40 रन से हराकर महिला टी 20 सीरीज में 3.0 से क्लीन स्वीप कर लिया। बारिश ने वेस्टइंडीज के 212 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल कर दिया,

जिससे 10 ओवर में उनका स्कोर 61/3 हो गया। किंग्सटाउन में डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही थी, इसलिए नतीजा डीएलएस मेथड से तय किया गया। ऑस्ट्रेलिया के टोटल में जॉर्जिया वोल का 52 गेंदों पर पहला टी20 शतक सबसे ऊपर रहा। वह मेग लैनिंग (दो बार), बेथ मूनी (दो बार) और एलिसा हीली के साथ ऑस्ट्रेलिया महिला टी20 शतक बनाने वालों में शामिल हो गईं। नौ



चौके और छह छक्के लगाकर, उन्होंने 17वें ओवर में अपना शतक पूरा किया और दो गेंद बाद हेली मैथ्यूज ने उन्हें आउट कर दिया। बाद में ओवर में, मैथ्यूज ने जॉर्जिया वेयरहम का भी विकेट लिया, जिस दिन उनकी बाकी टीम की खिलाड़ियों ने रन दिए, और 3-29 के साथ मैच खत्म किया। उस पॉइंट तक, यह जडादातर वोल की अकेले की कोशिश थी, टॉप पांच में से कोई भी दूसरी बैटर 20 का स्कोर पार नहीं कर पाई थी। उनका 200 पार करना कुछ हद तक कैप्टन सोफी मोलिनक्स की वजह से था, जिन्होंने 19वें ओवर में 15 रन लिए, और फिर आखिरी ओवर में छक्का मारकर ऑस्ट्रेलिया को विमेंस टी20 में अब तक का पांचवां सबसे बड़ा टोटल दिलाया। मोलिनक्स के दोनों छक्के काउ कॉर्नर एरिया में आए - एक फुल-टॉस पर और दूसरा फी-हिट पर - जिससे वोल की मैराथन को. शिश के बाद ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन किया, इत्तेफाक से विमेंस टी20 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उनकी पहली सेंचुरी थी। इससे पहले ब्रैथवेट ने तीसरे ओवर में शट्ट की गेंद पर छक्का मारकर मैच को आगे बढ़ाया। थोड़ी देर बाद, लूसी हैमिल्टन ने धीमी गेंद फेंककर उन्हें कैच-एंड-बॉल कर दिया, जिससे वे और मुश्किल में पड़ गए। छह ओवर के आखिर में, उनका स्कोर 33/3 हो गया था। मैथ्यूज और डिएंड्रा डॉटिन कुछ देर शांत रहीं, फिर दोनों ने अलाना किंग, जो प्लेयर ऑफ द सीरीज थीं, की गेंद पर छक्का मारा, जो ट्रैक पर कूदकर मिडविकेट की रस्सी को पार कर गई।

यह वेस्टइंडीज की आखिरी लड़ाई थी, एक ओवर बाद, बारिश के कारण खिलाड़ी वापस जा रहे थे। संक्षिप्त स्कोर: ऑस्ट्रेलिया महिला टीम 20 ओवर में 211/7 (जॉर्जिया वोल 101, सोफी मोलिनक्स 25, हेली मैथ्यूज 3-29, जहजारा क्लैक्सटन 2-37) ने वेस्टइंडीज महिला टीम को 10 ओवर में 61/3 (हेली मैथ्यूज 30), एबोनी ब्रैथवेट 18, एलिस पेरी 1-1, मेगन शुट्ट 1-11) को 40 रन (डीएलएस मेथड) से हराया।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी20 सीरीज के लिए काशवी गौतम भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** तेज गें. दबाजी ऑलराउंडर काशवी गौतम को अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।



हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर काशवी ने टेस्ट और वनडे दोनों सीरीज में हिस्सा लिया था, लेकिन अब तक उनका टी20 डेब्यू नहीं हुआ है। चयनकर्ताओं ने उमा छेत्री को भी दल में ऋचा घोष के बैकअप के रूप में शामिल किया है। छेत्री ने 17 साल की जी कमालिनी की जगह ली है जिन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज में टी20 डेब्यू करने के बाद से कोई अंत. रराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह टी20 दल का हिस्सा थीं, लेकिन उन्हें कोई भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। श्रीलंका के खिलाफ सभी पांच टी20 खेलने और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बेंच पर रहने वाली बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को भी बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो मैचो में 3 और 1 का स्कोर बनाने तथा तीन ओवर में 30 रन देने वाली ऑलराउंडर अमनजोत कौर को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है। अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ के साथ गौतम तेज गेंदबाजी की चौथी विकल्प होंगी। दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और श्रेयंका पाटिल स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगी। दक्षिण अफ्रीका का ये दौरा डरबन में शुरू होगा जहां 17 और 19 अप्रैल को पहले दो टी20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग में अगले दो मैच तथा 27 अप्रैल को बेनोनी में दौरे का आखिरी मैच खेला जाएगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आयुष शेट्टी को थॉमस कप 2026 के लिए पहली बार चुना गया

**बेंगलुरु।** भारत की अगली पीढ़ी के बैडमिंटन टैलेंट को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को थॉमस कप फाइनल्स 2026 के लिए नेशनल टीम में पहली बार चुना गया, जो उनके तेज़ी से बढ़ते करियर में एक बड़ा मील का पत्थर है। बैडमिंटन एसोसिएशन आफ़ इंडिया ने मंगलवार को 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में होने वाले टूर्नामेंट के लिए एक बैलेंस्ड टीम का नाम बताया, जिसमें शेट्टी अनुभवी पुरुषों की लाइनअप में सबसे खास खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरे। शेट्टी का सिलेक्शन सीनियर सर्किट पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद हुआ है, जहाँ उन्होंने लगातार एक शांत और तकनीकी रूप से मजबूत खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई है जो सबसे ऊँचे लेवल पर मुक. ाबला करने में सक्षम है। उनके शामिल होने से यह सफ़ पता चलता है कि सिलेक्टर जाने-माने सितारों के साथ-साथ युवाओं में भी इन्वेस्ट करना चाहते हैं।

### यूथ डेल्फिक गेम्स में भारत ने ऐतिहासिक शुरुआत की

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत की सांस्कृतिक और कलात्मक यात्रा के लिए एक अहम पल में, 46 सदस्यों वाला भारतीय डेलीगेशन शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले यूथ डेल्फिक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए बिश्केक, किर्गिस्तान पहुंच गया है। यह किसी भारतीय कलाकारों की टीम का ग्लोबल कॉम्पिटिटिव फॉर्मेट में पहली बार हिस्सा लेने का प्रतीक है, जो इंटरनेशनल सांस्कृतिक आंदोलन में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। इस डेलीगेशन में, जिसमें पूरे भारत के 46 युवा कलाकार और इंटरनेशनल जूरी सदस्य शामिल हैं।

# हम यहां जीतने के लिए हैं: आशीष

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटन्स के साफ नजरिए के बारे में बताते हुए हेड कोच आशीष नेहरा ने कहा कि टीम का फोकस मुकाबला करने और जीतने पर बना हुआ है। शुभारंभ 2026 में बोलते हुए, जो एक यादगार शाम थी जिसमें पूरी टीम, फ्रैंचाइजी मालिक, पार्टनर और फैन एक साथ आए, नेहरा ने कहा कि टाइटन्स अपने खेलने का तरीका बदलना नहीं चाहते हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों और उनके फैसले लेने पर टीम के भरोसे पर जोर देते हुए कहा, ष्मुझे नहीं लगता कि इस सीजन में अलग तरह से सोचने की जरूरत है। असल में, मुझे नहीं सोचना है, खिलाड़ियों को सोचना है। उन्हें सोचना है। उन्हें खेलना है, मैं बाहर बैठा हूं। टीम की सोच पर जोर देते हुए, नेहरा ने कहा कि



पहले दिन से ही हमारी सोच साफ रही है, हम यहां हिस्सा लेने नहीं आए हैं, हम यहां मुकाबला करने और जीतने आए हैं। एक नई टीम के लिए, यह सोचना आसान है कि इसमें समय लग सकता है, लेकिन हमारा नजरिया कभी ऐसा नहीं था। 2022 में आईपीएल में शामिल होने के बाद से, गुजरात टाइटन्स सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है, जो अपने पहले चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ तक पहुंची और 2022 में अपने पहले सीजन में ही खिताब जीता। ग्रुप में कंटिन्यूटी पर, नेहरा ने कहा, ष्आप एक ऐसे कप्तान की बात कर रहे हैं जो पहले दिन से टीम के साथ है और उसने वह सफर देखा है। मुझे नहीं लगता कि हम इस सीजन में कुछ अलग करने की सोच रहे हैं। शुभारंभ 2026 ने नए सीजन की शुरुआत की, साथ ही फ्रेंचाइजी के पांच साल के सफर पर भी बात की। एकता, महत्वाकांक्षा और गुजरात-फर्स्ट की भावना को दिखाते हुए, जो फ्रेंचाइजी को पहचान देती है, इस इवेंट में सोच, पहचान और कल्चरल सेलिब्रेशन का मिक्स था, जिससे टीम का अपने फैंस और राज्य के साथ गहरा कनेक्शन और मजबूत हुआ। गुजरात टाइटन्स अपना आईपीएल 2026 कैंपेन 31 मार्च को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ शुरू करेगी।

# श्रीलंका ने आईपीएल के लिए ईशान मलिंगा को मंजूरी दी

### हसरंगा व पथिराना को इंतजार करना पड़ेगा

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने ईशान मलिंगा को आईपीएल में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है, लेकिन बाकी तीन - नुवान तुषारा, वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना - के बारे में अभी कोई अपडेट नहीं है, जो 28 मार्च से शुरू होने वाली लीग में हिस्सा लेने के लिए अभी भी श्रीलंकाई बोर्ड से मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। एक फ्रेंच. इजी अधिकारी ने क्रिकबज को कन्फर्म किया कि मलिंगा (25), जो दाएं हाथ के तेज गें. दबाज हैं, मंगलवार (24 मार्च) को सनराइजर्स टीम को रिपोर्ट करेंगे।

मलिंगा अपने साथी श्रीलंकाई खिलाड़ी कामिंडू मेंडिस के साथ हैदराबाद पहुंचेंगे, जो 27 साल के बाएं हाथ के बैट्समैन हैं और जिन्हें पहले ही एनओसी मिल चुकी है। माना जा रहा



है कि हसरंगा (एलएसजी) और पथिराना (केकेआर) को सोमवार को फिटनेस टेस्ट में शामिल होने का मौका नहीं मिला, जिसका मतलब है कि आईपीएल 2026 के लिए उनके भारत आने में देरी होगी। क्रिकबज ने पहले बताया था कि पथिराना, जिन्हें केकेआर ने 18 करोड़ रुपये में साइन किया है, इस सीजन का कुछ हिस्सा मिस करने वाले हैं, क्योंकि फेंच. इजी उनके पूरी तरह ठीक होने का इंतजार करना चाहती है, न कि उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना चाहती है। एलएसजी को अपने 2 करोड़ रुपये के रिक्रूट हसरंगा के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 31 साल के पेसर तुषारा के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। एसएलसी ने हाल ही में एक बयान जारी कर कहा, ष्प्च्स् में हिस्सा लेने के लिए नुवान तुषारा की नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट की एलिजिबिलिटी उनके फिजिकल परफॉर्मेंस टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगी।ष सोमवार (23 मार्च) तक उनका एनओसी स्टेटस साफ नहीं है। लेकिन आईपीएल में दूसरे श्रीलंकाई खिलाड़ी, दुष्मंत चमीरा और पथुन निसंका (दोनों डीसी) के साथ-साथ हाल ही में आरआर में शामिल हुए दासुन शनाका को क्लियर कर दिया गया है।

# गुजरात टाइटन्स का 'शुभ आरंभ 2026' विरासत और विश्वास पर आधारित एक नए सीजन की नींव

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद में आयोजित एक ऐतिहासिक समारोह 'शुभआरंभ 2026' के साथ आईपीएल 2026 की अपनी यात्रा की शुरुआत की। इस समारोह में पूरी टीम, फ्रेंचाइजी के मालिक, साझेदार और प्रशंसक एक साथ आए।

इस शाम में टीम के पांच साल के सफर पर विचार-विमर्श किया गया और आगामी सीजन के लिए एक स्पष्ट और भविष्योन्मुखी दिशा तय की गई। फेंचाइजी की एकता, महत्वाकांक्षा और 'गुजरात प्रथम' की भावना को प्रदर्शित करते हुए इस शाम में चिंतन, सम्मान और सांस्कृतिक उत्सव का संगम देखने को मिला, जिसने टीम का अपने प्रशंसकों और राज्य के साथ गहरे जुड़ाव को और मजबूत किया। यह अवसर इस बात की याद दिलाता है कि




टाइटन्स मैदान पर और मैदान के बाहर, लीग की सबसे गतिशील, सुसंगत और प्रशंसक-केंद्रित फ्रेंचाइजी में से एक कैसे बन गई है। अपने पहले ही सीजन में खिताब जीतकर एक मजबूत विरासत बनाने से लेकर लगातार उच्च-प्रभावशाली प्रदर्शन करने और आईपीएल में सबसे सक्रिय प्रशंसक समुदायों में से एक को विकसित करने तक, गुजरात टाइटन्स संस्कृति, नेतृत्व और दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ रही है।

टोरेंट ग्रुप के निदेशक और गुजरात टाइटन्स के अध्यक्ष जिनाल मेहता और शान मेहता, साथ ही टोरेंट ग्रुप के अन्य सदस्यों की उपस्थिति ने फेंचाइजी के विजन और मूल्यों के प्रति नेतृत्व की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाया। मुख्य परिचालन अधिकारी कर्नल अरविंदर सिंह, मुख्य कोच आशीष नेहरा और क्रिकेट निद. ेशक विक्रम सोलंकी की उपस्थिति में इस शाम ने एकजुट नेतृत्व और टीम भावना को रेखां. कत किया।

इस कार्यक्रम का केंद्र बिंदु टीम की सामूहिक यात्रा का उत्सव था, जिसमें निरंतरता, विकास और महत्वाकांक्षा की व्यापक कहानी के संदर्भ में कप्तान शुभमन गिल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आदित्य बिरला मैनेजमेंट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक अनन्या बिरला ने इस सीजन में प्रमुख प्रायोजक के रूप में बिरला एस्टेट्स की भूमिका पर जोर दिया।

# शांत रहने से आपको साफ नजरिया मिलता है: शुभमन

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल ने लीडरशिप में क्लैरिटी और शांत रहने पर जोर दिया, क्योंकि टीम प्च्स् 2026 की तैयारी कर रही है, जो पिछले सीजन में बनी मजबूत और कंसिस्टेंट नींव पर बनी है। अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स शुभारंभ 2026 में बोलते हुए, गिल ने खुद के प्रति सच्चे रहने और दबाव वाली स्थितियों में शांत रहने के महत्व पर जोर दिया।उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि मैं बस जैसा हूं वैसा ही हूं,

और यह शांति मेरे ग्रुप और मेरे अपने खेल में मेरे विश्वास और सुरक्षा की भावना से आती है। उन्होंने आगे कहा, ष्किसी भी स्थिति में शांत रहने से आपको दूर की नजर मिलती है, आप उस पल से आगे देख पाते हैं, बड़ी तस्वीर देख पाते हैं, और आपके पास बहुत साफ, लंबे समय का विजन होता है। गुजरात टाइटन्स अपने



डेब्यू के बाद से आईपीएल में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है, जिसमें पहला सीजन टाइटल जीतना और 2023 में रनर-अप रहना शामिल है।

इसी बुनियाद पर, गिल का तरीका लीडरशिप में निरंतरता दिखाता है, जिसमें ग्रुप के अंदर क्लैरिटी, कॉन्फिडेंस और भरोसे पर फोकस होता है। गुजरात टाइटन्स शुभारंभ 2026, एक ऐतिहासिक इवेंट, खिलाड़ियों, लीडरशिप, पार्टनर्स और फैंस को एक साथ लाया, जिससे एक नए सीजन की शुरुआत हुई और साथ ही पिछले कुछ सालों में फेंचाइजी के सफर और ग्रोथ पर भी रोशनी पड़ी।

टीम की तैयारी के बारे में और जानकारी देते हुए, क्रिकेट डायरेक्टर विक्रम सोलंकी ने स्क्वॉड बनाने में निरंतरता और स्थिरता के महत्व पर जोर दिया। सोलंकी ने कहा, ष्जहां तक इस सीजन और स्क्वॉड बनाने की बात है, तो पिछला साल हमारा बहुत अच्छा रहा था। हम बस आखिरी मुश्किल में हार गए थे। हमने ऑक्शन में बहुत छोटे बदलाव किए थे, बस थोड़े से एडजस्टमेंट की जरूरत थी। पांच खिलाड़ी आए थे, और मैथ्यू हेडन भी हमारे साथ जुड़ गए हैं। काम असल में हम सभी के बीच बंटा हुआ है, और हम सभी बहुत मेहनत करने की कोशिश करते हैं।

# सिनर ने मियामी में तीसरे दौर की जीत के साथ मास्टर्स 1000 में इतिहास रचा

**मियामी, वार्ता।** विश्व के नंबर दो खिलाघी जैनिक सिनर ने सोमवार शाम को मियामी ओपन में एटीपी मास्टर्स 1000 में इतिहास रचा, जहां उन्होंने कोरेंटिन माउटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से शानदार जीत हासिल की।

हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी सीधी तीसरे राउंड की जीत के साथ, इटैलियन खिलाड़ी ने अब मास्टर्स 1000 लेवल पर लगातार 26 सेट जीते हैं, और नोवाक जो. कोविच से आगे निकल गए हैं, जिनके नाम पहले 24 का रिकॉर्ड था। सिनर ने शनिवार को मियामी में अपनी दूसरे राउंड की जीत के साथ उस निशान की बराबरी की थी, फिर तीसरे राउंड में इसे पार कर लिया। अपनी जीत के बाद सिनर ने कहा, ष्मैं बहुत खुश हूं। इस खेल का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, इसलिए हम जितना हो सके ध्यान रखने की कोशिश करते हैं और देखेंगे कि अगले राउंड में क्या होता है।ष सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में रोलेक्स पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए टाइटल जीता था। मियामी में अपनी दो जीत की वजह से, सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं। माउटेट के खिलाफ, इस बात के बहुत कम संकेत थे कि 24 साल के इस खिलाड़ी का यह सिलसिला खतरे में है। सिनर ने जबरदस्त सर्व से मुकाबले की रफ्तार को कंट्रोल किया, और अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 87 परसेंट (33/38) जीते। उन्होंने दोनों विंग्स से भी खुलकर लस्वग किया, माउटेट के 11 के मुकाबले 23 विनर्स लगाए और फेंचमैन को मैच में रिदम पाने का कोई मौका नहीं दिया। अपनी एक घंटे, 11 मिनट की जीत के साथ, सिनर ने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 2-0 का सुधार किया और बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी जीत का सिल. सिला 21 मैचों तक बढ़ा दिया। रैंकिंग में नंबर 2 खिलाड़ी अब मंगलवार को चौथे राउंड में एलेक्स मिशेलसन का सामना करेंगे, जिससे वह 2017 में रोजर फेडरर के 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की अपनी कोशिश जारी रखेंगे। मिशेलसन ने एलेजांद्रो टैबिलो को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर इटैलियन खिलाड़ी के साथ चौथे राउंड का मुकाबला तय किया। मियामी में एक और जीत के अलावा, इस दो हफ्ते में सिनर के लिए और भी इनाम हैं। रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा से अपने बड़े विरोधी कार्लोस अल्काराज के हारने के बाद, इटैलियन खिलाड़ी अब स्पैनियार्ड के साथ अपनी वर्ल्ड नंबर 1 की लड़ाई में अंतर कम करने की अच्छी स्थिति में हैं।


### एमएमए फाइट से पहले पत्नी की सलाह ने दी संग्राम सिंह को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** पहलवान से एमएमए फाइटर बने संग्राम सिंह ने पिछले कुछ दिनों की अपनी आप बीती का बड़े ही सधे शब्दों में बयान किया है। उन्होंने कहा कि फांस के "लोरियन काउड्रे के साथ अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में होने वाली उनकी बहुप्रतीक्षित फाइट के लिए उन्होंने अपने जीवन में अब तक की सबसे जडादा तैयारी की। इस दौरान वह अपने छह कोचों की मदद से खूब पसीना बहाते रहे। यहां तक कि उनकी रात की नींदें गायब हो चुकी थीं। मन में एक अलग तरह का डर पैदा होने लगा था। उनके मन की यह उथल पुथल उनकी पत्नी पायल रोहतगी से देखी नहीं गई। उनकी एक राय पर अमल करते हुए उन्होंने एमएमए के लीजेंड्स जॉन जोंस, सेंट पियरे और एंडरसन सिल्वा के वीडियो देखे, जहां उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। फिर हरियाणा में उनके परिवार की ओर से उन्हें योग और प्राणायाम की सलाह मिली।

# KKR आकाश दीप की जगह विदर्भ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे को करेगी शामिल

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) आकाश दीप के रिप्लेसमेंट के तौर पर विदर्भ के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे को आईपीएल 2026 में अपने साथ जोड़ेगी। कोलकाता में इंट्रा स्क्वाड अभ्यास मैच के दौरान केकेआर के सीईओ वैंकी मैसूर ने इसकी घोषणा की।

दुबे ने आईपीएल में अब तक एक भी मुकाबला नहीं खेला है और सीनियर लेवल पर अब तक 11 मुकाबले खेलने वाले दुबे ने पिछले ढाई वर्षों से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेली है। पिछली बार उन्होंने 2023 में एक टी20 मुक. ाबले में विदर्भ का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि उन्होंने पिछले साल विदर्भ प्रो टी20 लीग में ऑरेंज टाइगर्स के लिए खेलते हुए प्रभावी प्रदर्शन किया था। 2022 में उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा था लेकिन चोट के चलते वह बाहर हो गए। वह मुंबई इंडियंस के लिए नेट गेंदबाज भी रह चुके हैं। 28 वर्षीय दुबे ने पहली बार 2019 में एसीसी इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के दौरान ध्यान आकर्षित किया था, जहां वह सर्वाधिक विकेट लेने वाले



गेंदबाज रहे थे। केकेआर पिछले एक सप्ताह से ट्रायल का आयोजन करा रही थी और आकाश दीप के अलावा हर्षित राणा का भी संभावित विकल्प तलाश रही थी।

ट्रायल में हिस्सा लेने वाले अन्य गेंदबाजों में नवदीप सैनी, केएम आसिफ, सिमरजीत सिंह, आकाश मधवाल और संदीप वारियर शामिल थे। मैसूर ने कहा कि मुख्य कोच अभिषेक नायर ने संभावित विकल्प तलाशने के लिहाज से बहुत बढ़िया काम किया है ताकि कोच उन विकल्पों को देख सकें और हमारी ट्रेनिंग और अभ्यास मुकाबलों का हिस्सा बन सकें। निश्चित तौर पर विदर्भ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे ने सभी का अपनी ओर ध्यान आकर्षित किया।

कोच काफी उत्साहित थे और उन्होंने कहा कि यह वो खिलाड़ी हैं जिन्हें हम आकाश दीप की जगह अपने दल में शामिल करना चाहेंगे।' शुरुआती मुकाबले मिस करने जा रहे मतिशा पतिराना को लेकर मैसूर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि तेज गेंदबाज हिस्सा ले पाएंगे। केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने हाल ही में कहा था कि पतिराना मध्य अप्रैल तक उपलब्ध हो जाएंगे, पतिराना को टी20 विश्व कप के दौरान चोट लगी थी। मैसूर ने कहा, ष्हम उनसे और बोर्ड (एसएलसी) से लगातार संपर्क में बने हुए हैं। हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते, इन चीजों में समय लगता है। उम्मीद है कि हमें जडादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पीठ के निचले हिस्से की चोट से समय से न उबर पाने के चलते आकाश दीप शनिवार को आईपीएल 2026 से बाहर हो गए। वह इस समय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं।

सम्पादकीय

बुधवार, 25 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कैसे रुकेगा युद्ध

मध्य पूर्व में चल रहा संघर्ष अब पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेता दिखाई दे रहा है। 24 दिन गुजर जाने के बावजूद इस युद्ध में कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। हां थोड़ी आशा उस समय जरूर बंधी थी, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने 48 घंटों के अल्टीमेटम के बाद ईरान पर हमला करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार कर उसको पांच दिन के लिए टाल दिया था। ट्रम्प ने दावा किया था कि ऐसा वह इसलिए कर रहे हैं ताकि पर्दे के पीछे चल रही ईरान से बातचीत किसी अच्छे नतीजे पर पहुंचे। उसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। ट्रम्प के इस फैसले के तुरंत बाद ईरान की तरफ से जवाब आया कि ऐसी कोई बातचीत नहीं चल रही है और बातचीत अगर कोई होगी भी तो वह ईरान की शर्तों पर होगी। जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले किए, उससे भी पांच दिन के संघर्ष विराम का कोई मतलब नहीं रह गया है। बताया जा रहा है कि ईरान ने इस्राईल के तेल अवीव सहित कई शहरों पर मिसाइल से हमले किए, तो वहीं इस्राईल अमेरिका ने भी ईरान पर ताबड़तोड़ बमबारी की। हालांकि ट्रम्प अभी भी कह रहे हैं कि बातचीत जारी है, लेकिन ऐसा कहते हुए वह यह कहने से भी नहीं चूके कि ईरान अमेरिका की शर्तों के अनुसार ही चलेगा और वह ईरान को न्यूक्लियर पॉवर कभी नहीं बनने देंगे। साथ ही उनका दावा रहा है कि अमेरिका ने ईरान को भारी क्षति पहुंचाई है और उसकी सेना लड़ने की स्थिति में नहीं है, जबकि जमीनी हकीकत उससे अलग ही दिखाई दे रही है। जहां तक बात भारत की है, भारत भी यही चाहता है कि किसी भी तरह यह युद्ध रुके। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस संबंध में ट्रम्प ने टेलीफोन पर बात भी की। इस बातचीत में कहा जा रहा है कि होर्मुज स्टेट को खोलने से लेकर अन्य तमाम बातों पर बातचीत हुई और दोनों देशों के बीच सहमति बनती दिखाई दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि हर कोई चाहता है कि यह युद्ध रुके। उसका कारण भी है, भले ही यह युद्ध ईरान-अमेरिका/इस्राईल के बीच लड़ा जा रहा हो, लेकिन इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। तेल, गैस का संकट लगभग प्रत्येक देश के सामने खड़ हो गया है, क्योंकि जिस तरह दोनों की ओर से एक-दूसरे के ऊर्जा संसाधनों पर हमले किए जा रहे हैं, वह सभी के लिए विनाशकारी साबित हो रहे हैं। जाहिर है हर देश का नेतृत्व इस समय चिंतित दशा में है और नहीं चाहता कि किसी भी सूरत में यह युद्ध आगे बढ़े। अमेरिकी राष्ट्रपति जिस तरह की भाषा बोल रहे हैं, उससे तो लगता है कि वह युद्ध से बाहर निकलना चाहते हैं, लेकिन उनका सहयोगी देश इस्राईल उनसे सहमत होता दिखाई नहीं दे रहा है। जब पांच दिन के संघर्ष विराम की घोषणा ट्रम्प ने की थी, तब भी इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इस पर ठंडी प्रतिक्रिया दी थी। अभी भी विश्व के बड़े नेता अपनी जिम्मेदारी को समझें, ताकि विनाश को रोका जा सके।

## अमेरिका के प्रभाव में काम करते हैं पीएम



पूर्व निर्धारित केरल दौरे के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सकूंगा, इस मुद्दे पर चर्चा जरूरी है, लेकिन सरकार पहले ही गंभीर गलती कर चुकी है, व्यवस्था का ढांचा ही कमजोर कर दिया गया है, जिसे सुधारने में काफी समय लगेगा, पीएम नरेंद्र मोदी स्वतंत्र निर्णय लेने के बजाय अमेरिका और इस्राईल के प्रभाव में काम करते हैं और किसानों व युवाओं के हित में प्रभावी कदम नहीं उठा पा रहे हैं।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष

# शिक्षा का बजट घटाया, तो पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी



पवन सिंह



द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) समाप्त हो चुका था, ब्रिटेन जबरदस्त आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। ब्रिटिश संसद चल रही थी और उस वक्त इंग्लैंड के प्रधानमंत्री थे क्लिमेंट एटली। बजट पर बहस जारी थी। तमाम ब्रिटिश सांसदों ने इंग्लैंड के प्रधानमंत्री क्लिमेंट एटली से कहा आपने रक्षा से लेकर तमाम मदों में बजट में जबरदस्त कटौती कर दी है, लेकिन शिक्षा के बजट में कटौती क्यों नहीं की? इंग्लैंड के प्रधानमंत्री क्लिमेंट एटली ने मुस्कुराते हुए कहा-हम युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई तो कर लेंगे, लेकिन अगर बजट के अभाव में हमारी पीढ़ियों की शिक्षा प्रभावित हुई तो इसका नुकसान कोई नहीं भर पाएगा। यह कह कर उन्होंने शिक्षा के बजट में कटौती करने से साफ मना कर दिया। ब्रिटेन में वर्ष, 1944 के बटलर शिक्षा अधिनियम के तहत प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को अनिवार्य और मुफ्त बनाने पर जोर दिया गया, जिससे ब्रिटेन में शिक्षा का महत्व बना रहा।

यह सुखद आश्चर्य है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ही इंग्लैंड में वर्ष, 1944 में ऐतिहासिक शिक्षा सुधार पारित किया गया, जिसने राज्य द्वारा वित्तपोषित शिक्षा के लिए एक ठोस आधार प्रदान किया। एक ओर युद्ध चला रहा हो और दूसरी ओर ब्रिटेन अपनी शिक्षा, अपने स्कूलों, कालेजों को उन्नत बनाने के प्रयास कर रहा था, ऐसा उदाहरण दुनियां में कहीं और देखने को नहीं मिलता। तत्कालीन सरकार ने अपनी कल्याणकारी राज्य की सोच को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य को विशेष महत्व दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि युद्ध के बाद ब्रिटेन में नई शिक्षा प्रणालियां विकसित हुईं। एटली सरकार ने 1944 के जिस शिक्षा अधिनियम को लागू किया, उसे श्बटलर एक्टश कहा जाता है, जिसने शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार किए। एटली ने कल्याणकारी राज्य की नीति अपनाई।

इंग्लैंड में आरंभ से ही शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और न्यू इनोवेशन ही वह मूल था जिसने वर्ष, 1760 से वर्ष, 1840 के बीच इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति आरंभ की। हस्तशिल्प का सफर मशीनों तक आया। भाप के इंजन ने सब कुछ बदल कर रख दिया। कोयला औद्योगिक क्रांति का प्रमुख आधार बन कर निकला और लोहा उद्योग से लेकर कपड़ा उद्योग एक नई इबारत लिखने लगा। कारखाने लगे तो शहरीकरण हुआ और फिर सब कुछ तेजी से बदलना आरंभ हुआ। विश्वयुद्ध हो या महामारी, वैश्विक आर्थिक स्थिति नकारात्मकता में हो या कोई अन्य कारण इंग्लैंड ने उसकी आंच कभी भी अपने कालेजों व विश्वविद्यालयों पर नहीं आने दी। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय वर्ष, 1096 में स्थापित हुआ, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय वर्ष, 1209 में, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन वर्ष, 1826 में, मैनचेस्टर विश्वविद्यालय वर्ष, 1824 में, किंग्स कॉलेज लंदन वर्ष, 1829 में, इंपीरियल कॉलेज लंदन वर्ष, 1907 में और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस वर्ष, 1895 में स्थापित हुआ। जबकि दरहम विश्वविद्यालय वर्ष, 1832 में, ब्रिस्टल विश्वविद्यालय वर्ष, 1876 में और वारविक विश्वविद्यालय वर्ष 1965 में स्थापित हुए। इनकी वित्तीय कटौती किसी भी सूरत में कभी नहीं की गई।

उधर चीन ने शिक्षा, तकनीक, न्यू इनोवेशन के महत्व को समझा और उस पर कभी कोई समझौता नहीं किया। इस बीच चीन के थिंक टैंक ने लगातार इंग्लैंड सहित अन्य यूरोपीय देशों में हुई प्रगति पर नजरें बनाए रखीं और उसने भी शिक्षा और अनुसंधान को अपना हथियार बनाया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यानी 1945 के बाद से ही चीन ने कमर कसी और उसने वर्ष, 1949 में 20 से 40 प्रतिशत की रफ्तार से साक्षरता दर हासिल की और वर्ष 2000 आते-आते चीन की करीब 98.4 प्रतिशत की आबादी शैक्षिक रूप से समृद्ध हो चुकी थी। इसके साथ ही चीन ने शिक्षा और अनुसंधान यानी R-D में जो छलांग लगाई है, वह दूसरे देशों के लिए एक सीख है। यह R-D के क्षेत्र की अभूतपूर्व क्रांति है। इसने देखते ही देखते विगत 30 सालों में चीन को तकनीकी महाशक्ति बना दिया। चीन ने वर्ष, 1986 में अनिवार्य शिक्षा कानून बनाया और वर्ष, 1999 के बाद R-D में भारी निवेश किया। यह निवेश वर्ष, 2011 में +100 बिलियन डॉलर से अधिक का था। आज चीन 3,000 विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक, बौद्धिक, तकनीक, साइंस आदि क्षेत्रों में हर बार कोई न कोई नई खोज सामने रख कर आश्चर्यचकित कर देता है। R-D यानी अनुसंधान और विकास में चीन ने सालाना 20 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जिसने चीन को एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और बायोटेक में अग्रणी बना दिया। इसके अलावा चीन ने अपने विश्व. विद्यालयों का जबरदस्त आधुनिकीकरण किया और 147 विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए विशेष फंड और संसाधन झोंक दिए। आज चीन ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग व स्मार्ट क्लासरूम में दुनिया में सबसे आगे है, जो AI और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करते हैं। इसके अलावा चीन ने अमेरिकी माडल की कापी की और विश्व भर की विदेशी प्रतिभाओं को चीन आमंत्रित किया। चीन लगातार विदेशी छात्रों की संख्या को बढ़ा रहा है। यह संख्या 2024 तक करीब 5 लाख तक पहुंच चुकी है। इससे उलट हमारे देश में सबसे बुरी गत शिक्षा, अनुसंधान और न्यू इनोवेशन को लेकर हुई। इसे बढ़ाने की बजाए इसे गर्त में झोंक दिया गया। परिणाम यह हुआ कि मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ चरमरा गई और धीरे-धीरे हम तकनीकी मामले में चीन पर निर्भर होते चले गए। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, चीन से भारत में विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (लगभग 47.67 अरब डॉलर) और मशीनरी, परमाणु रिएक्टर व बॉयलर (लगभग 27 अरब डॉलर) का सबसे अधिक आयात किया गया। ये दोनों श्रेणियां मिलकर 70 अरब डॉलर से अधिक की हैं। वर्ष, 2024-25 में चीन से भारत को प्रमुख मशीनरी आयात में विद्युत-इलेक्ट्रॉनिक उपकरण- 38 अरब डॉलर से 47 अरब डॉलर से अधिक और परमाणु रिएक्टर और बॉयलर मशीन. री-21.7 अरब डॉलर से 27 अरब डॉलर के अलावा अन्य तकनीकी उपकरण (ऑप्टिकल, मेडिकल)- 2.56 अरब डॉलर से 2.8 अरब डॉलर रहा। चीन शिक्षा और अनुसंधान R-D में दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में से एक है। 2026 में, चीन ने अपने विज्ञान और प्रौद्योगिकी बजट को बढ़ाकर 426.4 बिलियन युआन (लगभग +59-60 बिलियन) कर दिया है, जो 2025 से 10 प्रतिशत अधिक है। समग्र शिक्षा बजट 800 बिलियन डॉलर से अधिक का है, जो उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा और तकनीकी विकास पर भारी फोकस दर्शाता है। मुझे यह लिखने में कोई गुरेज नहीं है कि आज मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के मामले में हम चीन पर निर्भर हैं, क्योंकि हमने अपने देश में कभी भी साइंटिफिक एप्टीट्यूट या साइंटिफिक टैंपरामेंट डेवलप होने ही नहीं दिया। शिक्षा और अनुसंधान हमारे लिए कभी प्राथमिकता में रहा ही नहीं। हमारे पास तथाकथित कामों के लिए तो करोड़ों रुपए होते हैं, लेकिन स्कूलों और विश्वविद्यालयों के लिए, रिसर्च के लिए बजट न के बराबर होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 27 मार्च को नेपाल में सत्तारूढ़ होगी बालेन सरकार

**राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म अभी पिछले चुनाव में ही हुआ है। पहली मर्तबा चुनाव में उतरी इस पार्टी को 20 सीटें हासिल हुई थी। इस बार के चुनाव में इस पार्टी की सुनामी थी जिसमें पुरानी पार्टियों के सारे धुरंधर धराशाई हो गए। देखा जाए तो नेपाल के लोकतांत्रिक इतिहास में सर्वथा पहली बार किसी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। बालेन सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर नेपाल के पड़ोसी देशों में भी उत्सुकता देखी जा रही है। अपेक्षाकृत राजनीतिक रूप से बिल्कुल ही अपरिपक्व बालेन सरकार नेपाल के लिए क्या कुछ कर पाती है ,यह देखना दिलचस्प होगा।**



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में 27 मार्च को गठन होने जा रही नई सरकार को लेकर नेपाली जनता में उत्सुकता का माहौल है। इसीके साथ हर वर्ग में आशा और विश्वास भी है। चारों ओर चर्चा है कि अब नेपाल को परिवर्तन की अनुभूति होगी। मायूसी और निराशा के बादल छटेंगे। अबकी बार बालेन सरकार का नारा हर ओर गुंजायमान है। राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल नवनियुक्त प्रधानमंत्री और मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराएंगे। काठमांडू में जगह जगह बालेन शाह, रवि लामी छाने और सुडान गुरूंग के पोस्टर लगाए गए हैं। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की नई सरकार को सत्ता सौंपने की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री और मंत्रियों के शपथ से पहले 26 मार्च को सभी सांसदों का शपथ ग्रहण होगा। गौरतलब है कि नेपाल करीब चार सौ सालों तक राजशाही के अधीन था। पृथ्वी नारायण शाह को नेपाल का जनक माना जाता है। राजशाही से मुक्ति के लिए राजनीतिक दलों ने यदा कदा आंदोलन जरूर चलाया, लेकिन इसमें कामयाबी 2008 में जनयुद्ध नाम से चले हिंसक आंदोलन के बाद मिली। माओइस्ट नेता प्रचंड और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में सालों साल चले इस आंदोलन में करीब पांच हजार लोग मारे गए। राजा समर्थक राजनेताओं और जमिन्दारों के घर जलाए गए उनकी हत्याएं की गई। इस भारी खून खराबा से घबड़ाए तत्कालीन नरेश ज्ञानेंद्र ने सत्ता त्यागने की घोषणा की। कहना न होगा नेपाल को लोकतंत्र के सूर्योदय के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी।

2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव में अपूर्ण बहुमत के बावजूद प्रचंड प्रधानमंत्री बने लेकिन नौ माह बाद ही उन्हें सत्ता छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। उसके बाद 2026 में संपन्न हुए चुनाव तक नेपाल को अस्थिर और गठबंधन सरकार का बोझ ढोने को मजबूर होना पड़ा। इस दौरान करीब 13 प्रधानमंत्री आए गए लेकिन नेपाल जस का तस रहा। भ्रष्टाचार इस स्तर तक चरम पर पंहुच गया कि सत्ता और विपक्ष के शीर्ष नेताओं तक के हाथ इसमें सने हुए मिले। नेपाली जनता खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगी। भ्रष्ट सरकारों की श्रृंखला में के पी शर्मा ओली अंतिम प्रधानमंत्री साबित हुए जिसे दुनिया ने देखा कि किस तरह जेन जी आंदोलनकारियों ने भारी अपमान के बीच सत्ता छोड़ने को मजबूर किया। इसके अलावा अन्य दूसरी पार्टियों के वरिष्ठ नेता भी किस कदर खेत खेत भागकर अपनी जान बचा पाए,यह भी दुनिया ने देखा। किसी सरकार के प्रति जनता जब गुस्सा करती है तो उसका क्या हश्र होता है, नेपाली जनता ने यह कर दिखाया। बहरहाल उसके बाद नेपाल में अंतरिम सरकार का गठन हुआ फिर छह महीने बाद चुनाव हुआ और इस चुनाव में सर्वथा पहली बार नेपाल को पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब हुई। दरअसल नेपाली जनता को राजशाही से असल मुक्ति अब महसूस हुई, लेकिन अनुभूति होना अभी बाकी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी यानी जिस पार्टी की सरकार सत्तारूढ़ होने जा रही है, उससे जनता को बहुत ज्यादा उम्मीद है। इस उम्मीद पर खरा उतरना यद्यपि कि आसान नहीं है, लेकिन नई सरकार यदि पचास प्रतिशत ही जनता की अपेक्षा पर खरा उतर पाई तो यह बड़ी कामयाबी होगी। नई सरकार का मुखिया बालेन शाह का ही बनना तय है। इस पद को लेकर चल रही कयासबाजी और शंका आशंका सब निर्मूल है। बालेन मंत्रिमंडल में फिलहाल उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामी छाने होंगे। जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग का भी मंत्री बनना तय माना जा रहा है। तराई जो सरकार में अहम भागीदारी से अछूता रह जाता रहा, यहां से भी कम से कम चार मंत्री होंगे। काफी संभावना है भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले से सांसद चुने गए पूर्व पुलिस अधिकारी विक्रम सिंह थापा को बालेन शाह सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय मिल सकता है। विक्रम सिंह थापा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से सांसद चुने गए हैं। बालेन मंत्रिमंडल में क्षेत्र और जाति संतुलन पर विशेष ध्यान होगा। बालेन मंत्रिमंडल में अपेक्षाकृत युवा चेहरे भी होंगे। इसे लेकर पार्टी के भीतर मंथन चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गणेश शंकर विद्यार्थी : वह शहादत जिसने पत्रकारिता को अमर कर दिया



श्वेता गोयल

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महासमर में जहां एक ओर तलवारों की खनक और बंदूकों की गूंज थी, वहीं दूसरी ओर एक ऐसी वैचारिक क्रांति की धारा भी प्रवाहित हो रही थी, जिसने जनमानस के अंतर्मन को झकझोर कर रख दिया था। इस वैचारिक क्रांति के पुरोधाओं में एक ऐसा नाम दैदीप्यमान नक्षत्र की भांति चमकता है, जिसने अपनी लेखनी को ही अपना अस्त्र बनाया और सत्य की बलिवेदी पर स्वयं को न्योछावर कर दिया। वह नाम है गणेश शंकर विद्यार्थी, जो एक संस्था, एक विचार और निर्भीक पत्रकारिता के जीवंत प्रतिमान थे। उनका व्यक्तित्व उस पारस पत्थर के समान था, जिसके स्पर्श से सामान्यजन भी राष्ट्रभक्ति के स्वर्ण में परिवर्तित हो जाते थे। उनकी जीवन यात्रा उस शाश्वत संघर्ष की गाथा है, जहां एक अकेला व्यक्ति अपनी नैतिक शक्ति के बल पर साम्राज्यवादी सत्ता की चूलें हिलाने का साहस रखता था। इलाहाबाद की पावन धरा पर 26 अक्तूबर 1890 को अतरसुइया के एक साधारण कायस्थ परिवार में जब इस बालक का जन्म हुआ तो किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह शिशु भविष्य में भारतीय पत्रकारिता का सूर्य बनेगा। पिता जयनारायण, जो स्वयं एक शिक्षक थे, ने गणेश को अनुशासन और ज्ञान की वह घुट्टी पिलाई, जिसने उनके भीतर सत्य के प्रति अटूट निष्ठा का बीजारोपण किया। यद्यपि उनकी प्रारंभिक शिक्षा उर्दू और अंग्रेजी के वातावरण में हुई किंतु उनके भीतर भारतीयता का जो ज्वार उमड़ रहा था, उसने उन्हें हिंदी साहित्य और राष्ट्रीय चिंतन की ओर मोड़ दिया। उनके भीतर की तड़प केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं थी बल्कि वे समाज की विसंगतियों और पराधीनता की बेड़ियों को देख रहे थे। यही कारण था कि उन्होंने अपने नाम के साथ 'विद्यार्थी' शब्द जोड़ा, जो इस बात का प्रतीक था कि वे जीवन के अंतिम क्षण तक एक जिज्ञासु और सीखने वाले साधक बने रहेंगे।

उनकी पत्रकारिता का अध्याय तब प्रारंभ हुआ, जब देश में स्वाधीनता की चेतना अंगड़ाइयां ले रही थी। 'कर्मयोगी' में पंडित सुंदरलाल के सान्निध्य में उन्होंने शब्दों की शक्ति को पहचाना। बाद में जब उन्हें पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी जैसी महान विभूति ने 'सरस्वती' के संपादन का प्रस्ताव दिया तो यह किसी भी युवा लेखक के लिए एक महान उपलब्धि हो सकती थी किंतु विद्यार्थी जी का लक्ष्य केवल साहित्यिक परिष्कार नहीं था, वे तो उन शोषितों की आवाज बनना चाहते थे, जिनकी पुकार सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचती थी। उन्होंने 'सरस्वती' के वैभव के स्थान पर 'अभ्युदय' के संघर्षपूर्ण मार्ग को चुना। उनका मानना था कि पत्रका. रिता केवल अक्षरों का विन्यास नहीं है बल्कि यह वह मशाल है, जो अंधेरे को चीरने का सामर्थ्य रखती है।



9 नवम्बर 1913 का दिन भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय की भांति अंकित है, जब कानपुर की तंग गलियों से 'प्रताप' का उदय हुआ। यह केवल एक साप्ताहिक पत्र नहीं था बल्कि फिरंगियों के विरुद्ध एक युद्धघोष था। 'प्रताप' के माध्यम से विद्यार्थी जी ने वह कर दिखाया, जो बड़ी-बड़ी सेनाएं नहीं कर पाती थी। उन्होंने किसानों की पीड़ा, मजदूरों का शोषण और रियासतों के अत्याचारों को अपनी स्याही से ऐसा उकेरा कि अंग्रेज सरकार के पसीने छूटने लगे। उनकी लेखनी में वह धार थी, जो सीधे जनमानस के हृदय को बेधती थी। उन्होंने पत्रकारिता को दरबारी संस्कृति से निकालकर गलियों और खेतों तक पहुंचाया। उनके लिए निष्पक्षता का अर्थ तटस्थता नहीं बल्कि सत्य के पक्ष में खड़े होकर अन्याय से लोहा लेना था। अंग्रेजी हुकूमत के लिए विद्यार्थी जी एक कांटा बन चुके थे। उन पर अनगिनत मुकदमे चले, भारी जुर्माना लगाया गया और बार-बार कारावास की कालकोठरी में धकेला गया। पांच बार जेल जाने के बाद भी उनकी चमक फीकी नहीं पड़ी बल्कि वे हर बार और अधिक तपकर कुंदन की तरह बाहर निकले। जेल की यातनाएं उनके संकल्प को नहीं तोड़ सकीं। उन्होंने जेल में रहकर 'जेल जीवन की झलक' जैसी कृतियां रची, जिन्होंने जेल की चारदीवारी के भीतर के सच को दुनिया के सामने रखा। उनकी लेखनी ने स्वाधीनता सेनानियों के भीतर वह ऊर्जा भरी कि 'प्रताप' का कार्यालय क्रांतिकारियों का तीर्थस्थल बन गया। विद्यार्थी जी का राजनीतिक जीवन भी उनके पत्रकारिता के समान ही ओजस्वी था। वे केवल लिखने वाले बौद्धिक नहीं थे बल्कि कर्म के पथ पर चलने वाले योद्धा थे। उनके लिए पद कभी साध्य नहीं रहे, केवल साधन रहे। उनके भीतर एक अद्भुत समन्वय था, वे एक ओर अहिंसा के पुजारी थे तो दूसरी ओर अन्याय के विरुद्ध किसी भी हद तक जाने वाले बागी। गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन का जो पक्ष उन्हें महानता के सर्वोच्च शिखर पर स्थापित करता है, वह है उनकी सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति अटूट आस्था। वे भली-भांति समझते थे कि ब्रिटिश साम्राज्य की नींव 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर टिकी है। उन्होंने अपने लेखों में बार-बार चेतावनी दी कि धर्म का राजनीतिक उपयोग समाज के लिए विष के समान है। वे अक्सर कहा करते थे कि धर्म का स्थान मनुष्य का हृदय है, सड़क या संसद नहीं। मार्च 1931 का वह काला समय आया, जिसने भारत माता के इस सपूत को हमसे छीन लिया। पूरा देश भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की फांसी के शोक में डूबा हुआ था। कानपुर में सांप्रदायिक दंगों की भयावह आग भड़क उठी थी। चारों ओर उन्माद का तांडव था, मानवता कराह रही थी और भाई-भाई का खून बहा रहा था। ऐसे समय में जब लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों में दुबके थे, गणेश शंकर विद्यार्थी नंगे पैर, निहत्थे उस दहकती हुई आग के बीच कूद पड़े। उनके मित्रों और परिजनों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया किंतु उन्होंने उत्तर दिया कि यदि मेरा जीवन भाईयों को बचाने में काम आए तो इससे बड़ी सार्थकता और क्या होगी? वे गलियों में घूम-घूम कर दंगाइयों को समझाते रहे, असहाय महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाते रहे। 25 मार्च 1931 को उस उन्मत्त भीड़ ने, जिसके भीतर से विवेक लुप्त हो चुका था, इस शांतिदूत पर प्रहार किया। विडंबना देखिए, जिस व्यक्ति ने उम्रभर गरीबों और मजलूमों के हक की लड़ाई लड़ी, वही उसी भीड़ की नफरत का शिकार हो गया। उनकी शहादत ने देश को स्तब्ध कर दिया। विद्यार्थी जी का बलिदान केवल एक व्यक्ति का अंत नहीं था बल्कि वह घृणा के विरुद्ध प्रेम की पराकाष्ठा थी। आज के इस दौर में, जब सूचनाओं के महासागर में सत्य कहीं खो गया है और पत्रकारिता के आदर्शों पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



उत्तरी इजरायल। किरयात शमोना में लेबनान से इजरायल की ओर रॉकेट दागे जाने की चेतावनी के बाद हवाई हमले के सायरन बजने पर छिपते इजरायली सुरक्षा जवान।

## ईरानः मोहम्मद बागेर जोल्घाद्र राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के नए प्रमुख नियुक्त

**तेहरान।** ईरान सरकार ने मोहम्मद बागेर जोल्घाद्र को देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नया सचिव नियुक्त किया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'इरना' ने राष्ट्रपति कार्यालय के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। जोल्घाद्र इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त रहे अली लारीजानी का स्थान लेंगे। उल्लेखनीय है कि अली लारीजानी इजरायल के एक हमले में मारे गए थे। उसके बाद से यह पद रिक्त था। जोल्घाद्र की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियां बड़ी हुई हैं। सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ईरान की वह शीर्ष संस्था है जो देश की रक्षा और विदेश नीति से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने में राष्ट्रपति और सर्वोच्च नेता का मार्गदर्शन करती है।

## रूस ईरान को खुफिया जानकारी साझा कर रहा हैः जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि उनके पास 'पुख्ता सबूत' हैं कि रूस ईरान को खुफिया जानकारी उपलब्ध करा रहा है। यह दावा यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी (एचयूआर) के प्रमुख ओलेह इवाशचेंको के साथ बैठक के बाद किया गया, जिसमें ज़ेलेंस्की ने प्रस्तुत मूल्यांकन की समीक्षा की। ज़ेलेंस्की ने टेलीग्राम पर पोस्ट में चर्चा का सार देते हुए कहा कि रूस अपनी रेडियो-तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक खुफिया क्षमताओं का उपयोग कर रहा है, साथ ही मध्य पूर्व के भागीदारों से प्राप्त कुछ खुफिया जानकारी भी साझा कर रहा है। इन आरोपों पर रूस या ईरान की ओर से अभी कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं आई है। ज़ेलेंस्की का बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है।

# परमाणु हथियार रखने का फैसला सही थाः किम जोंग

### ईरान पर हमले ने हमें सच साबित किया, जीत मजबूत ताकत से तय होती है

**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने देश के पास परमाणु हथियार होने को लेकर खुशी जताई है। सरकारी मीडिया के मुताबिक उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमले साबित करते हैं, कि उनके देश का परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था।

किम ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध दिखाता है कि आज की दुनिया में सिर्फ मजबूत सैन्य ताकत ही किसी देश को सुरक्षित रख सकती है। उन्होंने यह बयान सोमवार को संसद में लंबे भाषण के दौरान दिया। अपने भाषण में किम ने दक्षिण कोरिया के प्रति सख्त रुख दोहराया और कहा कि वह अपने देश की परमाणु ताकत को और मजबूत करेंगे, ताकि अमेरिका को रोका जा सके। किम जोंग उन का यह भाषण मंगलवार को लिखित रूप



■ 2019 में ट्रम्प के साथ बातचीत टूटने के बाद परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला उनका सबसे सही कदम था

में जारी हुआ है। इसमें उन्होंने कहा कि 2019 में ट्रम्प के साथ बातचीत टूटने के बाद परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला उनका सबसे सही कदम था। किम ने कहा कि नॉर्थ कोरिया अब अमेरिका के खिलाफ एकजुट मोर्चे में और ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाएगा। हालांकि उन्होंने ट्रम्प का नाम सीधे नहीं लिया, लेकिन यह जरूर कहा कि उनके विरोधी टकराव चाहते हैं या शांति, यह उन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया हर स्थिति के लिए तैयार है। किम ने देश को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाने, ज्यादा परमाणु हथियार और उन्हें ले जाने वाली मिसाइलें बनाने पर जोर दिया। किम ने यह भी कहा कि परमाणु हथियारों की वजह से नॉर्थ कोरिया अब ज्यादा सुरक्षित है और इसी वजह से वह अपने संसाधनों का इस्तेमाल आर्थिक विकास के लिए भी कर पा रहा है। साउथ कोरिया को लेकर उन्होंने कहा कि हम उसे सबसे बड़ा दुश्मन मानेंगे और पूरी तरह नजरअंदाज करेंगे। अगर साउथ कोरिया कोई भी कदम उठाता है जो उनके देश को नुकसान पहुंचाता है, तो उसे कड़ी सजा दी जाएगी। कई दशकों से अमेरिका और उसके सहयोगी देश, प्रतिबंध और बातचीत के जरिए नॉर्थ कोरिया को परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए मनाने की कोशिश करते रहे हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास असफल रहे हैं। व्हाइट हाउस में दोबारा आने के बाद ट्रम्प ने किम से फिर बातचीत करने की इच्छा जताई है। हालांकि, किम का कहना है कि बातचीत तभी हो सकती है, जब अमेरिका आधिकारिक तौर पर नॉर्थ कोरिया को परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दे। नॉर्थ कोरिया लंबे समय से यह कहता रहा है कि अगर लीबिया के मुअम्मर गद्दाफी और इराक के सद्दाम हुसैन के पास परमाणु हथियार होते तो उनका अंत इस तरह नहीं होता।

## संक्षिप्त समाचार

### वियतनाम में एक भोजनालय में आग लगने से दो की मौत

**हनोई।** दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में सोमवार रात एक शाकाहारी भोजनालय में आग लगने से एक महिला और उसके बच्चे की मौत हो गई। वियतनाम न्यूज़ एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब आग लगी तो पीड़ित सो रहे थे। स्थानीय दैनिक वीएन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक एक पड़ोसी ने बताया कि घटना के समय भोजनालय बंद था।

### कोलंबिया में सैन्य विमान दुर्घटना में 66 सैनिकों की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत पुटुमायो में सोमवार को हुए एक सैन्य विमान दुर्घटना में 66 सैनिकों की मौत हो गई। कोलंबिया की सेना ने कहा नए आंकड़ों के मुताबिक विमान में 128 लोग सवार थे, जिनमें से 57 घायल हो गए, चार लापता हैं और एक व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। सेना ने शुरू में कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए परिवहन विमान सी-130 हरक्यूलिस में 114 यात्री और 11 चालक दल के सदस्य सवार थे। इस विमान का इस्तेमाल सैनिकों को लाने-ले जाने के लिए किया जाता था।

### टोंगा तट के पास 7.6 तीव्रता का भूकंपः भूकंप विज्ञानी

**मॉस्को।** यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएसएससी) ने मंगलवार को बताया कि दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश टोंगा के तट के दक्षिण-पश्चिम में 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। भूकंप विज्ञानियों के अनुसार, यह भूकंप 04:37 जीएमटी पर आया, जो शहर नेइफू से लगभग 158 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में था। इसका केंद्र 218 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। फिलहाल इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# तेल अवीव पर ईरानी मिसाइलों की बारिश

### विरोधाभासी बयानों ने पश्चिम एशिया संकट को और जटिल बना दिया

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** ईरान ने मंगलवार तड़के तेल अवीव सहित मध्य इजरायल पर मिसाइलों की कई लहरें दागीं, जिससे व्यापक नुकसान हुआ। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के बीच संभावित वार्ता को लेकर विरोधाभासी बयानों ने पश्चिम एशिया संकट को और जटिल बना दिया है। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, आधी रात के बाद 10 घंटे से भी कम समय में ईरान ने सात चरणों में मिसाइल हमले किए। तेल अवीव सहित कई स्थानों पर हमलों के प्रभाव देखे गए, जहां इमारतों को नुकसान, जलते वाहन और घना धुआं देखा गया।

आपातकालीन टीमें तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। डिमोना क्षेत्र में भी एयर रेड सायरन बजाए गए, जो नेगेव परमाणु अनुसंधान केंद्र के निकट स्थित है, जिससे हमलों के दायरे के विस्तार का संकेत मिला है। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने बताया कि कई स्थानों पर खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया और रातभर मिसाइल हमले जारी रहे। इसके साथ ही इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई तेज करते हुए ईरान में 50 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें मिसाइल लॉन्च साइट और सैन्य अवसंरचना शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक ईरान में 3000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए जा चुके हैं। कूटनीतिक मोर्चे पर ट्रंप ने दावा किया कि सप्ताहांत में हुई बातचीत के बाद अमेरिका और ईरान के बीच 'महत्वपूर्ण बिदुओं पर सहमति' बनी है और ईरानी ऊर्जा संयंत्रों पर प्रस्तावित हमलों को पांच दिन के लिए टाल दिया गया है। उन्होंने '15 बिंदुओं पर सहमति' की बात भी कही और तनाव कम होने के संकेत दिए। ईरान ने कुछ ही समय में इन दावों को तुरंत खारिज करते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन के साथ 'कोई वार्ता' नहीं हुई है, जिससे संभावित समझौते को लेकर संदेह और बढ़ गया है। इन विरोधाभासी बयानों के बीच वैश्विक अनिश्चितता बढ़ गई है, हालांकि ट्रंप के बयान के बाद तेल की कीमतों में कुछ नरमी आई और एशियाई बाजारों में शुरुआती बढ़त दर्ज की गई। इस बीच, मिसाइल हमलों के चलते इजरायल की संसद (नेस्सट) की कार्यवाही भी कुछ समय के लिए रोकनी पड़ी, जिसे बाद में फिर शुरू किया गया। मौजूदा घटनाक्रम को संघर्ष के सबसे तीव्र चरणों में से एक माना जा रहा है, जहां एक ओर सैन्य कार्रवाई जारी है, वहीं कूटनीतिक संकेत अभी भी अस्पष्ट बने हुए हैं।



तेल अवीव सहित कई स्थानों पर हमलों के प्रभाव देखे गए इमारतों को भारी नुकसान

### ईरान में गैस प्लांट और पाइपलाइन पर हमला

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 25वां दिन हैं। ईरान में मंगलावर को कई जगह एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के इस्फहान शहर में गैस प्लांट और गैस कंट्रोल स्टेशन को निशाना बनाया गया। इसके अलावा खोर्रमशहर के पावर प्लांट और उसकी गैस पाइपलाइन पर भी हमला हुआ। वहीं लेबनान में ईरान समर्थक उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने आज इजराइल के 5 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किया। हिजबुल्लाह ने बताया कि उसने इजराइली सैनिकों की एक छावनी, रडार

■ हिजबुल्लाह का 5 इजराइली ठिकानों पर मिसाइल अटैक, जंग में अब तक 2663 मौतें

और तोपखाने को निशाना बनाया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने ईरान के पावर प्लांट पर हमले 5 दिन के लिए टाल दिए, जबकि इससे पहले होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे की चेतावनी दी थी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वॉशिंगटन के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है।

### अमेरिका-इजरायल के अलावा अन्य देशों के जहाजों को निकलने का रास्ता दिया जाएगाः पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका और इज़रायल को छोड़कर अन्य देशों के जहाजों को होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने की अनुमति देने के लिए कई कदम उठाए हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान के कार्यालय ने यह जानकारी दी है। पेज़ेशकियान ने सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ के साथ हुई फोन वार्ता में कहा कि किसी भी सूरत में, ईरान ने इस जलमार्ग से जहाज़ों के पार होने के लिए सुरक्षा एवं रक्षा के इंतजाम किये गये हैं। शत्रु देशों को छोड़कर अन्य देशों के जहाजों को इस रास्ते से गुज़रने के लिए आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई सहित कई लोगों की मौत हुई।

## रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 400 ड्रोन दागे, चार की मौत



**कीव।** रूस ने मंगलवार को यूक्रेन पर बड़ा ड्रोन और मिसाइल हमला किया, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 27 लोग घायल हुए। यूक्रेन की वायुसेना के मुताबिक, रूस ने रातभर में करीब 400 ड्रोन दागे, जो हाल के हफ्तों के सबसे बड़े हमलों में से एक है।

इसके अलावा 23 क्रूज मिसाइल और 7 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी गईं, जिनसे देश के कई इलाकों को निशाना बनाया गया। राजधानी कीव पर दिन में भी ड्रोन हमले हुए। यूक्रेन के सेना प्रमुख ओलेक्सांद्र सिरस्की ने कहा कि रूस कई मोर्चों पर एक साथ हमला कर रहा है और नई सैन्य कार्रवाई की तैयारी में है। करीब 1250 किलोमीटर लंबी सीमा पर लड़ाई जारी है। रूस पहले ही यूक्रेन के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर चुका है, जिसमें क्रीमिया भी शामिल है। वहीं, यूक्रेन भी ड्रोन हमलों से जवाब दे रहा है और अपने सहयोगी देशों से एयर डिफेंस सिस्टम की मांग कर रहा है। अमेरिका के टेक्सास राज्य के पोर्ट आर्थर शहर में स्थित वैलेरो ऑयल रिफाइनरी में सोमवार रात बड़ा धमाका हुआ, जिसके बाद वहां भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। रिपोर्ट के मुताबिक, आसपास के लोगों ने तेज धमाके की आवाज सुनी, जिससे उनके घर हिल गए। इसके बाद इमरजेंसी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। यह रिफाइनरी रोजाना करीब 4.35 लाख बैरल कच्चे तेल को प्रोसेस कर पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल बनाती है। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट एक हीटर में खराबी के कारण हुआ। घटना के बाद शहर के पश्चिमी हिस्से में 'शेल्टर-इन-प्लेस' आदेश जारी किया गया है। लोगों को घरों के अंदर रहने, दरवाजे-खिड़कियां बंद रखने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। हालांकि, अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

## ऑस्ट्रेलिया-ईयू के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता

**कैनबरा/ब्रसेल्स।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) ने लगभग आठ वर्षों की बातचीत के बाद एक 'ऐतिहासिक' मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे दिया है, जिससे दोनों पक्षों के बीच बाजार पहुंच को बढ़ावा मिलेगा, आयात शुल्क में कटौती होगी और आर्थिक संबंध गहरे होंगे।

इस समझौते की घोषणा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने की। सुलेयेन ने इस समझौते को दोनों पक्षों के बीच 'बढ़ते रणनीतिक संबंधों' को मजबूत करने और 'खुले एवं नियम-आधारित व्यापार' को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। समझौते के तहत, ईयू को किया जाने वाला लगभग 98 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई निर्यात शुल्क मुक्त प्रवेश पा सकेगा। इससे ऑस्ट्रेलियाई कृषि, विनिर्माण और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों को काफी बढ़ावा मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई किसानों को वाइन, डेयरी, सीफूड, अनाज, फल और नट्स जैसे उत्पादों पर आयात शुल्क हटने से लाभ होगा, जिसमें अकेले वाइन निर्यातकों को सालाना लगभग '3.7 करोड़ डॉलर' का लाभ होने की उम्मीद है। यह समझौता बीफ, भेड़ के मांस, चीनी और डेयरी जैसे प्रमुख उत्पादों के लिए विस्तारित कोटा के माध्यम से 'सार्थक पहुंच' सुनिश्चित करेगा।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से जल्द से जल्द इराक छोड़ने को कहा

**बगदाद।** इराक में अमेरिकी दूतावास ने एक नया परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से तुरंत इराक छोड़ने का आग्रह किया है। इस परामर्श में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों से बढ़ते खतरों और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए निरंतर जोखिमों का हवाला दिया गया है। एक अद्यतन नोटिस में, दूतावास ने कहा कि ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों ने इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र सहित पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और 'हितों' को निशाना बनाते हुए व्यापक हमले किए हैं। अमेरिका ने 'यात्रा न करने' संबंधी अपनी लेवल चार की चेतावनी को दोहराते हुए सलाह दी है कि किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें। यदि आप वहां हैं तो अभी निकल जाएं।

# पाकिस्तान बना दुनिया का सबसे प्रदूषित देश

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** लोनी को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक होने का तमगा मिला है। एक ताजा रिपोर्ट में पाकिस्तान को 2025 में सबसे ज्यादा प्रदूषित देश बताया गया है।

मंगलवार को स्विस कंपनी **IQAir** की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में पीएम2.5 नाम के पार्टिकुलेट मैटर का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सुझाए गए स्तर से 13 गुना ज्यादा दर्ज किया गया है। ये कण जलने की प्रक्रियाओं, औद्योगिक प्रक्रियाओं और धूल से आते हैं और इनसे सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जिन 143 देशों और क्षेत्रों की निगरानी की गई है उनमें से 130 देश डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा करने में नाकाम रहे। इस सूची में बांग्लादेश दूसरे और ताजिकिस्तान तीसरे स्थान पर रहे। शहरों की बात करें तो 2025 में भारत का लोनी शहर दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा जहां पीएम2.5 का औसत स्तर 11.5 माइक्रोग्राम था। इसके बाद चीन के उत्तर-पश्चिमी शिनजियांग क्षेत्र का होटान शहर रहा जहां यह स्तर 109.6 माइक्रोग्राम था।

### भारत का लोनी सबसे प्रदूषित शहर रहा



### भारत, पाकिस्तान और चीन में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर

इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में से सभी शहर भारत, पाकिस्तान और चीन में ही थे। 2025 में दुनिया के सिर्फ 14 प्रतिशत शहर ही डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा कर पाए जो पिछले साल के 17 प्रतिशत के मुकाबले कम है। इसकी एक वजह कनाडा के जंगलों में लगी आग थी जिससे पूरे अमेरिका और यहां तक कि यूरोप तक में पीएम2.5 का स्तर बढ़ गया था। 2025 में सिर्फ 13 देश ही पीएम2.5 के औसत स्तर को 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से कम रखने के स्टैंडर्ड को पूरा कर पाए जबकि 2024 में ऐसे देशों की संख्या सात थी। जिन देशों ने इस स्टैंडर्ड को पूरा किया उनमें ऑस्ट्रेलिया, आइसलैंड, एस्टोनिया और पनामा शामिल हैं। **IQAir** के मुताबिक 2025 में लगभग 75 देशों में पीएम2.5 का स्तर पिछले साल के मुकाबले कम रहा जबकि 54 देशों में यह स्तर ज्यादा दर्ज किया गया। इस साल का डेटा 2024 के मुकाबले काफी कम है क्योंकि अमेरिका ने बजट की कमी का हवाला देते हुए एक वैश्विक निगरानी कार्यक्रम को बंद कर दिया था।

# कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश, 66 की मौत

### 114 कोलंबियाई सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे, टेकऑफ के बाद 1.5 किमी दूर गिरा

**बोगोटा।** कोलंबिया में सोमवार को एयरफोर्स का हरक्यूलिस सी-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में अब तक 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। जबकि 4 सैनिक अभी भी लापता है।

एक सैन्य सूत्र ने एएफपी को बताया कि 58 सैनिक, छह वायुसेना कर्मी और दो पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। यह हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि विमान रनवे से करीब 1.5 किलोमीटर दूर जाकर गिरा। विमान में 114 सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे। कोलंबिया की सेना ने बताया कि इस हादसे में करीब 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैन्य विमान हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर हादसा है। ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी और जवानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों। पेट्रो ने कहा कि सेना के हथियार और संसाधनों को आधुनिक बनाने का फैसला पहले ही लिया जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक देरी के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नागरिक या सैन्य अधिकारी इस चुनौती के अनुरूप काम नहीं कर पाए, तो उन्हें हटाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि सेना के लिए नए हेलिकॉप्टर, ट्रांसपोर्ट विमान और एंटी-ड्रोन सिस्टम तुरंत खरीदे जाने चाहिए, ताकि जवानों की सुरक्षा तय की जा सके। हादसे के बाद आसपास के गांवों के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंच गए। कई लोग मोटरसाइकिल से घायलों को अस्पताल ले गए और आग बुझाने की कोशिश की। घायलों को पहले छोटे क्लीनिक में भर्ती किया गया, फिर उन्हें बड़े शहरों जैसे बोगोटा के अस्पतालों में एयरलिफ्ट किया गया। रक्षा मंत्री पेद्रो सांचेज ने साफ किया है कि अभी तक किसी आतंकी या हमले के सबूत नहीं मिले हैं। यानी फिलहाल इसे एक हादसा ही माना जा रहा है। हादसे के बाद आग से विमान में मौजूद गोला-बारूद फटने लगा, जिससे हालात और खतरनाक हो गए। एक एविएशन एक्सपर्ट ने बताया कि यह विमान 2020 में अमेरिका ने कोलंबिया को दिया था और कुछ साल पहले इसका पूरा मेंटेनेंस (ओवरहाल) भी किया गया था। इसलिए पहली नजर में ऐसा नहीं लगता कि खराब पार्ट्स की वजह से हादसा हुआ। अब जांच में यह पता लगाया जाएगा कि टेकऑफ के तुरंत बाद विमान के इंजन क्यों फेल हो गए। सी-130 हरक्यूलिस दुनिया के सबसे भरोसेमंद सैन्य परिवहन विमानों में से एक है, जिसका इस्तेमाल सैनिकों, हथियारों और राहत सामग्री को पहुंचाने के लिए किया जाता है।



■ सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों: गुस्तावो

## ईरान के राष्ट्रपति व पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के बीच बातचीत

**नई दिल्ली।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को फोन पर बातचीत पश्चिमी एशिया के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत 23 मार्च को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री/विदेश मंत्री इशाक डार और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद हुई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने नवीनतम क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। उप प्रधानमंत्री/विदेश मंत्री ने क्षेत्र और उससे बाहर शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए संवाद और कूटनीति के महत्व पर जोर दिया। दोनों पक्ष बदलती स्थिति पर निकट संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। मंगलवार को आई खबरों में कहा गया है कि पाकिस्तान खुद को दोनों युद्धरत पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है और इस्लामाबाद में बातचीत की मेजबानी करने का प्रयास कर रहा है, हालांकि इन रिपोर्टों की कोई पुष्टि नहीं हुई है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति पेज़ेशकियन और शहबाज शरीफ ने द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय घटनाक्रमों और अमेरिका तथा इजरायल द्वारा किए गए अवैध हमले के क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की।

